सुप्रभात
रांची, बुधवार
04.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 172



12 राजनाथ ने चीन को ललकारा- युद्ध थोपा गया, तो मुंहतोड़ जवाब मिलेगा

### सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने का राज्यभर में विरोध
# जैन समाज ने निकाली मौन रैली, राज्यपाल से गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जैन समाज ने मंगलवार को राजधानी रांची समेत राज्यभर में में मौन रैली निकाली। रांची में रैली अपर बाजार स्थित जैन मंदिर से जाकिर हुसैन पार्क स्थित राजभवन तक पहुंची। इसके बाद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। पदयात्रा में जैन समाज, मारवाड़ी समाज एवं अन्य संगठनों के बड़ी संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। उनकी मांग है कि सरकार इसको जल्द धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करे। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे। सभी हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे।



**जैन समाज आहत है : राज्यपाल** रमेश बैस को सौंपे में कहा गया है कि जैन धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी मधुबन को पर्यटन स्थल घोषित करने से दुनिया भर का जैन समुदाय आहत है। जैन समाज के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों ने इस पर्वत पर तपस्या की और मोक्ष प्राप्त किया है।

(शेष पेज 11 पर)

## केंद्र का निर्णय है, हमारा नहीं : सीएम हेमंत

रांची। कई दिनों से गिरीडीह स्थित जैन तीर्थक्षेत्र श्रीसम्मदे शिखरजी को पर्यटन क्षेत्र बनाने को लेकर जैन समाज के विरोध-प्रदर्शन और रैलियों के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को इस विषय पर चुप्पी तोड़ी। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि वह इस विषय पर अपनी विशेष बात अभी नहीं रख पायेंगे। भारत सरकार द्वारा गजट प्रकाशित हुआ है, इसपर हमने न तो कोई टीका-टिप्पणी की है और न ही कोई निर्णय लिया है। यह किस संदर्भ में है, इसकी जानकारी लेनी होगी। इसमें कोई चिंता की आवश्यकता नहीं है। राज्य में सभी समाज और धर्मों का सम्मान है। जो भी जैन समाज के सवाल हैं, उन सवालों के क्या हल हो सकते हैं, ये हम देख रहे हैं। इस मुद्दे पर मीडिया ट्रायल का कोई फायदा नहीं है। अभी तक क्या कार्रवाई हुई है, उसे देखने के बाद ही सरकार कोई निर्णय करेगी।

## जैन तीर्थ बचाने को मुनि ने त्यागे प्राण
### 10 दिन से आमरण अनशन पर थे सुज्ञेयसागर महाराज



जयपुर। वहीं झारखंड में जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को टूरिस्ट प्लेस बनाए जाने का विरोध कर रहे जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण त्याग दिए। वे झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ पिछले 10 दिन से आमरण अनशन कर रहे थे। सुज्ञेयसागर 72 साल के थे। सरकार के फैसले के बाद सुज्ञेयसागर सांगानेर में 25 दिसंबर से अनशन कर रहे थे। मंगलवार सुबह उनकी डोल यात्रा सांगानेर संघीजी मंदिर से निकाली गयी। इस दौरान आचार्य सुनील सागर सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे। जैन मुनि को जयपुर के सांगानेर में समाधि दी गयी। पारसनाथ पहाड़ी को टूरिस्ट प्लेस घोषित किया है। इसके खिलाफ देशभर में जैन समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। पारसनाथ पहाड़ी दुनिया भर के जैन धर्म के लोगों में सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखर के तौर पर प्रसिद्ध है।

(शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### शीतलहर का असर बच्चों के स्कूल 8 तक बंद

रांची। झारखंड सरकार ने राज्यभर में चल रही शीतलहर को देखते हुए सभी स्कूलों में कक्षा एक से पांच की कक्षाएं आठ जनवरी तक बंद रखने का फैसला किया है। इसमें सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) तथा निजी स्कूल शामिल हैं। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आदेश पर विभाग ने आदेश जारी किया है। बच्चों का पठन-पाठन नहीं होगा, लेकिन सभी शिक्षक स्कूल आयेंगे। वे स्कूल से संबंधित सभी अभिलेख अपडेट करेंगे तथा आनलाइन डाटा एंट्री करेंगे।

### टी-20 में भारत ने 2 रन से श्रीलंका को हराया

मुंबई। वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया ने रोमांचक मुकाबले में पहले टी-20 में श्रीलंका को 2 रन से हरा दिया। टॉस हार कर पहले खेलते हुए भारत ने श्रीलंका को 163 रनों का लक्ष्य दिया था। निर्धारित ओवर में श्रीलंका की टीम लक्ष्य से दो रन पीछे रह गयी। भारत ने एक समय 94 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। ऐसे समय में दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और टीम इंडिया का सम्मानजनक स्कोर (162/5) तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 160 रन ही बना सकी।

### हेमंत कैबिनेट की बैठक 10 को

रांची। सीएम हेमंत सोरोन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक दस जनवरी को बुलायी गयी है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक 10 को अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

### जयंती पर याद किये गये मरांग गोमके

खूंटी। भारत को ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले हॉकी टीम के कप्तान, संविधान सभा के सदस्य, महान राजनीतिज्ञ, झारखंड राज्य के स्वप्नद्रष्टा, गुलाम भारत के पहले आदिवासी आईसीएस ऑफिसर, आदिवासी जन नायक मरांग गोमके के नाम से प्रसिद्ध जयपाल सिंह की जयंती पर झारखंड ने उन्हें श्रद्धा से याद कर नमन किया। केंद्रीय मंत्री व खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने मरांग गोमके की समाधि स्थल (टकरा गांव) पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### आलिया हत्याकांड की जांच बंगाल पुलिस ने रांची में

रांची। झारखंड की अभिनेत्री ईशा आलिया हत्याकांड की जांच करने के लिए पश्चिम बंगाल की पुलिस रांची पहुंची है। इस दौरान वह कई इलाकों में गयी और लोगों से इस मामले की जानकारी ली।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## इडी ने मांगी पुलिस से सुपरविजन रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यसभा चुनाव 2016 हॉर्स ट्रेडिंग का मामला एक बार फिर से चर्चा में है। मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय(इडी) ने पुलिस से अब तक हुए जांच की पूरी जानकारी मांगी है। इडी ने पत्र भेजकर सुपरविजन रिपोर्ट के साथ-साथ पुलिस की इंटरनल रिपोर्ट की भी मांग की है। इससे पहले इडी ने रांची पुलिस से राज्यसभा चुनाव मामले में की गई एफआईआर की मांग की थी। इडी ने दूसरी बार झारखंड पुलिस को पत्र लिखा है। इस बार जो पत्र लिखा गया है उसमें ईडी ने मामले में सुपरविजन और इंटरनल रिपोर्ट की मांग की है। साथ ही ईडी के द्वारा यह भी पूछा गया है कि क्या केस में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट लगा है। दरअसल, केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आदेश

**राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग मामला**

पर रांची के जगन्नाथपुर थाने में वर्ष 2016 में चुनाव को प्रभावित करने संबंधी एक प्राथमिकी 154-18 दर्ज की गयी थी। मामले की जांच के दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनकी पत्नी तथा तत्कालीन विधायक निर्मला देवी का भी बयान लिया गया था।

निर्मला देवी ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि तत्कालीन सीएम रघुवर दास और उनके सहयोगियों विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता, सीएम के तत्कालीन सलाहकार ने उन्हें एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के एवज में पांच करोड़ रुपये देने की लालच दी थी। साथ ही भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। मतदान के लिए धमकाने से संबंधित एक ऑडियो भी रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद ही इस मामले ने तूल पकड़ा था और प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। रांची के तत्कालीन सिटी एसपी अंशुमन कुमार ने 17 नवंबर 2022 को सौंपी अपनी सुपरविजन रिपोर्ट में जांच को लेकर कुछ बिंदुओं पर टिप्पणी की थी। सिटी एसपी ने कुछ और बिंदुओं पर जांच करने की सलाह दी थी। मसलन विधि-विज्ञान प्रयोगशाला गांधीनगर से प्राप्त जांच रिपोर्ट के बिंदु नंबर 12 और 13 का जिक्र रिपोर्ट में नहीं किया गया है। वहीं फोन पर डिलीटेड डेटा की एक डीवीडी बनाकर सीएफएसएल गांधीनगर से भेजी गयी थी। जांच अधिकारी के द्वारा उसका भी कोई अध्ययन नहीं किया गया। तत्कालीन सिटी एसपी ने इन सभी मामलों पर पूरी जांच करने का निर्देश दिया था।

## पूजा सिंघल को मिली एक माह की अंतरिम जमानत
### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, दिल्ली में ही रहना होगा, रांची नहीं जा सकेंगी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार झारखंड की निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को जस्टिस एसके कौल एवं जस्टिस अभय ओका की बेंच ने उन्हें एक महीने की सशर्त अंतरिम जमानत दी है। सात माह 23 दिन बाद उन्हें जमानत मिली है। पूजा सिंघल की तरफ से बीमार बेटी के देखभाल को आधार बनाया गया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें यह राहत दी। अदालत ने जमानत में यह शर्त रखी गयी है कि उन्हें दिल्ली में ही रहना होगा। इस अवधि में वह रांची नहीं जा सकतीं। पूजा 3 नवंबर को झारखंड हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। गिरफ्तारी के बाद रांची इडी की विशेष कोर्ट ने 3 अगस्त 2022 को पूजा सिंघल की बेल पिटीशन खारिज कर दिया था। इसके बाद पूजा सिंघल ने झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगायी थी। हाइकोर्ट ने भी 3 नवंबर 2022 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मनरेगा घाटाले में 8 मई को ईडी ने पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा से पूछताछ की थी। 10 मई को पूजा सिंघल को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था।



(शेष पेज 11 पर)

## सीएम की खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण 17 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री की खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण 17 से कोडरमा से शुरू होगा। 18 को गिरिडीह, 23 को सिमडेगा, 24 को पश्चिम सिंहभूम, 31 को सरायकेला-खरसावां और 31 को पूर्वी सिंहभूम जिला में कार्यक्रम आयोजित है। खतियानी जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर मंगलवार को हरमू स्थित झामुमो कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय कैंप में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गयी। बैठक में मंत्री जोबा माझी, विधायक दीपक बिरुवा, निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, विधायक सह पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव, सचिव सोनाराम देवगम, सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, सचिव सफीकुल इस्लाम खान समेत कई नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता



विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि झारखंड के आम जन-मानस का झारखंड के युवा सीएम हेमन्त सोरेन के प्रति लगाव और अभूतपूर्व उत्साह के कारण खतियानी जोहार यात्रा का प्रथम चरण ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। मंगलवार को उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा जिला समिति के लोग मौजूद थे। बैठक में पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा जिला के जिला समिति के पदाधिकारियों, केंद्रीय समिति के सदस्यों ने अपनी बात रखी । साथ ही खतियानी जोहार यात्रा के सफलता के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

## भीषण ठंड का कहर 24 घंटे में 3 ने दम तोड़ा

रांची। झारखंड में लगातार बढ़ती ठंड को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। पूरे राज्य शीतलहर कहर बरपा रही है। गिरते तापमान से लोगों की मौत हो रही है। भीषण ठंड से पलामू में 24 घंटे के अंदर तीन लोगों की जान ले ली। घटना को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी चिंतित हैं, उन्होंने प्रशासन से जगह-जगह अलाव जलाने की मांग की है। तीनों बुजुर्गों की ठंड से मौत हुई है, वे बेहद ही गरीब परिवार से हैं। उनके परिवार के कई सदस्य धनकटनी के लिए दूसरे राज्य गये हैं। मृतकों में पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के मेला टांड़ के रहने वाले महावीर मोची (80) रबदा पंचायत के ठेमी के रहने वाले बरतू भुइयां, और पोंची गांव के गउरा के रहने वाले अवधेश यादव शामिल हैं। पलामू का तापमान पिछले चार दिनों से लगातार गिर रहा है।

### अभिव्यक्ति की आजादी पर कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला
# मंत्री के बयान के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं

### बयान में आत्मसंयम बरतें जनप्रतिनिधि

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। साथ ही कहा कि मंत्री स्वयं बयान के लिए उत्तरदायी है। एक मंत्री के बयान को सरकार के लिए वैकल्पिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। मंगलवार को पांच जजों की बेंच ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांतों को लागू करके किसी भी मंत्री, सांसदों और विधायकों के बयान के लिए सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। बदले की भावना से मंत्री के बयान के लिए सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि किसी मंत्री का बयान भले ही राज्य या केंद्र के मामलों के लिए दिया गया हो , लेकिन सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को लागू नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पहले ही संविधान के आर्टिकल 19(2) में जरूरी प्रावधान मौजूद हैं। किसी भी आपत्तिजनक बयान के लिए सरकार नहीं बल्कि मंत्री खुद ही दोषी होंगे।



### दलों को तैयार करनी चाहिए आचार संहिता

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि सार्वजनिक पदाधिकारियों का बड़े पैमाने पर जनता के प्रति कर्तव्य है और उन्हें अपने साथी नागरिकों के लिए स्थापित उदाहरणों के बारे में पता होना चाहिए। बोलने की आजादी के अधिकार के खिलाफ कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। इसके साथ ही न्यायमूर्ति ने कहा कि राजनीतिक पार्टी को भाषण देने के लिए अपने सदस्यों के लिए एक आचार संहिता तैयार करने पर विचार करना चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)




# छठी जेपीएससी : रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों के कैडर आवंटन मामले में अब 11 जनवरी को सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** छठी जेपीएससी में रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों के मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किए जाने से संबंधित चंदन कुमार और गौतम कुमार की अपील याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 11 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कैटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किए जाने को सही ठहराया था।

वहीं प्रार्थी का कहना था कि उनका कैडर आवंटन उन्हीं की रिजर्व कैटेगरी में होना चाहिए था। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रार्थी को बताने को कहा है कि कैसे उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व में किया जाना अनुचित है। जेपीएससी के द्वारा बताया गया की नियम के अनुसार ही उनका कैडर आवंटन अनारक्षित कैटेगरी में किया गया है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल वालों ने पैरवी की।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, सैनिक कल्याण निदेशालय**

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, रॉंची में एक लिपिक–सह–टंकक के लिये आवेदन नियुक्ति हेतु आमंत्रण की सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, रॉंची में एक लिपिक–सह–टंकक के लिये आवेदन नियुक्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र 23 जनवरी 2023 पाँच बजे अपराह्न तक पहुँच जाना चाहिए। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड रॉंची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

स्थान : रॉंची
दिनांक : 02 जनवरी 2023

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–, (सहायक निदेशक)
सैनिक कल्याण निदेशालय, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, रॉंची

PR 286570 Home(22-23)#D



प्रपत्र VII
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या– 1124/भू0अ0, रामगढ़, दिनांक 30/12/2022

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा ब्यांग, थाना नं0 13, राजस्व थाना गोला, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा नया मोड़–चैनपुर–रजरप्पा (MDR-102 पर) पथ के कि0मी0 0.00 से 36.083 का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (पुलों एवं पुलियों का निर्माण कार्य सहित) वर्ष 2016–17 हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोबेश 0.35 एकड़ यानि 0.14164 हेक्टेयर है, और जो मौजा ब्यांग, थाना नं0 13, राजस्व थाना गोला, जिला रामगढ़ में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26 | 02 | रैयती | टांड दो | 0.35 | दशरथ करमाली वगै0 पिता स्व0 कार्तिक करमाली वो सुजीत करमाली वगै0 पिता बाबुलाल करमाली 2) शंकर करमाली वगै0 पिता गोपाल करमाली 3) छत्रु करमाली पिता सुधाकर करमाली वो सिकन्दर करमाली पिता रामा करमाली। | भुखण्ड 01 | नीज | भुखण्ड 640 | भुखण्ड 01 |
| | | | | कुल रकवा | 0.35 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या– 30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़। ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 286599 Land Reforms (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 211/2022-23/RWD/KHUNTI दिनांक :- 02.01.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KHUNTI/ 21/2022-23 | गुटीबाडू प्रकाश होटल से उदयडीह उच्च विद्यालय तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.850 कि0मी0) | 1,57,75,900.00 | एक करोड़ सनतावन लाख पचहत्तर हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 2. | RWD/ KHUNTI/ 22/2022-23 | एप्रोच रोड से आश्रम विद्यालय रनियाँ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.300 कि0मी0) | 1,25,43,400.00 | एक करोड़ पच्चीस लाख तैंतालीस हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 16.01.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 25.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.(क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 30.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8.निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के पक्ष में एवं खूँटी में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR286558 (Rural Work Department)22-23*D



प्रपत्र VII
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार उपायुक्त का कार्यालय, चतरा**
(भू–अर्जन शाखा)
**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांक :– 702/भू0अ0 दिनांक :– 02.01.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना हजारीबाग से बड़कागाँव–टण्डवा–खेलारी–बिजुपाड़ा (S.H-07) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु ग्राम– कल्याणपुर, थाना– टण्डवा, थाना सं0– 85, अंचल– टण्डवा, जिला– चतरा में कुल 0.6400 एकड़ यानि 0.2591 हे0 भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.6400 एकड़ यानि 0.2591 हे0 है और जो ग्राम– कल्याणपुर, थाना– टण्डवा, थाना सं0– 85, अंचल– टण्डवा, जिला– चतरा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | 187 | रैयती | कृषि | 0.2050 | श्री राजु टाना भगत पिता– स्व0 बहादुर टाना भगत, श्री रामेश्वर टाना भगत पिता– स्व0 चन्दा टाना भगत, पोढ़ी देवी पति– स्व0 सूरज टाना भगत, श्री राजकुमार टाना भगत, श्री धरमपाल टाना भगत पिता–सूरज टाना भगत, सहादेव टाना भगत पिता– स्व0 चन्दा टाना भगत | नीज | नीज | जागेश्वर भगत | रास्ता गै0म0 प्लॉट– 185 |
| 2 | 15 | 187 | रैयती | कृषि | 0.2050 | श्री जागेश्वर टाना भगत, श्री संदीप टाना भगत, श्री सिकन्दर टाना भगत पिता– स्व0 जीतु टाना भगत | नीज | नीज | रास्ता प्लॉट 188 बलदेव उरांव | राजु भगत वगैरह |
| 3 | 19 | 188 | रैयती | कृषि | 0.1150 | श्री जयपाल उरांव, श्री कृष्णा उरांव, श्री इन्द्रजीत उरांव पिता– स्व0 बन्दे उरांव, श्री अनुप उरांव पिता– स्व0 बासे उरांव, श्री बालदेव उरांव पिता– स्व0 महतो उरांव, श्री विनोद उरांव, श्री नरेश उरांव, श्री मिन्टु उरांव पिता– स्व0 सुकरा उरांव, श्री भुनेश्वर उरांव पिता– स्व0 भोला उरांव, श्री सुरेश उरांव श्री रूपु उरांव, श्री दीपक उरांव पिता– स्व बलकु उरांव | नीज | नीज | प्लॉट 189 | जागेश्वर भगत |
| 4 | 19 | 188 | रैयती | कृषि | 0.1150 | श्री रामेश्वर उरांव पिता स्व0 चैता उरांव | नीज | नीज | प्लॉट 189 | जागेश्वर भगत |
| | | | | कुल रकवा | 0.6400 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

ग्राम XXX. थाना XXX थाना सं. XXX अंचल XXX जिला XXX . क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX .यानि . XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

उपायुक्त, चतरा।

PR 286523 Land Reforms (22-23)D


## झामुमो ने सम्मेद शिखर जी विवाद के लिए भाजपा को ठहराया दोषी

# सम्मेद शिखर जी की पवित्रता पर हेमंत सरकार संवेदनशील, गजट रद्द करे केंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झामुमो ने सम्मेद शिखर विवाद के लिए भाजपा को दोषी बताया है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि देश का सबसे शांत जैन समुदाय जो उद्वेलित हो रहा है, उसके लिए भाजपा दोषी है। इस मुद्दे पर भाजपा झूठ फरेब की खेती कर रही है। उसने इस राज्य पर कलंक लगाने का काम किया है। राष्ट्रीय फलक पर झारखंड की किरकिरी हो रही है। एक नया परशेप्सन बनाया जा रहा है कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किया है। जबकि सच्चाई इसके उलट है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार गजट प्रकाशित कर सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित करती है। फिर उसी गजट के आधार केंद्र सरकार गजट प्रकाशित करती है। जिस साल और तारीख को गजट प्रकाशित किया जाता है। उस समय झारखंड और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार थी। उन्होंने कई दस्तावेज साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए जो यह बता रहे हैं कि पारसनाथ को पर्यटन स्थल घोषित करने का काम भाजपा की सरकार में हुआ है।

### जैन समुदाय की भावना को लेकर सीएम हेमंत संवेदनशील : सुप्रियो भट्टाचार्य



झामुमो नेता ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन जैन समुदाय की भावना को लेकर संवेदनशील हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो भाजपा की करतूत को दरकिनार करते हुए पारसनाथ की पवित्रता को बनाए रखने का आदेश जारी नहीं करते। उन्होंने पर्यटन सचिव के हस्ताक्षर से जारी 21 दिसंबर 2022 के पत्र का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हमने कदम उठाते हुए पारसनाथ की पवित्रता को बनाए रखने को कहा है। उन्होंने राज्य और देश स्तर पर हो रहे जैन समुदाय के आंदोलन के लिए भाजपा को दोषी करार देते हुए माफी मांगने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस गजट को रद्द कर दे। हमने पारसनाथ की पवित्रता को बरकरार रखने का निर्देश दे दिया है।

### राज्य सरकार ने मरांग गोमके के संघर्ष को दिया सम्मान

## महान विभूतियों के नाम पर शुरू की गयी योजना से संवर रहा किशोरियों और युवाओं का भविष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आंदोलन के सबसे बड़े नेता और भारतीय हॉकी टीम के पहले कप्तान मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम को राज्य सरकार ने सम्मान दिया है। इनके नाम से शुरू की गई योजना किशोरियों और युवाओं का भविष्य संवारने में सहायक हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड की किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं एससी, एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशिय छात्रवृत्ति योजना मिल का पत्थर साबित हो रहा है।

**नौ लाख किशोरियों को लाभ :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से झारखण्ड की नौ लाख किशोरियों को लाभ मिल रहा है। 12 अक्टूबर 2022 को योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने गिरिडीह से किया था। इस दिवस ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का विशेष अभियान की भी शुरूआत हुई थी। एक माह तक आयोजित इस विशेष अभियान में तीन लाख से अधिक किशोरियों को योजना से जोड़ा गया। वहीं, सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पांच लाख 52 हजार से अधिक किशोरियों के खाते में 219 करोड़ की राशि योजना के तहत डीबीटी माध्यम से हस्तांतरित किया। इस योजना से राज्य की नौ लाख किशोरियां लाभान्वित होंगी।

**विदेश में ले रहे हैं उच्च शिक्षा :** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना से गरीब और वंचित वर्ग के युवा आज विदेश में उच्च शिक्षा ले रहें हैं। राज्य सरकार ने ब्रिटिश उच्चायोग के साथ एमओयू कर छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाया है। ऐसा पहली बार होगा जब प्रतिभाशाली गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं को ब्रिटिश उच्चायोग उच्च शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा। मालूम हो कि पारदेशिये छात्रवृत्ति योजना विगत वर्ष से छह युवा विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं जबकि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 20 युवाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। पहले इस योजना का लाभ सिर्फ अनूसूचित जनजाति के दस युवक-युवतियों को प्राप्त हो रहा था लेकिन सीएम के निर्देश पर गत वर्ष योजना का लाभ अनूसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी देने का निर्देश दिया गया है। इसकी संख्या बढ़ा कर अधिकतम 25 किया गया है।

### खबर एक नजर में

### गिरिडीह के पूर्व मेयर सुनील पासवान की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** गिरिडीह के पूर्व मेयर सुनील पासवान की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 9 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। सुनील पासवान की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनील पासवान ने कास्ट स्क्रूटनी कमिटी के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उनके कास्ट सर्टिफिकेट को रद्द कर दिया गया है। बता दें कि कास्ट स्क्रूटनी कमिटी के निर्णय के बाद सुनील पासवान को मेयर के पद से बर्खास्त किया जा चुका है।

### सीएम से मिले जनप्रतिनिधि और अफसर





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, वंदना दादेल, मनीष रंजन, श्री के श्रीनिवासन, अनिल पालटा, अजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। सभी ने मुख्यमंत्री को नये वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, महाधिवक्ता राजीव रंजन, सचिव सुनील कुमार तथा आईजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे ने मुलाकात कर नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी इन्हें अपनी ओर से नववर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दीं।

## सुरेश बैठा बनाम समरी लाल : गवाह नहीं आया तो अब कड़ा रुख अपनायेगा कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन उनकी ओर से कोई गवाह अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए विधायक समरी लाल को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में ऑफिशियल नहीं पहुंचे, तो कोर्ट उनके खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करेगा। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा।

**यह है मामला :** बता दें कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया था। जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

### शीतलहर : सरकारी स्कूल 8 जनवरी तक बंद

> शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर सभी अभिलेख अद्यतन करेंगे

**रांची।** राज्य में चल रही शीतलहरी को देखते हुए सरकारी स्कूलों को 8 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार ने 3 जनवरी को जारी कर दिया। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सचिव ने जारी आदेश में कहा है कि जनवरी, 2023 के प्रथम सप्ताह में शीतलहरी को देखते हुए सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में वर्ग 1 से 5 तक का शैक्षणिक कार्य 8 जनवरी, 2023 तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। 9 जनवरी, 2023 से सामान्य रूप से कक्षा संचालित होगी। सचिव ने आदेश में कहा है कि इस अवधि में शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर सभी अभिलेख अद्यतन करेंगे। ऑनलाईन डाटा इंट्री करेंगे। गरीब बच्चों के खाद्य सुरक्षा के आलोक में कक्षा 1 से 5 के उपस्थित बच्चों को इस अवधि में मध्याह्न भोजन यथावत उपलब्ध कराया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# झारखंड को विरासत में मिला नक्सलवाद, 22 साल में 541 पुलिसकर्मी हुए शहीद, मारे गए 1887 सिविलियन

सत्येन्द्र

**रांची।** वर्ष 2000 में बिहार से अलग होकर झारखंड देश के मानचित्र पर एक अलग राज्य बना। राजनीतिक घटनाक्रम एवं उथल-पुथल के बीच राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनने का गौरव भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी को मिला। भौगोलिक विषमता, खनिज, पहाड़ के अलावा झारखंड को अपने गठन के साथ विरासत में नक्सलवाद भी मिला। वर्ष 2000 में नवगठित राज्य झारखंड के सिर्फ आठ जिले नक्सल प्रभावित थे। मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने कार्यकाल में नक्सलवाद का समूल नष्ट करने का भरपूर प्रयास किया, बावजूद झारखंड में नक्सलवाद का दायरा बढ़ता गया। नतीजा राज्य में नक्सली वारदातें बढ़ीं और इसका सीधा नुकसान झारखंड पुलिस के साथ आमलोगों का उठाना पड़ा। झारखंड राज्य स्थापना के 22 साल में 541 से अधिक जवानों और अधिकारियों ने अपने प्राणों की आहूति दी। विरासत में मिले नक्सलवाद की सबसे बड़ी कीमत झारखंड के आम नागरिकों को चुकानी पड़ी है। 22 साल में 1887 आम नागरिक नक्सल हिंसा में अपनी जान गवां चुके हैं। वहीं इस दौरान नक्सलियों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ में 319 नक्सली भी मारे गये थे। भाकपा माओवादियों के हुए बड़े हमलों में पाकुड़ के एसपी अमरजीत बलिहार, बुंडू, रांची में डीएसपी स्तर के अधिकारी डीएसपी प्रमोद कुमार, पलामू में देवेंद्र राय, चतरा में विनय भारती तक को नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया। झारखंड गठन के कुछ ही दिन पूर्व लोहरदगा एसपी रहे अजय कुमार सिंह भी नक्सली हमले में शहीद हो गए थे।



### 2002 में सबसे ज्यादा 69 पुलिस वाले हुए थे शहीद

झारखंड में साल 2001 में 55 पुलिसकर्मी नक्सलियों के हमले में शहीद हुए थे। वहीं 2002 में 69, 2003 में 20, 2004 में 45, 2005 में 30, 2006 में 45, 2007 में 11, 2008 में 39, 2009 में 64, 2010 में 24, 2011 में 32, 2012 में 26, 2013 में 26, 2014 में 08, 2015 में 04, 2016 में 09, 2017 में 02, 2018 में 09, 2019 में 14, 2020 में 01, 2021 में 05 और साल 2022 के अक्टूबर माह तक 03 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं।

### नक्सल हिंसा में 1887 आम लोग मारे गए

नक्सलवाद का दंश सबसे ज्यादा झारखंड के आम लोगों को भुगतना पड़ा है। 2001 से लेकर 2022 के अक्टूबर महीने तक नक्सली हिंसा में कुल 1887 आम लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। साल 2007 में सबसे ज्यादा 175 लोग नक्सली हिंसा के शिकार हुए थे। आंकड़ों को देखें तो तो 2001 में 107 सिविलियन मारे गए, 2002 में 77, 2003 में 93, 2004 में 106, 2005 में 79, 2006 में 93, 2007 में 175, 2008 में 150, 2009 में 138, 2010 में 135, 2011 में 131, 2012 में 124, 2013 में 126, 2014 में 86, 2015 में 47, 2016 में 61, 2017 में 44, 2018 में 27, 2019 में 30, 2020 में 28, 2021 में 16 और 2022 में अब तक 08 आम नागरिक मारे गए हैं।

### मुठभेड़ में 319 नक्सली भी मारे गए

साल 2001 से लेकर अक्टूबर 2022 तक पुलिस के साथ मुठभेड़ में 319 नक्सली भी मारे गए हैं। साल 2008 में झारखंड में सबसे ज्यादा 46 नक्सली मारे गए थे। झारखंड निर्माण के पहले तीन वर्ष में 2001, 02 और 03 में नक्सलियों को कोई क्षति नहीं हुई लेकिन 2001 से 2003 तक नक्सलियों ने 144 पुलिसवालों को मौत के घाट उतार दिया था लेकिन साल 2004 से झारखंड पुलिस ने अपने अभियान को धार दिया और 2004 में 18 नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया। 2004 से लेकर 2022 तक हर वर्ष पुलिस ने अपने एनकाउंटर में औसतन 07 नक्सली इनकाउंटर में मारे गए। आकड़ों की बात करें तो साल 2004 में 18 नक्सली मारे गए जबकि 2005 ने 05, 2006 में 17, 2007 में 14, 2008 में 46, 2009 में 21, 2010 में 14, 2011 में 18, 2012 में 04, 2013 में 13, 2014 में 10, 2015 में 25, 2016 में 21, 2017 में 12, 2018 में 26, 2019 में 26, 2020 में 14, 2021 में 06, 2022 में अक्टूबर महीने तक 097 नक्सली मारे गए।

**3410 नक्सली हुए गिरफ्तार, 99 बार हुए पुलिस पर हमला :** नक्सलियों ने 2001 से लेकर 2022 तक पुलिस पर 99 बार हमले किए। सबसे ज्यादा 2001, 2003 और 2006 में किया गया। इन वर्षों में एक ही साल में दस बार पुलिस पर सीधे हमला किया गया। इस दौरान झारखंड के विभिन्न थानों में 6265 नक्सली घटनाएं दर्ज की गई थी। वहीं 22 सालों में पुलिस ने 3410 नक्सलियों को गिरफ़्तार कर जेल भेजा। झारखंड पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान से डरकर 313 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर मुख्यधारा में लौटने का काम किया।

**1343 बार हुआ इनकाउंटर :** साल 2001 से लेकर 2022 के अक्टूबर महीने तक पुलिस और नक्सलियों के बीच 1343 बार इनकाउंटर हुआ। पुलिस और नक्सलियों के बीच सबसे ज्यादा 119 बार साल 2009 में इनकाउंटर हुआ था। वहीं अगर इन काउंटर की आंकड़ों की बात करें तो 2001 में 80 बार 2002 में 55, 2003 में 61, 2004 में 65, 2005 में 69, 2006 में 64, 2007 में 60, 2008 में 102, 2009 में 119, 2010 में 70, 2011 में 63, 2012 में 51, 2013 में 68, 2014 में 59, 2015 में 48, 2016 में 63, 2017 में 38, 2018 में 54, 2019 में 38, 2020 में 52, 2021 में 37 , 2022 में अक्टूबर महीने तक 27 बार पुलिस और नक्सली इनकाउंटर हुए।

# शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनना मंगलकारी : विजय गुरुजी

■ बिष्टुपुर राम मंदिर देवी भागवत कथा में गुरूजी ने की बेटी बचाने की अपील
■ शिव पार्वती विवाह महोत्सव की झांकियों ने श्रद्धालुओं को किया आनंदित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीविद्या शक्ति सर्वस्वम, चेन्नई के तत्वाधान में श्रीमाता ललिताम्बिका राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी की अत्यंत महत्ती कृपा से बिष्टुपुर राम मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत, कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन मंगलवार को विजय गुरूजी ने हिमालय को देवी गीता का उपदेश, मां पार्वती का प्राकट्य, शिव पार्वती विवाह महोत्सव कथा का वर्णन प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान शिव पार्वती विवाह महोत्सव की झांकियों ने श्रोताओं को आनंदित किया। बुधवार 4 जनवरी को प्रकृति देवियों के अंश स्वरूपा देवियों का वर्णन होगा। सातवें दिन मंगलवार को भी 37 यजमानों द्वारा श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया गया।



**सत्य और शिव एक है:-** गुरूजी ने शिव पार्वती विवाह महोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए बेटी बचाने की अपील करते हुए कहा कि भगवान शंकर और पार्वती जी के विवाह का प्रसंग बहुत मंगलकारी है। जो इस कथा को सुनता है, उसके मनोरथ पूर्ण होते हैं। सत्य ही शिव है और शिव ही सत्य है। जीवन के अटल सत्य मृत्यु को भगवान शिव ने अंगीकार किया, तभी उन्हें भष्म प्रिय है। यह विधाता का मानव के लिए संदेश भी है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ, ऐसे ही हमारे जीवन में आत्मा का विवाह परमात्मा से होना चाहिए, ताकि हम भी शिव के चरणों में जा सकें और मोक्ष को प्राप्त कर सकें।

**पार्वती ने अपने पिता को उपदेश दिया:-** उन्होंने कहा कि भगवती में पूर्ण निष्ठा तथा तत्परता रखनी चाहिए, ऐसा वेदान्त का स्पष्ट उदघोष हैं। जो मनुष्य किसी भी बहाने सोते, बैठते अथवा चलते समय भगवती का निरन्तर कीर्त्तन करता हैं वह सांसारिक बंधन से मुक्त हो जाता हैं। जब देवी ने हिमालय के यहाँ मैना के गर्भ से जन्म लिया तो हिमालय ने देवी को प्रणाम किया और उनसे ब्रह्मविद्या प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने आगे कहा कि पार्वती ने अपने पिता को उपदेश दिया जो देवी गीता या भगवती गीता कहा जाता है। पार्वती हिमनरेश हिमावन तथा मैनावती की पुत्री हैं, तथा भगवान शंकर की पत्नी हैं। उमा, गौरी भी पार्वती के ही नाम हैं। यह प्रकृति स्वरूपा हैं। पार्वती के जन्म का समाचार सुनकर देवर्षि नारद हिमनरेश के घर आये थे। हिमनरेश के पूछने पर देवर्षि नारद ने पार्वती के विषय में यह बताया कि तुम्हारी कन्या सभी सुलक्षणों से सम्पन्न है तथा इसका विवाह भगवान शंकर से होगा। किन्तु महादेव जी को पति के रूप में प्राप्त करने के लिये तुम्हारी पुत्री को घोर तपस्या करना होगा। पार्वती को भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिये वन में तपस्या करने चली गईं। अनेक वर्षों तक कठोर उपवास करके घोर तपस्या की तत्पश्चात वैरागी भगवान शिव ने उनसे विवाह करना स्वीकार किया।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## एक नजर में

### शाकंभरी माता का नौवां वार्षिक महोत्सव 6 को



**जमशेदपुर।** साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी दादी मंदिर में 06 जनवरी को श्री शाकंभरी माता का नौवां वार्षिक महोत्सव सह मंगलपाठ का भव्य आयोजन होगा। श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा होने वाले इस एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने हेतु संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं। संस्था अध्यक्ष नीतू हरनाथका ने बताया कि पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर मंगलपाठ का कूपन का वितरण किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में कोलकाता के कलाकार देवकी नंदन मालपानी मंगल पाठ का वाचन के साथ भजनों की प्रस्तुति देने आ रहे हैं।

### चोरी गई स्कूटी का 48 घंटे में किया उद्भेदन



**जादूगोड़ा।** यूसील की महिला अधिकारी अपर्णा पांडे की यूसील कॉलोनी जादूगोड़ा की डी टाइप क्वार्टर से चोरी गई स्कूटी का जादूगोड़ा पुलिस ने 48 घंटे में उद्भेदन कर दिया तथा इस मामले में घाटशिला व जादूगोड़ा से दो युवक को हिरासत में लेकर थाना प्रभारी संजीव झा ने घाटशीला जेल भेज दिया। इस सिलसिले में कम्पनी की महिला अधिकारी अपर्णा पांडे ने बीते 31 दिसंबर को स्कूटी चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद जादूगोड़ा थाना प्रभारी संजीव झा ने थाना कांड संख्या 84/22, दिनांक 31.12.2022, धारा 379 भादवि में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान तेज की। तकनीकी सेल की मदद से अप्राअभि समीर मुखी उम्र करीब 23 वर्ष पिता विशु मुखी पता सीताडांगा पो-राखा कॉपर थाना जादूगोड़ा 2 अमन मुखी उम्र करीब 23 वर्ष पिता स्व हीरालाल मुखी, पता- ग्राम मनोहर कॉलोनी थाना घाटशिला जिला पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। उल्लेखनीय है कि इस कांड मे चोरी गयी स्कूटी को अप्रा अभियुक्त समीर मुखी के निशानदेही के आधार पर अप्राअभि अमन मुखी के घर से बरामद किया गया है।

### हृदय गति रुकने से युवक की मौत, शोक



**मेदिनीनगर।** पलामू फोटो एसोसिएशन के संरक्षक सह थाना रोड स्थित पलामू कलर लैब के प्रोपराइटर विजय कुमार कश्यप के बड़े बेटे राजीव कुमार कश्यप की हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन सोमवार को रांची में हो गया। वह उम्र 39 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। राजीव के निधन पर शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारियों, समाजसेवी ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। इस दौरान पलामू फोटो एसोसिएशन के सदस्य शामिल थे।

### टीम सूर्या पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हुई



**हुसैनाबाद पलामू।** टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया। टीम सूर्या बड़ेपुर बनाम टीम सुर्या दरूवा बेनी के बीच मैच खेला गया। टूनामेंट का उदघाटन हुसैनाबाद के कपूरी मैदान में विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह ने गत माह किया था। मंगलवार को बाड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में खेले गए मैच में दरुआ बेनी की टीम ने बाड़ेपुर को 144 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में बाड़ेपुर की टीम सिर्फ 87 रन ही बना पाई। दरुआ बेनी ने बाड़ेपुर को 57 रन से पराजित कर दिया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब दरुआ बेनी टीम के विक्की को मिला। इन्होंने 9 छक्का की मदद से अपनी टीम को 61 रन दिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जाएगा। 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग इलाकों में किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने आम लोगों को भी आगे आना चाहिए। बुधवार को सुबह 11 बजे से जपला-हैदरनगर मुख्य पथ स्थित सिमरसोत मैदान में मैच खेला जायेगा। मौके पर मुखिया जोगेंद्र सिंह, एनसीपी नेता नीतू सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, ओमप्रकाश राजवंशी, राजेंद्र सिंह, विनय पासवान,गोरख पासवान, प्रिंस शर्मा, अभिषेक सिंह हरी,राजन सिंह, अमित पाठक, गुडु सिंह, बबल सिंह,शिवम सिंह, अक्षय सिंह, हंसराज सिंह, चंचल सिंह, मुकेश सिंह, बबलू सिंह उपस्थित थे।

### ईप्टा ने सफदर हासमी और राम बहादुर की याद में किया नुक्कड़



फोटो 03 डाल 08

**मेदिनीनगर।** आओ कि कोई ख्वाब बुने कल के वास्ते आह्वान के साथ इप्टा के कलाकारों ने राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रचार प्रसार करते हुए सफदर हाशमी और राम बहादुर की शहादत समारोह की दूसरी कड़ी में नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रेडमा चौक और कचहरी परिसर में किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोकप्रिय गीतकार शैलेंद्र द्वारा लिखित गीत झूठ से टक्कर लेने को सच्चाई जोश में आई है सहित अन्य जनवादी गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव एवं माले के वरिष्ठ नेता बीएन सिंह ने सफदर हाशमी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज धर्म के नाम पर हिंसा की राजनीति करने वाले के विरुद्ध एकजुटता की जरूरत है। इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने प्रेम प्रकाश द्वारा रचित व निर्देशत नाटक सफदर की प्रस्तुति की। नाटक के माध्यम से सफदर हाशमी की संरचनात्मक एवं सृजनात्मक क्षमता के साथ उनकी प्रतिबद्धता को संप्रेषित किया गया। नाटक की शुरूआत मुकीम शाद द्वारा लिखित गजल की पंक्तियों -वक्त की तलवार सफदर हाशमी/आंधियों की वार सफदर हाशमी/जिसने दी फिरकापरस्ती को लगाम/वह शहीदेदार सफदर हाशमी ₹ से होती है। नाटक में सफदर हाशमी द्वारा लिखित नाटक महंगाई की मार, राजा का बाजा, हत्यारे के अंश को शामिल किया गया है। साथ ही सफदर सुंदर दुनिया के निर्माण के लिए शिक्षा के महत्व को बताते हुए एक गीत लिखा था पढ़ना लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालों, उस गीत को भी नाटक में शामिल किया गया है। नाटक के माध्यम से यह भी प्रस्तुत किया गया कि सफदर हाशमी ने 40 वर्ष पहले जिन सवालों को उठाया था वह आज भी जिंदा है। नाटक में प्रेम प्रकाश, रविशंकर, अजीत कुमार, शशि पांडे, भोला कुमार, घनश्याम कुमार, संजीव कुमार संजू ने सराहनीय भूमिका अदा की। संगीत में साथ दे रहे थे धीरेंद्र कुमार।

## स्पीड न्यूज



### कांग्रेस ओबीसी नगर मोर्चा ने बांटे कंबल

**जमशेदपुर।** कड़ाके की बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को कांग्रेस ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में साकची बसंत सिनेमा चौक और आम बगान मैदान के पास फुटपाथ पर रहनेवाले जरूरतमंदों के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजु, जफर अहमद, रवि रंजन कुमार, मोहम्मद अनवर, गोलमुरी प्रखंड अध्यक्ष सोनू उपस्थित थे।

### सोनारी में सात को श्री अग्रसेन का मंगल पाठ

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भयली महिला मंडल जमशेदपुर द्वारा आगामी 07 जनवरी शनिवार को सोनारी राजस्थान भवन (एरोड्रम के पास) में भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज का मंगल पाठ का आयोजन किया जा रहा हैं। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष कविता अग्रवाल एवं सचिव रंजना केडिया ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोपहर में तीन बजे से श्री अग्रसेन जी महाराज का मंगल पाठ का शुभारंभ होगा। स्थानीय भजन एवं पाठ गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना पाठ का वाचन करेंगें।

### बेरोजगार विस्थापित संगठन का पुनर्गठन

**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल डैम के पास रिसोर्ट में बेरोजगार युवा विस्थापित संगठन मंगल मांझी के अध्यक्षता में बैठक कर पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जगदीश सिंह सरदार को अध्यक्ष, बिनय मुर्मू को सचिव, मृत्युंजय रोहिदास को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार, रविंद्र सिंह सरदार, मंगल मांझी, दिनोबंधु महतो, पशुपति सिंह उपस्थित थे।

### पांच अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार उत्पाद विभाग की कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त किया गया वहीं 5 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। सहायक आयुक्त उत्पाद ने बताया कि संध्याकालीन छापामारी सह गश्ती के क्रम में परसुडीह थाना अंतर्गत करनडीह चौक से अवैध विदेशी शराब से अवैध शराब परिवहन करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य छापामारी में जुगसलाई रेलवे अंडरपास तथा जुगसलाई से एक वाहन से परिवहन किये जा रहे अवैध बिदेशी शराब जब्त किया गया एवं बागबेड़ा थाना अंतर्गत सीपी टोला से अवैध महुआ चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं इंटर स्टेट परिवहन पर काफी सख्ती है।

## गृहमंत्री अमित शाह के कोल्हान दौरे को लेकर भाजपा रेस

# दीपक प्रकाश ने पोटका विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बनायी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सात जनवरी को चाईबासा आ रहे हैं जहां वे भाजपा कार्यकर्ताओं की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर एक ओर जहां कार्यकताओं में उत्साह हैं। वहीं दूसरी ओर, चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की सफलता के निमित्त भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पोटका विधानसभा के कार्यकताओं के संग बैठक की। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार के संग पोटका, कोवाली, आसनबनी, सुंदरनगर, बागबेड़ा एवं घाघीडीह मंडल के अध्यक्षगण व कार्यकर्ता मौजूद थे।





बैठक में उपस्थित कार्यकर्तागण और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश। मंचस्थ हैं जटाशंकर पांडेय व अनिल मोदी।

पूर्व विधायक मेनका सरदार के हाता स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जनसभा में पोटका विधानसभा के अधिक से अधिक कार्यकताओं की उपस्थिति के मद्देनजर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से जनसभा में सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि कोल्हान एवं भाजपा कार्यकताओं का सौभाग्य है कि अमित शाह वर्ष के प्रारंभ में चाईबासा आ रहे हैं। जहां बूथ कार्यकताओं को उनका मार्गदर्शन मिलेगा। कहा कि संपर्क और संवाद के जरिए संगठन को मजबूत करने का कार्य करना है। कार्यकर्ता संगठन की मोचाबंदी को मजबूत रखें और अपनी सकारात्मक कार्य पद्धति से संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को लेकर कमर कस लेने और छह मंडलों के विभिन्न पंचायतों से जनसभा में पहुंचने का आह्वान किया। इससे पहले, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं संग हाता चौक पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि सात जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह का बहुत ही अहम दौरा कोल्हान की धरती पर प्रस्तावित है। जिसमें पोटका विधानसभा के प्रत्येक कार्यकताओं की उपस्थिति पूर्ण रूप से अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही राज्य का सर्वांगीण विकास कर सकती है।

### चाचा मोबाइल में बिजी, मंत्री भतीजा खुद में...



मंत्री बन्ना गुप्ता और सरयू राय में तनातनी कोई नई बात नहीं है। बन्ना गुप्ता के महत्वाकांक्षी मानगो फ्लाई ओवर प्रोजेक्ट को लेकर उनके चचा (बन्ना गुप्ता श्री राय को चचा कहते हैं) सह विधायक सरयू राय चिकोटी काटते रहते हैं और प्रोजेक्ट की खामियों को लेकर लेटर बम फोड़ते रहते हैं। मंगलवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वनभोज में मंत्री बन्ना गुप्ता पूरे उत्साह से भाग लेने पहुंचे। मेजबान एवं चैंबर अध्यक्ष विजय मूनका ने मंत्री जी को शुद्ध राजस्थानी भोजन करवाया। मंत्री भोजन कर ही रहे थे कि चैंबर के पूर्व अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया विधायक सरयू राय की गर्मजोशी से आगवानी करते हुए मंत्री जी के सामने ला बैठाये। बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय को देखते ही अभिवादन किया। मंत्री जी धीरे-धीरे खाते रहे और सरयू राय मोबाइल में मैसेज चेक करते रहे। करीब आधा घंटे तक दोनों नेता आमने-सामने रहे किंतु दोनों आमने-सामने ताकने से भी परहेज करते रहे। फिर धीरे से मंत्री जी वहां से निकल गये।

# डुमरिया सीओ रामनरेश सोनी को नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई

›› दो वर्षीय पुत्र ने दी मुखाग्नि
भावुक हो उठे तमाम लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर/मुसाबनी।** डुमरिया के अंचलाधिकारी स्व. श्री रामनरेश सोनी का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलिन हो गया । अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़ में हर आंख नम थी। सुबह करीब 11:30 बजे मुसाबनी स्थित आई.सी.सी फ्लैट परिसर में पार्थिव शरीर पहुंचने से पहले उनका अंतिम दर्शन करने सैंकड़ों की भीड़ जमा थी, अकस्मात निधन पर सभी स्तब्ध थे। सीओ के रूप में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, सौम्य स्वभाव, मृदु भाषी व्यक्तित्व की चर्चा हर जुबां पर थी। आईसीसी प्लैट परिसर में अंतिम दर्शन के दौरान स्वजनों की चीत्कार से पूरा वातावरण गमगीन रहा। उनकी पत्नी, बच्चों, भाई व अन्य स्वजनों के क्रंदन से सभी की आंखे नम हो गई। जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कर्मचारी अंतिम दर्शन करने आवास पर पहुंचे। पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ मऊभंडार स्थित मुक्ति धाम लाया गया।

### चैंबर की पिकनिक में परिजनों ने खूब की मस्ती



सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पिकनिक आज होटल वेब इंटरनेशनल में आयोजित की जिसमें चैम्बर पदाधिकारियों और सदस्यों ने परिवार के साथ भाग लिया। चैम्बर सदस्यों के परिवार ने इस अवसर पर जम कर विभिन्न मनोरंजक इवेंट में भाग लेकर मस्ती की। मेजबान थे चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और उनकी टीम। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, पूर्व अध्यक्ष निर्मल काबरा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश सोंथालिया, सरायकेला के एडीएम सुबोध कुमार, समाजसेवी अरुण बांकरेवाल, पीएल गौतम, उमेश शाह आदि विशेष रुप से उपस्थित थे।

# फ्लावर शो के औवर ऑल चैंपियन बने एक्सएलआरआई और सैजर

खबर मन्त्र ब्यूरो

■ गोपाल मैदान में चार दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का हुआ समापन, टीवी नरेंद्रन ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

**जमशेदपुर।** शहर में पिछले चार दिनों से चल रही वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का गत सोमवार को समापन हो गया। बिष्टूपुर स्थित गोपाल मैदान में आयोजित इस पुष्प प्रदर्शनी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुष्प प्रदर्शनी अब शहर का मुख्य इवेंट बन गया है। यह ऐसा इवेंट है जिसके जरिये हमलोग नये साल का स्वागत करते हैं तो वर्तमान वर्ष को विदाई देते हैं। उन्होंने जमशेदपुर हॉर्टीकल्चर सोसाइटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के कारण लोगों में फूलों के प्रति प्रेम पनपा है। उन्होंने कहा



कि जैव विविधता के क्षेत्र में पार्कों आदि का काफी महत्व है। विश्व जैव विविधता पर काम कर रहा है जबकि टाटा स्टील वर्षों पहले से इसपर काम कर रही है। मंच संचालन टाटा स्टील यूआइएसएल की प्रवक्ता सुकन्या दास ने किया।

# आई केयर में डीएनबी कोर्स शुरू करेगा जमशेदपुर आई हॉस्पिटल : रुचि

■ जमशेदपुर आई हॉस्पिटल ने नववर्ष पर अपने पहले सैटेलाइट मोबाइल आई क्लिनिक लांच किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर आई हॉस्पिटल (जेईएच) ने गत सोमवार को अपने बड़े सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अपने पहले ' वैन पर बने सैटेलाइट मोबाइल आई क्लिनिक' के उद्घाटन के साथ नए साल 2023 की शुरूआत की, ताकि स्थानीय आबादी के बीच टालने योग्य दृष्टिहीनता के मामलों को खत्म किया जा सके।

जेईएच बाइनोक्स सॉल्यूशन के सहयोग से अपना नया सॉफ्टवेयर आधारित 'लेजी आई थेरेपी' भी शुरू करेगा, जिसमें वयस्क एम्ब्लियोपिया के चुनिंदा मामलों का इलाज छह सप्ताह के सॉफ्टवेयर आधारित वीडियो गेमिंग प्रोग्राम द्वारा किया जाएगा, यह एक ऐसी स्थिति है जो एक या दोनों आंखों में साफ दिखाई नहीं के कारण हो सकती है।

नए कार्यक्रमों और सुविधाओं का उद्घाटन आज जेईएच परिसर में एक विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में अस्पताल के अधिकारियों, रोटरी क्लब के प्रमुख सदस्यों और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) और टाटा स्टील के अधिकारियों ने शिरकत की। नया ' वैन पर बना सैटेलाइट मोबाइल आई क्लिनिक' रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर और टीएसएफ के सहयोग से शुरू किया जा रहा है।



नवर्ष पर केक काटती मुख्य अतिथि रुचि नरेंद्रन, मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय व अन्य।

समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने कहा, "जेईएच पिछले छह दशकों से अधिक समय से जमशेदपुर क्षेत्र में सबसे बेहतर नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने में सबसे आगे रहा है। सभी के लिए अत्यधिक करुणा, गुणवत्ता और सामर्थ्य के साथ व्यापक नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने के मिशन के साथ शुरू हुआ यह अस्पताल, आज भारत के स्टील सिटी में और उसके आसपास एक पूर्ण विकसित सुपर-स्पेशलिस्ट नेत्र अस्पताल के रूप में सेवा दे रहा है। इतने वर्षों में, हमने स्थानीय समुदाय में सभी परिहार्य दृष्टिहीनता को खत्म करने के लिए बेहतरीन आई केयर इंफ्रास्ट्रक्चर, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स में निवेश किया है। हम नए साल की शुरूआत कई नई सेवाओं के साथ कर रहे हैं जिनकी सहायता से हम अधिक लोगों तक पहुंचने की उम्मीद करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 को



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड पंचायत मंझौली के ग्राम खैरा स्कूल परिसर में 26 जनवरी को सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में दुगोला संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दुगोला कार्यक्रम में अखिलेश यादव एवं देवलाल पंडित शामिल होंगे। मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे। संस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन समिति के अध्यक्ष रामदास यादव, सचिव पुटूलाल भारती, कोषाध्यक्ष चुलेश्वर यादव ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

### जेजेएमपी सदस्य गिरफ्तार, भेजा जेल



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद पुलिस ने मंगलवार को जेजेएमपी के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना कि हैदनगर थाना क्षेत्र के सरहुडीह दिनेश विश्कर्मा की पुलिस को पहले से तलाश थी। हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि जानकारी मिली थी जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य व हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 241/21 का फरार अभियुक्त औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में दिखा है। सूचना टंडवा थाना को दी गयी। टंडवा थाना व हुसैनाबाद पुलिस एसएसबी के सहयोग से उसे टंडवा नबीनगर क्षेत्र से पकड़ा गया है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 10 को



**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन जिप सदस्य अध्यक्ष संगीता देवी, पंसस मनबर्ती देवी, मुखिया कमल कुमार पासवान, हुसैनाबाद के भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन रामेश्वर राम व अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने किया। मैच हुसैनाबाद के ग्राम कचरा बनाम भभुआ मोहनिया बिहार टीम के बीच खेला गया, जिसमें भभुआ मोहनिया टीम तीन गोल से मैच को जीत लिया। मौके पर पूर्व मुखिया जितेंद्र कुमार,खेल समिति के अध्यक्ष विकास कुमार,सचिव अजय कुमार आदि थे। फाइनल 10 को होगा।

### कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज 15 को



**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज – भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मलय डैम के मैदान परिसर मुरमा में 15 जनवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा की अध्यक्षता में मलय डैम के शिव मंदिर परिसर के समीप बैठक हुई। बैठक के बाद विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने बताया कि विधायक आलोक कुमार चौरसिया के स्व पिता अनिल कुमार चौरसिया के राजनीतिक काल के दौरान कई वर्षों से मलय डैम परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज होते आ रहा है। उसी परंपरा के अनुसार आगामी 15 जनवरी को वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, विधायक पुष्पा देवी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अलावा भाजपा से जुड़े कई वरीय नेता-कार्यकर्ता रहेंगे।

### बिश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति की बैठक

रवींद्र उपाध्याय प्रधान संरक्षक व पंकज कुमार लाल बने अध्यक्ष



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति की एक अहम बैठक मंगलवार को स्थानीय डाक बंगला परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व संचालन गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने किया। बैठक में दुकानदारों की सुरक्षा और एकजुटता पर बल दिया गया। इसके अलावा बाजार सुरक्षा समिति को सर्वसम्मति से पुनर्गठित किया गया। पुनर्गठित कमेटी का अध्यक्ष पंकज कुमार लाल को बनाया गया। वहीं रवींद्र नाथ उपाध्याय को कमेटी का प्रधान संरक्षक चुना गया। जबकि संजय पांडेय व लक्ष्मण साव को संरक्षक, संजय प्रसाद साह व अमितेशवर दयाल को उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता व विजय राम को महासचिव, धर्मराज गुप्ता को कोषाध्यक्ष, मशीर खलीफा व प्रभु गुप्ता को सचिव, अमित कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### कॉलेज कर्मियों ने किया शोक व्यक्त



**छतरपुर पलामू।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा छत्तरपुर के सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का निधन हृदयाघात के कारण रांची में 25 दिसंबर को हो गया था। कॉलेज के खुलने पर डिग्री एवं इंटर कॉलेज के कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण करके उनके चित्रपर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का निधन छतरपुर अनुमंडल ही नहीं बल्कि पलामू जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। इसकी भरपाई भविष्य में संभव नहीं है। शोक सभा में इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य स्वास्ति कुमारी, विकास अग्रवाल, सुजीत कुमार बनपर, अर्चना कुमारी, निरंजन सिह, रेखा अग्रवाल, प्रमोद ठाकुर, रामबिलास यादव सहित कॉलेज के कर्मचारी शामिल थे। वही डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार सहित कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल थे।

### 40 मृतकों के नाम अनाज उठा रहा था डीलर

शिकायत मिलने पर उपायुक्त ने करवाई जांच

गड़बड़ी करने वाले राशन डीलरों पर उपायुक्त की कार्रवाई जारी

राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** अनियमितता एवं राशन गबन करने वाले राशन डीलरों पर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे का कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को पांकी के सुड़ी पंचायत के राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिनों पूर्व सुड़ी के ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिलकर राशन डीलर अनिल कुमार यादव पर 40 मृतकों के नाम पर सैकड़ों क्विंटल सरकारी अनाज हड़पने को लेकर शिकायत की थी जिसके आलोक में उपायुक्त ने टीम गठित कर पूरे मामले की जांच करवायी। जांच के क्रम में डीलर अनिल कुमार यादव के विरुद्ध शिकायत सही पाया गया जिसके पश्चात उपायुक्त ने पांकी के सीओ को उक्त राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर निर्देशित किया था।

# वर्ग 1 से 5 तक के शैक्षणिक कार्य 8 जनवरी तक स्थगित

■ बढ़ती ठंड के मद्देनजर सरकारी व निजी विद्यालयों को लेकर निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य एवं जिले में पिछले कुछ दिनों से ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। जिले में बढ़ती ठंड के मद्देनजर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों में वर्ग 1 से 5 तक के शैक्षणिक कार्यों को 8 जनवरी 2023 तक बंद रखने का आदेश दिया है। इसके बाद 9 जनवरी से सामान्य रूप से कक्षा संचालित की जायेगी। इस अवधि में शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर सभी अभिलेख अद्यतन करेंगे एवं ऑनलाइन डाटा एंट्री करेंगे। गरीब बच्चों के खाद्य सुरक्षा के आलोक में कक्षा 1 से 5 के उपस्थित बच्चों को



इस अवधि में मध्यान भोजन यथावत उपलब्ध कराया जायेगा। बताते चलें कि जिले में बढ़ती ठंड व शीतलहरी के कारण कई बच्चों के अभिभावक व अभिभावक संघ के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से बच्चों के हित में विद्यालय बंद करने को लेकर अनुरोध किया था।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन से की थी स्कूल बंद कराने की मांग



**सतबरवा पलामू।** पलामू जिले में पड़ रहे कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने झारखंड सरकार व उपायुक्त पलामू से आग्रह करते हुए गरीब असहाय परिवार के बच्चों के स्थिति को देखते हुए अविलंब कक्षा एक से आठ तक छुट्टी करने की मांग किया है। साथ ही चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की भी मांग किया है।श्री सिन्हा ने कहा कि विगत दो-तीन दिनों से सतबरवा सहित पलामू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गरीब असहाय परिवार के बच्चों के पास गरम कपड़ा का अभाव है।

# पलामू में ठंड ने मचाया तांडव 36 घंटों से नहीं निकली धूप

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले में नये वर्ष के साथ बढ़ती ठंड और ठिठुरण से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं 36 घंटों से धूप नहीं निकलने से लोग दिन में अलाव की सहारा लेते हुए नजर आए। वही सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हैं सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्कूल में आने और जाने दोनो समय मे ठंड ज्यादा है। हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के तीनों प्रखण्डों शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में ठंड लगने की आशंका बढ़ गयी हैं। आपको बता दें की ठंड से लोगों में ब्लडप्रेशर और अन्य कई जनलेवा बीमारी की ताकत बढ़ जाती हैं जिससे ज्यादा खतरा बुजुर्गों और बच्चों के बीच होती हैं। वहीं अभिभावकों का भी कहना है जिला प्रशासन ठंड में स्कूल का समय को परिवर्तित करें या फिर शीतलहरी जबतक हैं नर्सरी से 8 तक के बच्चों को स्कूल में अवकाश करना चाहिए। ताकि बच्चों को ठंड से बचाया जा सके। बच्चों के अभिभावको की चिंता बढ़ गयी है कि वे अपने बच्चों को ठंड में स्कूल कैसे भेजें।



**ठंड ने लोगों को घरों में रहने को किया मजबूर : सतबरवा।** कड़ाके की ठंड ने प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ठंड के कारण लोग घरों में ठिठुरे हुए हैं। कड़ाके की ठंड तथा गर्म कपड़े कम होने के कारण प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव में तीन बुजुर्गों की मौत मंगलवार को हो गई। जिसमें सतबरवा मेलाटांड़ निवासी बुजुर्ग महावीर मोची उम्र लगभग (80 वर्ष), रब दा पंचायत के ठेमी गांव के बरतू भुइयां (60) तथा पोंची के गउरा गांव निवासी अवधेश यादव की मां (70) की मौत हो गई।

# मां की प्रेरणा से करायी दो महिला कॉलेज की स्थापना: रामचंद्र चंद्रवंशी

➲ लक्ष्मी चंद्रवंशी की आठवीं पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की मां लक्ष्मी चंद्रवंशी की आठवी पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर रेहला लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्याल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व संचालन प्रचार्या नूतन रानी ने किया। कॉलेज परिसर में स्थापित लक्ष्मी चंद्रवंशी के आदमकद प्रतिमा पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मेरी माँ हमेशा शिक्ष के प्रति उत्प्रेरित करते रहती थी। उसका कहना था कि बालिका शिक्षा से ही समाज मे इंकलाबी बदलाव आयेगा। अपनी मां से मिली प्रेरणा से ही दो महिला महाविद्यालय की स्थापना उन्ही के नाम से की। वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने कहा कि मां का सपना पूरा कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि दी जा रही है। पुण्यतिथि के मौके पर पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक व उपस्थित अन्य।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, तेतरी चंद्रवंशी, मंजू चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, अनुराग चंद्रवंशी, मनीषा चंद्रवंशी, पुष्पा देवी,डॉ बी पी शुक्ला, शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह, विवेक, कुमार चंद्रवंशी, आदित्य चंद्रवंशी, तासु रानी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, रविंद्र नाथ उपाध्याय, बशिष्ठ दीक्षित, नीलम केशरी, नंदकुमार पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, रमेश राम, रजनीश कुमार, प्रमोद दीक्षित, आशुतोष कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, राहुल तिवारी, रामप्रवेश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, शीघ्र समाधान का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे 25 से अधिक लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन, जमीन मापी, जबरदस्ती जमीन कब्जा, भुगतान, राशन नहीं मिलने, माइंस बंद करने, डीप बोर व जमीन को सरकारी अतिक्रमणमुक्त करवाने से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुई।



जनता दरबार में लोगों की फरियाद सुनते पलामू उपायुक्त ए दोड्डे।

**खास बातें :** पाटन के उताकी में संचालित सतीश तिवारी का स्टोन माइंस कैंसिल करने को लेकर आवेदन दिया। जिसमें स्थानीय 50 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर उक्त स्टोन माइंस को बंद करने की मांग की। आवेदन के अनुसार उक्त माइंस करने को लेकर भी कारण दर्शाया गया है बावजूद माइंस चल रहा है। विश्रामपुर अंचल के तोलरा की श्यामा देवी ने बताया कि उनके पड़ोसी मुखदेव तिवारी ने उनके हिस्से की जमीन पर जबरदस्ती घर बना लिया है। इसे लेकर वो सीओ, थाना प्रभारी व एसडीओ के पास कई बार गयी एवं उक्त जमीन पर धारा 144, 145, 146, 188 सब हुआ। बावजूद पड़ोसी ने जबरदस्ती घर बनाना जारी रखा। उनके पति मातृभूमि की सेवा में बॉर्डर पर हैं और यहां उनके पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से जमीन की मापी करवाने की मांग की। इसपर उपायुक्त ने सदर एसडीओ को कॉल कर पूरे मामले की जांच कर दोषी पड़ोसी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। चैनपुर के भगन भुइयां ने कहा कि एक वर्ष से अपनी जमीन का रसीद कटवाने को लेकर परेशान हूं। बावजूद चैनपुर सीओ रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

## जन कल्याण ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया कपड़ा का वितरण

➲ ठंड से गरीबों को बचाने की है जरूरत, आप भी बचायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में तलैया पंचायत के राजेंद्र बांध कोलहुआ में जरूरतमंदों के बीच कपड़ा वितरण किया। मौके पर अशोक कुमार, सुनित कुमार, पिंस कुमार, गीतांजलि कुमारी, मनोरमा देवी को वस्त्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि आज जिस तरह से पलामू जिला में गरीब तबके के लोग ठंड में रह रहे हैं इन्हें बचाने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। गरीबों और जरूरतमंदों को गर्म कपड़े की जरूरत थी ट्रस्ट गंभीरता से इसे लेने का कार्य कर रहा है। विगत 1 माह से कपड़ा



बैंक का सुचारू रूप से कचहरी परिसर में चल रहा है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि सभी लोगों को ठंडा में बचने की जरूरत है। शीतलहरी काफी भयावह है। ट्रस्ट संकल्पित भावना से हर एक गरीब तबके के लिए मदद करने के लिए तत्पर रहेगा।

## रांग नंबर कॉल से प्यार,दो बच्चे की मां प्रेमी के साथ भाग कर की शादी

**गजेन्द्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। कब किससे प्यार हो जाये यह कोई नहीं जानता है। सदर थाना क्षेत्र के रहने वाली दो बच्चे की मां ने यह साबित कर दिया है। जिसे खबर सुन कर लोग कह रहे कि अजब प्रेम की गजब कहानी है। सदर थाना क्षेत्र के रहने वाली दो बच्चे की मां को रॉन्ग नंबर से कॉल आया था। जो राजस्थान के रहने वाले युवक का था। कॉल के आधार पर दोनों के बीच प्यार हो गया। इसके बाद दोनों के बीच लगातार बात होने लगी। बात होते होते दोनों ने साथ रहने व शादी करने का निर्णय लिया। इसके बाद एक दिन

➲ राजस्थान के रहने वाले युवक के साथ सदर प्रखंड की महिला का हुआ प्यार




महिला ने घर से भाग कर वाराणसी में अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली। इधर पति को पता नहीं था कि मेरी पत्नी किसी प्रेमी के साथ भाग कर शादी कर ली है। पति ने पत्नी की गुमशुदगी होने के सम्बन्ध में सदर थाना में एक आवेदन दिया। उसके बाद पुलिस ने छानबीन कर महिला को पता लगाया।

### पाइपलाइन का रखरखाव लाभुक खुद करें: मनोज



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के संवेदक मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि उक्त योजना के तहत लगभग डेढ़ वर्ष से पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है। लाभुकों के द्वारा उचित रखरखाव के अभाव में गृहसंयोजन के कनेक्शन पाइप क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिसके कारण शुद्ध जल की बबार्दी होती है। योजना के मुख्य डीआई पाइप में किसी प्रकार क्षतिग्रस्त होने पर इसकी मरम्मत संवेदक व विभाग करेगा। परंतु पाइप क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत लाभुक खुद करेंगे।

### एनएच 98 पर चला ड्रिंक एंड ड्राइव जांच अभियान



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एसपी के निर्देश पर स्थानीय थाना पुलिस ने एन एच 98 पर ड्रिंक एंड ड्राइव जांच अभियान चलाया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले बाइक एवं चारपहिया वाहन चालकों का ब्रीद एनालाइजर मशीन से जांच किया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि नशापान कर वाहन चलाना स्वयं तथा अन्य के लिए हादसा को आमंत्रित करना है। थाना प्रभारी ने बाइक चालकों से हेलमेट का प्रयोग अवश्य करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व मंत्री ददई दुबे के हस्तक्षेप से मिली मुआवजा और नौकरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के हस्तक्षेप से मृतक मजदूर के पत्नी को मुआवजा तथा नौकरी मिल गई है। मालूम हो कि पांडू थाना क्षेत्र के बरवाही गांव निवासी उम्मत रसूल बोकारो स्थित वेदांता इलेक्ट्रिकल प्लांट में ऑपरेटर का काम करते थे। पिछले 26 दिसंबर को उम्मत रसूल (37) की मौत कंपनी के आवासीय परिसर में संदेहास्पद स्थिति में हो गई थी। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन बोकारो गए। कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार से मिले। आश्रित को मुआवजा और नौकरी की मांग की लेकिन परिजनों का दुखड़ा किसी ने नहीं सुना। मायूस परिजन ददई दुबे से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। तब ददई दुबे ने बोकारो स्थित अपने कार्यालय पर त्रिपक्षीय वार्ता बुलायी।

### सलतुआ पंचायत में आज से शुरू होगा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट

**चैनपुर पलामू।** युवा जागृति केंद्र की चैनपुर प्रखंड समिति राजा मेदिनीराय नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन चार जनवरी को दिन के 11 बजे से चैनपुर प्रखंड के सलतुआ पंचायत के बहेरा कला स्थित नर्सरी मैदान में करायेगा। इसकी जानकारी प्रखंड सह आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वास सिंह, सचिव विगेश्वर सिंह चेरो व कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने दी।

### उंटारी रोड : पंचायतस्तरीय विशेष ग्राम सभा 28 को

**उंटारी रोड पलामू।** सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय विशेष ग्राम सभा 28 जनवरी को होगी। ग्राम सभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीपीडीपी तैयार होगा। इसके पूर्व सभी ग्रामों में ग्रामवार ग्राम सभा होनी है। ग्राम पंचायत जोगा के पंचायत सचिव ने कहा कि प्रावि कुल्ही में पांच, प्रावि बिरजा में सात, प्रावि दरूआ में नौ को ग्राम सभा होगी।

## विश्रामपुर : जोड़ा मंदिर प्रांगण में केसरवानी वैश्य समाज का सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित जोड़ा मंदिर परिसर में केसरवानी वैश्य समाज का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता राजेंद्र केशरी व संचालन संतोष केशरी ने किया। सम्मेलन का शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन में केसरवानी समाज के उत्थान पर बल दिया गया। निर्णय लिया गया कि समाज मे फैली कुरीतियों को संगठित होकर दूर किया जायेगा। इसके अलावे राजनीत में केसरवानी समाज के भूमिका पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मौके पर संरक्षक रामलखन केशरी,राजू केशरी, कामेश्वर केशरी, राजेश केशरी, राकेश केशरी, ललू केशरी, अवधेश केशरी, राजेंद्र केशरी, शिव केशरी, रंजीत केशरी आदि भी थे।

### पारसनाथ को तीर्थस्थल ही रहने दिया जाये : अरविंद



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के संगठन प्रभारी सह भाजपा पलामू जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जैन समाज के साथ अन्याय ना हो पारसनाथ को पर्यटन स्थल नहीं तीर्थ स्थल ही रहने दिया जाए। पारसनाथ जैन समाज के करोड़ों लोगों का आस्था का केंद्र रहा है जैन मुनि तीर्थ, तपस्या और मोक्ष की प्राप्ति इसी स्थान पर की है। श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाए रखने के लिए झारखंड सरकार को तत्काल फैसला वापस लेना चाहिए। पूरा वैश्य समाज जैन समाज के साथ है।

### मुखिया ने एकडरी में स्कूली बच्चों को बांटा ड्रेस



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के पथरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में मुखिया नरेश पासवान ने सत्र 2022-23 के नामांकित बच्चो के मंगलवार को पोशाक वितरण किया। मौके पर प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने बताया कि कुल 65 छात्र छात्राओं के बीच में ड्रेस वितरण किया गया हैं। मुखिया ने अभिभावकों से कहा कि सरकार के द्वारा सभी संसाधन बच्चे को उपलब्ध कराया जा रहा हैं जिसकी उपयोगिता आप सब को समझना होगा। उन्होंने शिक्षकों की सराहना की।

# पड़वा के पुनर्वासित कॉलोनी में हिंडाल्को ने किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा पलामू।** पलामू में पड़ रहे कड़ाके की ठंड के मद्देनजर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले गांव के गरीब व असहायों के बीच कंबल वितरण कर रहीं हैं। इसकी शुरूआत मंगलवार को माइंस के पूनर्वासित कॉलोनी चंदन नगर से किया गया। कंबल वितरण की शुरुआत प्रबंधक अश्विनी कुमार व माइंस सेफ्टी आफिसर केसी मोदक ने किया। प्रबंधक अश्विनी कुमार ने कहा कि पलामू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से लोगों को राहत मिले इसी उद्देश्य से कंपनी द्वारा खनन क्षेत्र के परिधि में रहने वाले गरीब असहायों के बीच कंबल वितरण कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि गरीब असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है। हिंडालको केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि अपने कार्य क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों के प्रगति के बारे में भी सजगता व संवेदनशीलता के साथ काम करती है। सीएसआर टीम के जयंत शुक्ला ने बताया कि हिन्डालको द्वारा प्रत्येक साल ठंड में खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले सिक्का, कठौतिया, सखुई, पाल्हे खुर्द, बटसारा, कजरी, गाडीखास, राजहरा साइडिंग में कंबल वितरण किया जा रहा है। ताकि गरीब असहायों को ठंड से राहत मिल सके। मौके पर श्रवण पासवान, कालींद्र पासवान, प्रिंस सिंह, दिलीप पासवान, रविंद्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे।




जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण करते हिंडाल्को के पदाधिकारी व अन्य।

# मनातू : मृतका की मिट्टी मंजिल में पूर्व विधायक और व गणमान्य हुए शामिल

➲ मनातू प्रखंड के मंझौली की महिला का इंतकाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के मझौली पंचायत के ग्राम मझौली निवासी अनवर खान एवं सरवर खान के माता रईसा बीबी पति इस्तेयाक खान का निधन हो गया। इनके इंतकाल की सूचना मिलते ही पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह, पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान एवं मेदनीनगर के मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से मिट्टी मंजिल कार्यक्रम में शामिल हुए। माता रईसा के निधन पर गहरा शोक जताया।

**मौके पर ये भी थे उपस्थित :** मौके पर मनातू प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव, राजन खान, सरवर खान, गोलू सिंह, राहुल सिंह, प्रकाश सिंह यादव, जिला परिषद पूर्व प्रत्याशी पंकज कुमार पासवान, गुड्डू अहमद, दिलीप सिंह, हीरा खान, समद खान, मुमताज खान के पुत्र दानिश खान, शादाब खान, मोतिउर रहमान खान, इंद्रदेव यादव, ईशुफ खान सहित हजारों हजार की संख्या में लोग मिट्टी मंजिल में शामिल थे।



मिट्टी मंजिल में शामिल पूर्व विधायक बिट्टू सिंह व अन्य।

# किसान हित में राज्य सरकार कर रही है कामः कृषि सचिव

## कृषि सचिव ने कहा अवैध माइंस पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



खेत में लगी फसल को देखते व जानकारी लेते कृषि सचिव।

**ओरमांझी।** सभी को नौकरी देना संभव नही, कृषि क्षेत्र में रोजगार के बेहतर विकल्प है। उक्त बाते झारखंड के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सह माईंस सचिव अबु बकर सिद्दिकी ने कही, वे मंगलवार को ओरमांझी क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया। गांव में जाकर किसानों से मिले और जमीनी स्तर पर राज्य सरकार की विकास योजना व किसानों का हालात की जानकरी ली, और कहा पिछले एक वर्ष में किसानहीत में राज्य सरकार द्वारा कई कार्य किए गए हैं। सरकार की योजना का लाभ मेहनत करने वाले किसानों को मिल रहे हैं। उन्होने ओरमांझी के गांगुटोली स्थित किसान डेरी फार्म व किसान कोल्ड स्टोर गए और संचालक प्रगतिशील किसान शिवनारायण साहू से फार्म से दुध उत्पादन, गाय व पशु आहार सहित कई जानकारी ली। इससे पूर्व वे युवा किसान संजय महतो के खेल में लगे आधुनिक खेती देखा व औद्योगिक क्षेत्र कुल्ही का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि अवैध माईंस प्रकृति व देश दोनों के खिलाफ है। पिछले एक वर्ष में अवैध माईंस के खिलाफ कार्रवाई हुई है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। मौके पर सहायक योजना निदेषक कंचन कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, पूर्व उपप्रमुख व किसान कोल्ड स्टोर के संचालक जयगोविंद उर्फ लालू साहू, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय टोप्पो, प्रगतिशील किसान शिवनारायण साहू, प्रमेश्वर साहू, संजय महतो, बीटीएम मुनी कुजूर, उद्यान मित्र भानु प्रताप व कई किसान उपस्थित थे।

### कोल्ड स्टोर को सब्सिडी देने पर होगा विचार

क्षेत्र के किसानों ने कृषि सचिव से अपनी कई समस्याएं बताई और कहा राज्य के कोल्ड स्टोर बंद होना किसानहीत में नही है। वहीं प्रगतिषिल किसान शिनारायण साहू ने कोल्ड स्टोर को कृषि से जाड़ने की मांग करते हुए कहा झारखंड में कुल 36 कोल्ड स्टोर हैं। जिसमें पांच सभी सरकारी कोल्ड स्टोर बंद हो चुके हैं। बिजली सब्सिडी नही मिलने के कारण राज्य के 31 प्राईवेट कोल्ड स्टोर में आधे बंद हो गए। वहीं जो बचे हैं, वह भी बंद होने के कागार पर है। बिजली सब्सिडी नही मिलने से राज्य के सभी कोल्ड स्टोर बंद हो जाएंगे। इससे किसानों को अपने तैयार फसल औने-पौने दाम में बेचना पड़ेगा। कृषि सचिव अबु बकर सिद्दिकी ने कोल्ड स्टोर को भी कृषि से जोड़ने व सब्सिडी देने पर विचार करने का आष्वसन दी और कहा कृषि उत्पादन बाजार समिति द्वारा हाट-बाजार की दुकान का किराया पांच गुना बढा देने की जानकरी नही है। इसका पता लगा कर किसानों के हीत में निर्णय लिया जाएगा।

# चान्होः नाबालिग स्कूली छात्रा से दुष्कर्म, दो युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

> पीड़िता की मेडिकल जांच बुधवार को कराई जाएगी। नामजद आरोपियों में दो को हिरासत में ले लिया गया है। तीसरा भी जल्द पकड़ा जाएगा।
> **रंजय कुमार, थाना प्रभारी, चान्हो।**

**चान्हो।** थाना क्षेत्र की एक नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने तीन युवकों के खिलाफ मंगलवार को थाने में नामजद प्राथमिकी के लिए आवदेन दी है। दुष्कर्म की यह घटना 26 दिसंबर शाम की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग आठवीं कक्षा की छात्रा है जो 26 दिसंबर की देर शाम अपने घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर बगल टोला स्थित एक दुकान से कुछ सामान लेने गई थी। वापस लौटने के दौरान अंधेरा व सुनसान रास्ते में टोला के रमेश उरांव, नवीन उरांव और एक अन्य युवक ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद धमकी देते हुए कहा कि यदि घटना की चर्चा किसी से की तो तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार की हत्या कर देंगे। उनकी इस धमकी से पीड़िता पूरी तरह से डर गई थी। घटना के दो दिन बाद पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने मां को दी। जब आरोपियों को पता चला कि पीड़िता और उसका परिवार थाने जाने की तैयारी में है तो आरोपियों द्वारा उन्हें रुपयों का भी प्रलोभन दिया गया तथा सामाजिक रूप से भी दबाव बनाने की भी कोशिश की। मंगलवार की सुबह पीड़िता की मां द्वारा थाने में आवेदन दिया गया, जिसमें तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## स्पीड न्यूज

### शिव मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा

**सिल्ली।** सिल्ली बजार स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार शाम को कांवरिया संघ के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कांवरिया संघ के सक्रिय सदस्य रहे दिवंगत अशोक चैधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विगत 27 दिसम्बर को अशोक चैधरी का आकस्मिक निधन हो गया। उपस्थित लोगों ने अशोक चैधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर विनय भूषण चक्रवर्ती, तरुण लाहा, प्रदीप विश्वकर्मा, राजु दत्त, रविंद्र गोराई , रविंद्र चंद, भोजा दे, सुबोल दे, तपन विश्वकर्मा, दिवाकर नंदी, अशोक विश्वकर्मा, पंकज साहु उपस्थित थे।

### चूरी स्टार क्लब में सरस्वती पूजा को लेकर बैठक

**खलारी।** खलारी कोयलांचल के चूरी स्टार क्लब में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दीपक कुमार ने किया व संचालन राजेश कुमार ने किया।बैठक में सरस्वती पूजा मानने को लेकर विचार विमर्श किया गया व सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की इस वर्ष मां शारदे की पूजा स्टार क्लब में भव्य रूप में किया जाएगा। मौके पर रंजित सिंह, हरी कुमार, विकाश कुमार, अखिलेश चौहान, राजू मुंडा, राजेश मुंडा, गुड्डू सिंह, बजरंगी गांझु, विजय चौधरी, भीमलाल मंडल, विक्की, गौतम, मो सोहैल, दीपक, परमवीर, आकाश, गब्बर, मंसूर आदि।

### झारखंड मुंडा समाज का मिलन समारोह सह वनभोज 29 को

**तमाड़।** झारखंड मुंडा समाज के कार्यालय मुंडा कॉलोनी बुंडू मे बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता गिरीश सिंह मुंडा ने किया। बैठक मे वार्षिक वनभोज सह परिवारीक मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। का आयोजन करने के लिए सर्वसम्मति से आगामी 29 जनवरी दिन रविवार को सलगाडीह इंटर कॉलेज मैदान में करने का सुनिश्चित किया गया। साथ ही साथ उपरोक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुंडा समाज अध्यक्ष गिरीश सिंह मुंडा, सहदेव सिंह मुंडा, प्रोफेसर सवरण मुंडा, मंटू सिंह मुंडा, पूर्ण चंद्र मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, सीताराम सिंह मुंडा, कुलपति मुंडा, लखीराम मुंडा, हरि मुंडा, शिशुपाल मुंडा, गुरु प्रसाद मुंडा आदि शामिल थे।

### ग्रामीणों को मिली हाथी भगाने की सामग्री

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र में कई दिनों से हाथियों का उत्पात जारी है। दुलमी के ग्रामीणों ने विधायक सुदेश महतो ने मुलाकात कर समस्या की जानकारी दिये। विधायक ने वन विभाग से बात कर आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिये तथा ग्रामीणों के बीच टॉर्च आदि का वितरण किये।

### बाइक सवार बिजली पोल से टकराया, मौत

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत पिपरवार- टंडवा-चतरा मुख्य पथ में अनियंत्रित बाइक सवार के बिजली पोल से टकराने से हुई दर्दनाक मौत। बहेरा पंचायत के खंधार गांव निवासी 23 वर्षीय इमील, पिता मनुवेल लकड़ा खंधार गांव अपने घर से बाइक में पेट्रोल भराने चोड़ा मोड़ गया था। लौटने के क्रम में वह बिजली पोल से टकरा गया। बाइक इतनी रफ्तार में थी कि दुर्घटना के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना पिपरवार थाना को मिलने के पश्चात पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार सदल बल घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया।

### प्रखंड कार्यालय में ग्राम प्रधान संघ की बैठक

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन (प्रधान संघ) की एक आवश्यक बैठक वासुदेव सिंह मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

# सप्लाई पाइप फटा, बस्ती पानी-पानी

## दो लाख गैलन सप्लाई पानी सड़क पर बहकर बर्बाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पेयलन सप्लाई पाइप टूट जाने से मंगलवार को मसरा बस्ती पानी-पानी हो गया।एनएच-20 पथ चौड़ीकरण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से फिल्ट्रशन प्लांट रूक्का से शहर जाने वाले पाइप लाइन टुट गया, और रांची शहर जाने वाले सप्लाई पानी रास्ते में बहने लगे। सुबह छह बजे पाइप टूटते ही अचानक पानी का तेज बहाव सड़कों से होते हुए लोगों के घरों में घुसने लगा। साथ ही मेसरा स्थित रेलवे पुल से निचे पानी की तेज बहाव होने लगी। जिससे लोगों के घरों में रखे अनाज सहित कई समान की छति हुई है। वहीं रेलवे लाइन की दीवार टुट गए और रेल लाइन में मिट्टी भर गए। अचानक आसपास का पूरा क्षेत्र पानी-पानी हो गया। सड़क से गुजरने वालों वाहनों का भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कई लोग मोबइल पर वीडियो बनाने लगे। विभाग को सूचना मिलने के बाद लगभग डेढ़ घंटा बाद प्लांट से पानी बंद किया गया। जिसके आधे घंटे बाद स्थिति सामन्य हुई। तबतक लगभग दो लाख गैलेन पेयजल बह गए। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क चैड़ी कार्य बंद कर मुआवजा की मांग कर रहे थें। गणेश नारायण महतो ने बताया कि उसके टेंट हाउस में पानी घुस जाने से सारा सामान व कालिन में गिला हो गया। मिट्टी भी घुस गया है। वहीं महेश्वर महतो ने कहा घर में रखे पूरा चावल बरबाद हो गया। वहीं कई लगों के खेल में लगे फसल भी पानी से पट गया है।

### पाइप बदलने में समय लगेगा



फिल्ट्रान प्लांट रूक्का से सप्लाई होने वाले एक पाइप टुट जाने के बाद विभाग द्वारा दूसरे लाइन से पेयजल सप्लाई शुरू कर दिया गया है। वहीं विभाग के जेइ विपिन कुमार द्वारा बताया गया कि अभी पाइप बदलने में समय लगेगा। जो पाइप टूटा है उसको बदलने के बाद उक्त लाइन से भी सप्लाई बाहाल हो जाएगी।

# झारखंड जगुआर के सहायक अवर निरीक्षक की ब्रेन मलेरिया से मौत

## मुंगेर दियारा के थे अमित महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड जगुआर के सहायक अवर निरीक्षक 44 वर्षीय अमित महतो की ब्रेन मलेरिया से मौत हो गयी। उनके आकस्मिक निधन से विभाग में शोक की लहर है। रांची के हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल में तीन दिनों से इलाजरत श्री महतो की हालत बिगड़ते देख चिकित्सकों ने बेल्लोर रेफर कर दिया था। दो जनवरी को उन्होंने विशाखापत्तनम में दम तोड़ दिया। वह मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना अंतर्गत दियारा शिवनगर निवासी सुरेश महतो के पुत्र थे। उनका जन्म 11 अप्रैल 1978 को हुआ था। वह सात नवंबर 1999 को कोडरमा जिला बल में बहाल हुये थे। कैंप में 24 अक्टूबर 2008 से थे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान चाईबासा में बीमार हो गये थे। मृतक का पार्थिव शरीर बुधवार को आयेगा। कैंप में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके उपरांतए शव का अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंप दिया जायेगा। इधरए घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी बनीता देवी बार-बार बेहोश हो रही थी।

## एक नजर में

### कराटे खिलाड़ियों का राहे में स्वागत



**राहे।** इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में सर्वोदय स्कूल राहे के खिलाड़ियों ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।जो प्रखंड के लिये गर्व की बात है। आगरा में 30, 31 दिसम्बर में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राहे प्रखंड के सर्वोदय पब्लिक स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया था ।स्कूल के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक और 9 कांस्य पदक जीता है कल्याणी कुमारी, किशन मुंडा, दिलीप भोक्ता ने स्वर्ण पदक जीता है। ममता कुमारी, नमिता कुमारी, जगदीश महतो, प्रमोद महतो, संदीप महतो ने रजत पदक जीता है। आगरा से वापस आने पर टीम के सभी खिलाड़ियों को राहे भगत सिंह चौक में भव्य स्वागत किया गया।

### बिरसा आर्चरी एकेडमी के प्रियांशु ने गोल्ड जीता



**सिल्ली।** बिरसा आर्चरी अकैडमी सिल्ली के प्रशिक्षु एवं संत माइकल स्कूल मुरी के छात्र साहिल प्रियांशु बनवाने सीबीएसई नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जितकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वे पंचगनी महाराष्ट्र में 27 से 30 दिसम्बर तक आयोजित सीबीएसई नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में ईस्ट जोन कि टीम की ओर से भाग लिया। उन्होंने अंडर 14 वर्ग में 664 अंक प्राप्त कर इस उपलब्धि को हासिल किया। कोच प्रकाश राम ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि विद्या निकेतन स्कूल एंड जूनियर कॉलेज की देख-रेख में चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में देश के सभी राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए थे।

### सिल्लीः आज से फिर लगेगा बाजार शुल्क

**सिल्ली।** सिल्ली काली मंदिर के समीप लगने वाले संध्या बाजार में अब ठेले, खोमचे और बाजार में बैठने वाले सब्जी दुकानदारों से बाजार शुल्क लिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे ने कहा कि जिला परिषद रांची के निदेर्शानुसार सिल्ली हाट बगान में बुधवार से सब्जी दुकानदारों से निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। जिसमे मीट दुकान 100 रुपये, सब्जी दुकान से 20 से 30 रुपए, मुर्गा एवं बतख दुकानदारों से 50 रुपए निर्धारित शुल्क लिया जायेगा। किसी दुकानदारों के द्वारा शुल्क देने में आनाकानी करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तमाड़ः 120वीं जयंती पर याद किये गये मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के सरलोंगा जयपाल सिंह मुण्डा चौक में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की 120वां जयंती कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम सामाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जनों तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जयपाल सिंह मुण्डा के चित्र के समक्ष अगरबत्ती जलाकर एवं पुष्पार्चन के द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में हरि सिंह मुण्डा, रामधन मुण्डा, जागरण मुण्डा, कन्हाई पातर, मदन सिंह मुण्डा, गोविन्द सिंह मुण्डा, शिशुपाल पातर, रमेश मुण्डा, सुशील मुण्डा, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, जितेश कुमार मुण्डा, लाल सिंह स्वांसी, महावीर सोनी, सुकरा मुण्डा, शिव मुण्डा, संतोष मुण्डाए बुरु मुण्डाए हरि मुण्डा बुधन मुण्डा नन्दकिशोर मुण्डा सहित कई लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता हीरा दास ने किया।

### टाटीसिलवे की टीम को 3-1 से हराकर नामकुम सेमीफइनल में पहुंचा

**सिकिदिरी।** नामकुम की टीम एक तरफा मुकाबले में टाटीसिलवे को 3.1 से रौंद कर सेमीफइनल में पहुंच गई ।सेमीफइनल में पहुंचने वाली नामकुम चौथी टीम बनी। स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूनार्मेंट के तहत मंगलवार को स्सिकिदिरी मैदान में खेले गए चौथे क्वार्टर फाइनल के एक तरफा मुकाबले में सावना लकड़ा एफसी नामकुम की टीम ने टाटीसिलवे एफसी को 3.1 से हराया ।खेल के पहले हाफ में नामकुम की टीम टाटीसिलवे पर पूरी तरह से हावी रही। हालांकिएइस दौरान नामकुम ने गोल करने के कई अवसर गंवाए ।खेल के 23 वें मिनट में नामकुम की ओर से घनश्याम मुर्मू ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1.0 से बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक नामकुम की टीम 1.0 से बढ़त बना ली थी।

# राजेश महतो अध्यक्ष और कृष्णा मुंडा बने सचिव

## झामुमो की तारूप पंचायत समिति का गठन



**रातू।** प्रखंड झामुमो की बैठक मंगलवार को तारूप में अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। इसमें पंचायत समिति का गठन किया गया। संचालन उपाध्यक्ष बबलू मिंज ने किया। सर्वसम्मति से राजेश महतो को अध्यक्ष, कृष्णा मुंडा सचिव, सतीश महतो व प्रदीप महतो को उपाध्यक्ष, बिनोद महतो कोषाध्यक्ष, मंतोष महतो संगठन सचिव, श्रवण महतो व संजय महतो सह सचिव चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में विनोद राय, संजीत महतो, राजेश वर्मा, शिव लोहार व प्रकाश महतो शामिल हैं। नवगठित समिति के पदधारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। श्री अंसारी ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुये संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश भी दिया। मौके पर जीतनंदन महतो, जतरु महतो, विनोद राय, सनी लोहरा, मंतोष कुमार व संजू महतो आदि दर्जनों मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बेड़ो में ठंड लगने से एक व्यक्ति की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो बाजार टांड़ के शेड से बरामद युवक का शव।

**बेड़ो।** बेड़ो पुलिस ने मंगलवार की सुबह बेड़ो बाजार टांड़ के समीप एक शेड से करीब 42 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। वहीं बेड़ो पुलिस ने आशंका जताई है कि ठंढ लगने से उसकी मौत हुई होगी। इधर मृतक की पहचान बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना गांव निवासी 42 वर्षीय हिंदू उरांव पिता बंधना उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह सोमवार साप्ताहिक बाजार आया था। जो रात से शेड में ठहरा हुआ था। अत्यधिक ठंड होने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने उसे मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखकर इसकी सूचना बेड़ो पुलिस को दिया। इसके बाद सूचना मिलने पर एएसआई राजेंद्र प्रसाद यादव घटनास्थल पहुंचे। वहीं इसकी सूचना स्वजनों व पंचायत के मुखिया अनिता बाड़ा को दिया गया। इधर पुलिस ने मृतक के पास से आधार कार्ड व वोटर आईडी बरामद किया। इसी के अनुसार मृतक की पहचान बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना असरो गांव निवासी 42 वर्षीय युवक हिंदू उरांव पिता बंधना उरांव के रूप में की गई। वहीं मृत व्यक्ति के पास से अन्य सामानों में एक बैग तथा लगभग 500 रुपए नकद बरामद हुए हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है वह व्यक्ति कहीं से आ रहा होगा। साथ ही रात होने की वजह से वहां ठहरने का फैसला लिया होगा। इधर इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी ने यह आशंका जताई है कि अत्यधिक ठंड के वजह से इसकी मृत्यु हो गई होगी।

# विधिक सेवा प्राधिकार का जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार माननीय न्यायायुक्त के मार्गदर्शन पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा तमाड़ प्रखंड के बाढूएअमलेसा व कोकाडीह रायडीह गांव में ष्डोर.टू.डोरष् जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। बाल अधिकार व बाल श्रम पर फोकसए राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गयी। ष्डोर.टू.डोरष् जागरूकता कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हाए अधिवक्ता राजेश कुमार सिंहएपीएलवी अनिमा मल्लिकए नन्दा नायकए सोनामनी देवीए रूकमनी देवीए फुलेश्वरी देवीए मुक्तेश्वर पाहन एवं राजा समेत अन्य उपस्थित थे। डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलनेवाले सुविधाओं के बारे में अवगत कराया तथा उन्होंने कहां कि डालसा का पीएलवी ब्लॉक में रहता हैए आप उनसे सहायता प्राप्त कर सकते है। उन्होंने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा डायन.बिसाही के प्रति लोगों को जागरूक किये और कहा कि यह एक अंधविश्वास है। अनिमा मल्लिक एवं सोनामनी देवी ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा के बारे में विस्तार से बताया।

# गुरु गोष्ठीः स्कूलों में एमडीएम की व्यवस्था दुरुस्त करने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को शिक्षा विभाग के प्रखण्ड संसाधन केंद्र की ओर से गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों में एमडीएम की व्यवस्था दुरूस्त करने, खेल सामग्री का का वितरण जल्दी करने, ई लर्निंग, स्मार्ट क्लास, शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थति, ई विद्यावाहिनी से छात्रों की उपस्थिति, छात्रों को विभाग की ओर से दी जाने वाली पोशाक, शिक्षा किट, एमडीएम, शिक्षकों द्वारा पाठ टीका तैयार करना, बाल संसद को सक्रिय करना, विद्यालय प्रबंध समिति को सक्रिय करना समेत सभी महत्वपूर्ण विन्दुओ पर विचार विमर्श किया गया। बीईओ बीके झा ने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों के हित के लिये निष्ठापूर्वक काम करें। बीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि खेल किट का वितरण शीघ्र कर दें। बीआरसी कार्यलय में कापियां आ चुकी है जल्दी ही वितरित कर दिया जायेगा। कई स्कूलों के प्रधानाध्यपको ने अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखी। इस मौके पर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी मौजूद थे।

# कांकेः लक्ष्मण महतो जयंती पर क्रॉस कंट्री दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांके।** स्व लक्ष्मण महतो की जयंती पर कांके में क्रॉस.कंट्री दौड का आयोजन किया गया। इससे पुर्व कांके चौक स्थित स्वर्गीय लक्ष्मण महतो की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया। क्रॉस.कंट्री दौड़ के लिए रांची के विभिन्न इलाकों से बालक बालिका वर्ग के धावक भाग लिया। कांके चौक से 3 किमी दौड़ के लिए बालक वर्ग में सिकंदर मुंडा शिवसागर कुमार आर्यण कुमार और बालिका वर्ग मनीता कुमारी रिधि कुमारी नीति चौरसिया अंजली कुमारी सफल रहे। 5 किमी बालक वर्ग में संदीप कुमार महतो बालिका वर्ग में सुषमिता कुमरी 7 किमी बालक वर्ग में रंजीत महतो बालिका वर्ग में अंजू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं सभी आयु वर्ग के लिए कांके चैक से 10 किमी दौड़ में उरुगुट्ठू से विकास ओरमांझी से लक्ष्मण महतो सुकुरहुट्ठू से हरीलाल महतो चाइबासा से रासीक कुमार धुर्वा से विजय महली सफल रहे।

### सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

सफल प्रतिभागियों को लक्ष्मण महतो स्मारक समिति के संरक्षक मदन कुमार महतो कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सुरेश कुमार बैठा, अशोक गोप चंदन बैठा, गौरी महतो, अशोक महतो, गुलजार अहमद संजर खान, विनोद साहू, इंद्रासन सिंह, शालीग्राम मोबिन अंसारी, रिंकू धनेश्वर महतो सुमित सुरीन तीर्थनाथ महतो, ललीन्द्र महतो, सीताराम मुंडा, सूरज महतो, भुगोल उरांव के द्वारा मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# बढ़ता राजकोषिय घाटा

केंद्र सरकार का अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान राजकोषीय घाटा 9.78 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह वित्त वर्ष 23 के बजट अनुमान 16.6 लाख करोड़ रुपये का 58.9 प्रतिशत है। इसकी तुलना में पिछले साल की समान अवधि में राजकोषीय घाटा 6.96 लाख करोड़ रुपये था, जो उस साल के बजट लक्ष्य का 46.2 प्रतिशत है। कर और गैर कर राजस्व कम होने और पूंजीगत व्यय आवंटन बहुत ज्यादा होने के कारण राजकोषीय घाटा पूरे साल के अनुमानित घाटे के प्रतिशत के हिसाब से अधिक है। दरअसल नवंबर महीने में राजकोषीय घाटा 2.2 लाख करोड़ रुपये था, जो इस वित्त वर्ष के किसी भी महीने की तुलना में सबसे ज्यादा है। शुद्ध कर राजस्व 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि गैर कर राजस्व में 11 प्रतिशत का संकुचन आया है। राजस्व व्यय में 11 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। वहीं पूंजीगत व्यय 63 प्रतिशत बढ़ा है। वित्त वर्ष 23 के अप्रैल-नवंबर के दौरान शुद्ध कर राजस्व 12.25 लाख करोड़ रुपये या पूरे साल के लक्ष्य का 63.3 प्रतिशत रहा है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह लक्ष्य का 73.5 प्रतिशत था। गैर कर राजस्व 73.5 प्रतिशत आया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 91.8 प्रतिशत आया था। वहीं गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां (मुख्य रूप से विनिवेश से प्राप्त धन) लक्ष्य का 52.3 प्रतिशत है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 11 प्रतिशत आया था। मुख्य रूप से यह इस साल की शुरूआत में एलआईसी का आईपीओ लाने की वजह से हुआ है। नवंबर 2022 तक कॉर्पोरेट कर, आयकर और जीएसटी संग्रह बजट में अनुमानित वृद्धि दर की तुलना में बेहतर रहा है और इसे कर राजस्व में वृद्धि से समर्थन मिला है। हमारा तर्क अब उच्च कर राजस्व प्राप्ति में नजर आ रहा है। पूंजीगत व्यय की केंद्र सरकार की गुंजाइश मजबूत बनी हुई है। बजट सामने है।

# गैरजिम्मेदाराना कथन

देश में धार्मिक भावनाएं भड़काने का यह सिलसिला थम ही नहीं रहा है। कुछ वक्त पहले धर्म संसदों से सरेआम अल्पसंख्यकों को खत्म करने का आह्वान हुआ था। हरिद्वार, रायपुर, दिल्ली ऐसे तमाम शहरों में आयोजित धर्म संसदों में धर्म के मर्म पर चर्चा की जगह हिंदू धर्म को खतरे में बताकर अल्पसंख्यकों के खिलाफ जहर उगला गया था। कर्नाटक के शिवमोग्गा में हिंदू जागरण वेदिके के एक कार्यक्रम में भाजपा सांसद ने कहा कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में हिंदुओं से अपने घरों में हथियार रखने का आह्वान किया। और ये भी कहा कि कम से कम सब्जी काटने का चाकू तेज रखें। अगर इससे सब्जी कटेगी तो दुश्मनों के सिर भी कटेंगे। धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले अंदाज में प्रज्ञा ठाकुर ने अपने भाषण में बार-बार उन्होंने शब्द का इस्तेमाल किया। यह सर्वनाम किस समुदाय के लिए था यह समझना कठिन नहीं है। इसके अलावा भाजपा सांसद ने कहा कि लव जिहाद में शामिल लोगों को उसी तरह जवाब दें। अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं। प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मिशनरी संस्थानों में अपने बच्चों को शिक्षित करने के खिलाफ अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि, ऐसा करने से आप अपने लिए वृद्धाश्रम के दरवाजे खोल देंगे। मिशनरी संस्थानों में बच्चे स्वार्थी हो जाते हैं। भाजपा के बहुत से सांसद, विधायक, नेता मिशनरी स्कूलों से ही पढ़े हुए हैं और अब बहुतों के बच्चे भी यहां पढ़ते होंगे। मिशनरी से शिक्षित भाजपा नेताओं को ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बताना चाहिए कि उनमें से कितनों ने अपने मां-बाप को वृद्धाश्रम में रखा है। भाजपा सहित कई दलों के नेताओं को लगता है कि विवाद और नफरत फैलाने वाले कथन से ही उनकी राजनीति चलती है तो उनका भ्रम है।

# नदियों में बढ़ती गंदगी और हमारी कठिनाई



**क्या** नदियों के प्रदूषण से हमारा अस्तित्व संकट में नहीं होगा? 2023 में हम नदियों के स्वच्छ होने का संकल्प नहीं कर सकते हैं। हिमालय तीन प्रमुख भारतीय नदियों का स्रोत है- सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र। भारतीय संस्कृति की साक्षी गंगा अपने मूल्यवान पारिस्थितिकी, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्त्व के साथ भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक है। लगभग ढाई हजार किलोमीटर की यात्रा करने वाली यह भारत की सबसे लंबी नदी है। गंगा नदी घाटी क्षेत्र देश की छब्बीस फीसद भूमि का हिस्सा है और भारत की तियालीस फीसद आबादी इससे पोषित होती है। भारत के कुल अनुमानित भूजल संसाधनों का लगभग चालीस फीसद गंगा बेसिन से आता है। शहरी, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों से मीठे पानी की लगातार बढ़ती मांग और संरचनात्मक नियंत्रण के कारण गंगा का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो गया है।

पारंपरिक नदी प्रबंधन में संरचनात्मक नियंत्रण का प्रभुत्व था, जिसके परिणामस्वरूप नदी कार्यों का स्तर कम होता गया। गंगा पुनर्जीवन और संरक्षण के चार संरचनात्मक स्तंभ हैं- अविरल धारा (निरंतर प्रवाह), निर्मल धारा (स्वच्छ जल), भूगर्भिक इकाई (भूवैज्ञानिक विशेषताओं का संरक्षण) और पारिस्थितिक इकाई (जलीय जैव विविधता का संरक्षण)। हमें यह जानना चाहिए कि चार पुनर्स्थापना स्तंभों को एकीकृत किए बिना हम गंगा की सफाई के सपने को साकार नहीं कर सकते।

भारत में पानी राज्य का विषय है और जल प्रबंधन वास्तव में ज्ञान आधारित सोच और समझ पर नहीं टिका है। गंगा के प्रबंधन में ह्यबेसिन-व्यापक एकीकरणह्न का अभाव है, साथ ही विभिन्न तटवर्ती राज्यों के बीच भी तालमेल की भारी कमी है। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी निर्दिष्ट स्मार्ट शहरों में जलापूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने की एक बड़ी चुनौती है। सीमित जल संसाधनों को देखते हुए यह कार्य बहुत बड़ा है। लगभग तीन दशकों तक गंगा को साफ करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाई गईं।

इनमें गंगा एक्शन प्लान (जीएपी, चरण एक और दो) और राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना जैसे प्रयास थे, लेकिन लंबे समय तक इनके ठोस नतीजे नहीं मिले। दिसंबर 2019 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक में गंगा परिषद ने पांच राज्यों में गंगा बेसिन के दोनों ओर पांच किलोमीटर क्षेत्र में जैविक समूहों को बढ़ावा देकर गंगा के मैदानों में स्थायी कृषि को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया। इस पर विचार करते हुए कि पिछले एक दशक में कीटनाशकों के संचयी उपयोग में दोगुनी वृद्धि हुई है और इसका अधिकांश भाग हमारी नदियों में बह गया है, यह एक अच्छी नीति है। सरकार को अंततः बेसिन में अधिक क्षेत्र को शामिल करने के लिए इसे फैलाने की योजना बनानी चाहिए। नदी किनारे की कृषि संपूर्ण जैविक होनी चाहिए।



-कुमार गौरव

> बाढ़ और सूखे दोनों के स्थायी समाधान के रूप में स्थानीय भंडारण के रूप में तालाबों और झीलों को विकसित और पुनर्स्थापित करने की जरूरत है। मानसून की वर्षा के दौरान प्राप्त पानी का केवल दस फीसद ही पुनर्भरण में जाता है। तालाबों और झीलों का संरक्षण नदी संरक्षण रणनीति का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नालों को स्वस्थ जल निकायों में फिर से जीवंत करना होगा।

यह तो स्पष्ट है कि गंगा को केवल प्रदूषण उन्मूलन उपायों द्वारा अविरल-निर्मल नहीं बनाया जा सकता। प्रभावी नीति-निर्माण के लिए वैज्ञानिक आधार चाहिए। कई रणनीतियों जैसे- नदियों को जोड़ने, नदियों के किनारों के विकास परियोजनाएं, गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन से जलापूर्ति सुनिश्चित करने जैसे प्रयासों को दीर्घकालिक लक्ष्य बनाने की आवश्यकता है। नीतियों को समग्र जल प्रबंधन की प्रौद्योगिकी और व्यापक पहलुओं के अनुकूल होना चाहिए। महत्त्वपूर्ण समय और पैसा उन उपायों पर खर्च किया जा सकता है जिनकी प्रभावशीलता की गंभीरता से जांच नहीं की गई है। इसलिए अब तक किए गए सभी प्रबंधन कार्यक्रमों की समीक्षा करने और पिछली विफलताओं से सीखने की तत्काल आवश्यकता है। आज यदि गंगा को प्रदूषण मुक्त करना है, तो तकनीकी तौर पर हमें गंगा से जुडी समस्याओं को समझना होगा। इसके लिए एक दस-सूत्रीय दिशा निर्देश भी तैयार गया गया है। जिन जिन शहरों से गंगा गुजरती है, वहां का औद्योगिक अपशिष्ट और सीवर का पानी गंगा में गिरता है। इन शहरों में कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, पटना और कोलकाता हैं। इसके अलावा यमुना, गोमती, घाघरा, रामगंगा, सरयू आदि सहायक नदियों का भी अपशिष्ट गंगा में जाता है और इसके चलते व्यापक स्तर पर मानवीय जीवन के साथ-साथ जल जीवन भी संकट में है। गंगा को साफ रखने में यह सबसे बड़ी बाधा है।

जाहिर है, गंगा को साफ रखना है तो इससे पहले शहरों, कस्बों की सीवर व्यवस्था को सुधारना होगा। इसके लिए बड़ी कॉलोनियों के स्तर पर केवल विकेंद्रीकृत सीवेज उपचार संयंत्रों (डीएसटीपी) को बढ़ावा देने की जरूरत है। सिंचाई के लिए और प्राकृतिक नालियों के लिए अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग होना चाहिए। जिन शहरों को स्मार्ट शहर बनाने की योजना पर काम चल रहा है उनमें पहले ही से सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) की स्थापना पर ध्यान देना होगा। मौजूदा और नियोजित एसटीपी को स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा तकनीक-दक्षता, विश्वसनीयता और प्रौद्योगिकी मापदंडों पर दुरुस्त करने की आवश्यकता भी है। कई एसटीपी वांछित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। सीपीसीबी ने अपने एक सर्वेक्षण में पाया था कि कानपुर में अधिकांश एसटीपी पर्यावरण नियमों का पालन करने में विफल रहे हैं। बाढ़ और सूखे दोनों के स्थायी समाधान के रूप में स्थानीय भंडारण के रूप में तालाबों और झीलों को विकसित और पुनर्स्थापित करने की जरूरत है। मानसून की वर्षा के दौरान प्राप्त पानी का केवल दस फीसद ही पुनर्भरण में जाता है। तालाबों और झीलों का संरक्षण नदी संरक्षण रणनीति का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नालों को स्वस्थ जल निकायों में फिर से जीवंत करना होगा। समस्या यह है कि हमारे नगर निकायों ने प्राकृतिक नालों को मैला ढोने वाली नालियों में बदल डालने में बड़ी भूमिका निभाई है। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नाले आज सीवेज चैनल में बदल गए हैं। ऐसे नालों को फिर से स्वस्थ जल निकायों में

## खास बात

### ओरछा का किला

**सुधांशु कुमार**

**मध्यप्रदेश** के ओरछा में ताजमहल से भी पहले बनी एक भव्य इमारत है, जिसे जहांगीर महल के नाम से जाना जाता है। लेकिन इस महल का निर्माण जहांगीर ने नहीं, अपने समय के सबसे यशस्वी बुंदेला राजा ने कराया था। दुनिया में जिस तरह ताजमहल मोहब्बत की निशानी है, उसी तरह से जहांगीर महल एक मुगल शहजादे और बुंदेला राजकुमार की दोस्ती की मिसाल है। मुगल शहजादे सलीम यानी जहांगीर और बुंदेला राजकुमार वीर सिंह देव।

अद्भुत शिल्पकला और नायाब नक्काशी से सजे जहांगीर महल को ओरछा की सभी ऐतिहासिक इमारतों में सबसे सुंदर माना जाता है। ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हैं कि सन 1592 में ओरछा के राजा मधुकर शाह की मृत्यु के बाद उनके बड़े बेटे राम चंद को ओरछा का राजसिंहासन मिला। उस समय मधुकर शाह के छोटे बेटे वीर सिंह देव की ख्याति अपने शौर्य और वीरता के लिए चारों तरफ थी। असाधारण योद्धा थे वीरसिंह। राजा मधुकर शाह की मृत्यु के बाद वीर सिंह को दतिया में बरौनी की जागीर दी गई, जो उन्हें अपनी योग्यता के मुताबिक नहीं लगी। इसीलिए वीर सिंह ने भाई रामचंद के खिलाफ बगावत कर दी।

यह वही समय था जब मुगलिया सल्तनत में शहंशाह अकबर और उनके बेटे जहांगीर के बीच दूरियां बढ़ रही थीं। जहांगीर ने बाद में अपने संस्मरण में इसकी वजह अकबर के बेहद करीबी और नवरत्नों में एक अबुल फजल को बताया। अबुल फजल जाने-माने विद्वान और अकबर के खास सलाहकार थे। जहांगीर और अकबर के बीच एक समय दूरी इतनी बढ़ गई कि जहांगीर ने बगावत कर दी और इलाहाबाद में अपना अलग दरबार बना लिया। इसी बीच सन 1599 में जहांगीर की मुलाकात वीर सिंह बुंदेला से हुई। इससे पहले राम चंद सन 1592 से 1599 के बीच कई बार मुगल सेना की मदद लेकर वीर सिंह पर हमला कर चुके थे लेकिन वीर सिंह को पकड़ने में वह कभी कामयाब नहीं हो पाए। अबुल फजल को जहांगीर अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानते थे। अबुल फजल की वजह से उनके आगरा लौटने के सारे रास्ते बंद होते जा रहे थे।

# सहज मौन

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**अगर** आध्यात्मिक प्रक्रिया को एक आनंददायक प्रक्रिया बनाना है, तो इसका एक तरीका भक्ति है, नहीं तो आपको अपने भीतर अंतर को समझने का एक बेहद तीक्ष्ण भाव विकसित करना होगा। इस बिंदु पर पहुंचने के लिए आपको अतीत के अनुभवों और आदतों से नहीं, बल्कि विवेक-विचार के साथ पहुंचने की जरूरत है, जिससे आप साफ तौर पर देख सकें कि क्या सत्य है और क्या सत्य नहीं है। अगर आप इस रास्ते जाते हैं, तो आपका मन चाकू की धार की तरह तेज हो जाएगा, जो चीजों के आर-पार जाकर उन्हें स्पष्टता से देख सके। अगर ये दोनों चीजें संभव नहीं हैं तो अगली संभावना है कि आप अपनी ऊर्जा को उस सीमा तक ले जाएं कि जहां ये सब चीजें मायने ही नहीं रखतीं। आपका मन गलत भी हो सकता है। लेकिन आपकी जीवन-ऊर्जा गलत नहीं हो सकती। उसकी क्षमता कम व ज्यादा हो सकती है। तो अगर आपकी ऊर्जा उच्च स्तर पर जा रही है, तो यह बिल्कुल ठीक है। अगर ऊर्जाएं इतनी ऊपर जा रही हैं कि वे आपके शरीर से फिसली जा रही हैं तो यह और भी अच्छी बात है। या फिर ऐसा करें कि आप खुद को किसी सेवा में लगा दें। जो भी चीज सहज तौर पर आपको अर्थपूर्ण लगती है, उसकी सेवा में खुद को लगा दें। इनमें से कोई भी काम हमें करना ही चाहिए, वर्ना आध्यात्मिक प्रक्रिया बहुत ही तकलीफदेह हो जाएगी। अगर आप अपने कदम पीछे खींच लेंगे तो आप फिर से अपनी पुरानी स्थितियों में होंगे, जो अच्छी बात नहीं होगी।

## आपके ट्वीट

**बड़ा** खूबसूरत रिश्ता है
हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

**परिवार** के साथ शक्तिपीठ रजरप्पा में माँ छिन्नमस्तिका के दर्शन कर समस्त झारखण्डवासियों के स्वस्थ जीवन, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।
जय माँ छिन्नमस्तिका!
**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**





**सन 2023** के पहले दिन कोडरमा के ध्वजाधारी मंदिर में पूजा अर्चना कर आप सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ जीवन, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।
**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# पहली बार एथनाल का उपयोग रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**सुधांशु कुमार**

**भारत** में पहली बार पेट्रोल में एथनाल मिश्रण 7,2 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। आपूर्ति वर्ष 2020-21 (दिसंबर से नवंबर) के पहले 4 महीनों के दौरान यह किया जा सका है। इससे देश 2022 तक 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रण के लक्ष्य की ओर बढ़ा है।

उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि अगर तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) अगले कुछ महीने के दौरान पूरी मात्रा में एथनाल ले लेती हैं तो मिश्रण का अखिल भारतीय स्तर नवंबर 2021 में सीजन के अंत तक 8 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अब तक पेट्रोल में एथनाल मिलाने का अखिल भारतीय स्तर पर सबसे बेहतर अनुपात करीब 5.2 प्रतिशत रहा है।

दरअसल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गोवा, दमन और दीव में करीब 9.5 से 10 प्रतिशत एथनाल मिलाया गया है। इसका मतलब यह है कि ये राज्य 2022 के मिश्रण के 10 प्रतिशत लक्ष्य के करीब हैं। हालांकि यह आसान नहीं रहा है।

चीनी उद्योग का कनहा है कि 2020-21 सत्र के पहले चार महीने में मिश्रण और ज्यादा हो सकता था, लेकिन तेल विपणन कंपनियों की ओर से प्रत्येक डिपो में एथनाल भंडारण क्षमता के अनुमान में कुछ रणनीतिक त्रुटियां हुईं। इसकी वजह से मिलों को डिपो में एथनाल की आपूर्ति करनी

## आर्थिक

पड़ी, जो उनकी उत्पादन इकाइयों से दूर थे। उद्योग जगत के सूत्रों के आंकड़ों के मुताबिक 29 मार्च तक ओएमसी ने 2020-21 के लिए 4.57 अरब लीटर एथनाल की जरूरत बताई ती, जिसमें से 3.25 अरब लीटर के लिए कंपनियों की बोली को अंतिम रूप दिया गया। वहीं करीब 2.98 अरब लीटर एथनाल के लिए पहले ही अनुबंध हो चुका है, जिसमें से 1 अरब लीटर की आपूर्ति हो गई, जबकि शेष की डिलिवरी होनी है।

इसमें से करीब 77 प्रतिशत या 0.77 अरब लीटर एथनाल बी-हैवी मोलैसिस और गन्ने के रस से बनाया गया है, जिसकी वजह से 8 लाख टन अधिशेष चीनी में कमी आएगी। कुल मिलाकर उद्योग जगत का मानना है कि 2020-21 में करीब 20 लाख टन टीनी का उत्पादन कम होगा क्योंकि गन्ने का इस्तेमाल एथनाल के लिए हो रहा है।

चीनी कंपनियों का आरोप है कि ओएमसी ढुलाई की लागत वास्तविक दरों की तुलना में बहुत कम वापस कर रही हैं, क्योंकि आधार दर अक्टूबर 2020 में तय की गई थी (ईंधन के दाम बढ ? के पहले)। इसकी वजह से चीनी कंपनियों के ऊपर 3 से 5 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त बोझ अपनी जेब से भरना पड़ रहा है।

डीजल की दर अक्टूबर 2020 के बाद 25 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) सहित चीनी कंपनियों ने सुझाव दिया है कि अगर ओएमसी को लगता है कि ढुलाई की लागत में बदलाव नहीं हो सकता है तो ओएमसी को खुद ट्रांसपोर्ट कांट्रैक्ट करना चाहिए (जैसा कि पेट्रोल आपूर्ति के मामले में वे करती हैं) और उनका नाम चीनी कंपनियों को दिया जाना चाहिए।अधिकारी ने कहा, 'इस तरह से चीनी कंपनियों को ढुलाई का शुल्क वापस नहीं लेना होगा, जबकि डीजल की आपूर्ति भी बहाल हो सकेगी।'

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के महानिदेशक अविनाश वर्मा ने कहा, 'हम आसानी से ज्यादा एथनाल की आपूर्ति कर सकते थे, अगर ओएमसी द्वारा कुछ डिपो के अनुमान लगाने में त्रुटि नहीं होती।'

## कॉर्टून वर्ल्ड

अमेरिकी राजनीति




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- निशीकांत, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।
**-हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# उर्दू एवं फारसी भाषा के महान शायर थे गालिब

## व्यक्तित्व

**योगेश कुमार गोयल**

**दुनियाभर** में वैसे तो कई बेहतरीन शायर हुए हैं लेकिन मिर्जा गालिब को उर्दू के सबसे बेहतरीन शायर के रूप में याद किया जाता है। हालांकि अपनी शायरी में उन्होंने फारसी का बहुत ज्यादा प्रयोग किया, इसलिए भले ही वह आम आदमी की समझ से दूर रही लेकिन फिर भी मिर्जा गालिब आम आदमी के दिल के करीब रहे। वह ऐसे महान शायर थे, जिन्होंने अपनी बेहतरीन शायरी के जरिये लोगों को जिंदगी के मायने समझाए। आप भले ही जिंदगी के किसी भी मोड़ पर खड़े हों, पारम्परिक भक्ति और सौन्दर्य रस से भरपूर उनकी शायरी हमेशा आपके साथ खड़ी मिलेगी।

27 दिसम्बर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा गालिब का वास्तविक नाम मिर्जा असदउल्लाह बेग खान था और गालिब उनका उपनाम था, इसीलिए अपनी शायरी के साथ वे मिर्जा गालिब नाम से लोकप्रिय हुए। उनके पिता का नाम मिर्जा अब्दुल्ला बेग तथा माता का नाम इज्जत-उत-निसा बेगम था। जब वे महज पांच वर्ष के थे, तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। महज 13 साल की उम्र में मिर्जा गालिब का निकाह नवाब इलाही बख्श खान की बेटी उमराव बेगम के साथ हुआ और गालिब की कुल सात संतानें हुई मगर अफसोस कि उनमें से कोई भी जीवित नहीं रही। जीवन का यह गम उनकी शायरी में भी घुलता रहा। उनकी इस शायरी में उनका दर्द स्पष्ट झलकता था, बेवजह नहीं रोता इश्क में कोई गालिब, जिसे खुद से बढ़कर चाहो वो रुलाता जरूर है।

मिर्जा गालिब फारसी और उर्दू के कितने बड़े हस्ताक्षर थे, यह इसी से आसानी से समझा जा सकता है कि सोहराब मोदी ने 1954 में उनकी शख्सियत पर बॉलीवुड फिल्म मिर्जा गालिब बनाई, छोटे पर्दे पर भी गुलजार ने 1988 में मिर्जा गालिब नामक टीवी सीरियल बनाया, जो काफी प्रसिद्ध रहा। मिर्जा गालिब फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था, जिसमें भारत भूषण ने मिर्जा गालिब का किरदार निभाया था। ह्यमिर्जा गालिबह्न टीवी सीरियल में मिर्जा गालिब का किरदार नसीरूद्दीन शाह ने निभाया था। पाकिस्तान में भी मिर्जा गालिब पर 1961 में एक फिल्म बनाई जा चुकी हैं। इसके अलावा मिर्जा गालिब की 220वीं जयंती पर वर्ष 2017 में गूगल द्वारा उन्हें डूडल से श्रद्धांजलि भी दी गई थी। जिंदगी के हर पहलू पर उनका नजरिया, उनका अंदाजे बयां, उनकी कलम और कलाम, उनकी शख्सियत उन्हें बेजोड़ बनाता है। मोहब्बत, बेवफाई, रुसवाई और जिंदगी से लेकर जन्नत तक पर उन्होंने बहुत कुछ लिखा है। गालिब मूलतः फारसी के शायर थे लेकिन उर्दू में भी उन्होंने भरपूर लिखा, इसीलिए कहा जाता है कि उनके जैसा शायर दुनिया में संभवतः दोबारा नहीं होगा।

इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया, वरना हम भी आदमी थे काम के, दिल-ए-नादां तुझे हुआ क्या है, आखिर इस दर्द की दवा क्या है, मैं नादान था जो वफा को तलाश करता रहा गालिब, यह न सोचा के एक दिन अपनी सांस भी बेवफा हो जाएगी, ह्यतेरी दुआओं में असर हो तो मस्जिद को हिला के दिखा, नहीं तो दो घूंट पी और मस्जिद को हिलता देखह्न, ह्यइस सादगी पे कौन न मर जाए ऐ खुदा, लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं, वो आए घर में हमारे, खुदा की कुदरत हैं! कभी हम उनको, कभी अपने घर को देखते है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## घने कोहरे के कारण कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

**कटकमदाग।** कटकमदाग में घने कोहरे के कारण एक बोलेरो कार पूल के निचे गिर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार त्रिवेणी सैनिक के कर्मचारी प्रातः काल अपने गंतव्य स्थल की ओर जा रहे थे। घने कोहरे के कारण ड्राइवर को पुलिया का पता नहीं चला और गाड़ी पूल के निचे पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में फंसे लोगों को स्थानीय लोगो की मदद से निकाला गया। जिसके बाद घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इनका सबो का इलाज चल रहा है। घायलों में विवेक मिश्रा, अशोक कुमार एवं एक गाड़ी का ड्राइवर है जिसका नाम नहीं पता चल सका है।

## अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के सदस्यों ने बंधु तिर्की से किया मुलाकात

**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति बरही विधानसभा के द्वारा पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की से मुलाकात किया। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति बरही विधानसभा के सदस्यों ने बंधु तिर्की को नव वर्ष की बधाई दिया। साथ ही बुके देकर संयुक्त रूप से स्वागत किया। मौके पर अध्यक्ष अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति बरही के अध्यक्ष मो क्यूम, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस रुस्तम अली, मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, संरक्षक पप्पू खान, मो जावेद हुसैन, मो नईम, मो कलीम, मो समीम आदि उपस्थित रहें।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, सामाजिक समस्या, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## डीवीसी रैयत कों लेकर बरही बैठक

**बरही।** प्रखण्ड के बसरिया कोलंगा में डीवीसी रैयत बंदोबस्ती को लेकर बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने अपने पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों के बीच एक बैठक किया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में कैंप लगाकर जमीन से संबंधित कार्य किए जाएंगे, जिसका आयोजन पंचायत सचिवालय में किया जाएगा जो लगातार चलता रहेगा। जिसमें उनके भूमि से संबंधित कागजातों का जांच पड़ताल कर उसे म्यूटेशन के लायक बनाया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रघुनंदन यादव, सुरेंद्र यादव, राजेश यादव, संतोष, कपिल राणा, अरविंद कुमार शर्मा, नागेश्वर सिंह, लतीफ मियां, सिद्धेश्वर यादव, घनश्याम सिंह, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, प्रकाश ठाकुर, राजेंद्र यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक सोहन यादव, लक्ष्मण ठाकुर व अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## जिप उपाध्यक्ष ने अवर निबंधक विकास कुमार का किया स्वागत

**बरही।** बरही अवर निबंधन कार्यालय में नए रजिस्ट्रार विकास कुमार ने पदभार ग्रहण किया है। नए रजिस्ट्रार विकास कुमार से जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए बुके देकर स्वागत किया। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि वर्षों से स्थायी रूप से रजिस्ट्रार नियुक्त नहीं थे। प्रभारी रजिस्ट्रार के माध्यम से रजिस्ट्री का कार्य नियमित रूप से नहीं चल पा रहा था। जिसके कारण बरही अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, रमेश यादव, राजेन्द्र यादव , सुरेश यादव उपस्थित रहें।

### होटल लॉ मेरिटल में भाजपा ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# महागठबंधन सरकार ने 3 वर्ष में राज्य के लोगों को ठगने का कार्य किया: सीपी सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** होटल लॉ मेरिटल में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की उपस्थिति में प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता को रांची विधायक सह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल के 3 वर्ष में राज्य में भ्रष्टाचार व अपराधिक घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल में 5 हजार बलात्कार, 5258 हत्या सहित हजारों चोरी की घटनाएं हुई हैं। 3 वर्षों में राज्य में उद्योग धंधे चौपट हो गये हैं। राज्य सरकार केवल ट्रांसफर पोस्टिंग में लगी है। राज्य में खनिज की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है पर राज्य सरकार इस ओर ध्यान नही दे रही है। विधायक सिंह ने कहा कि अपने चुनावी वादे रोजगार और बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने के वादे को भी राज्य सरकार भूल गई। रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में स्पेशल फोर्स में नियोजित आदिवासी युवाओं को बेरोजगार किया गया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में राज्य में नक्सलवाद फिर से बढ़ रहा है। अपनी भ्रष्टाचार और नाकामियों को छुपाने के लिए जल्दबाजी में मुख्यमंत्री ने 1932 का कार्ड बिना नियोजन नीति को स्पष्ट किए विधानसभा में पास करवाया । पर इसे लागू करने की जगह इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र को भेज कर लटकाने का काम किया है। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र केसरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजीत सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि प्रो. आलोक सिंह, डॉ.संजय सिंह, ऋषिकेश सिंह आदि मौजूद थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते सीपी सिंह

## बसरिया मोहल्ला तक होगा नाली निर्माण: अंबा प्रसाद

**बड़कागांव।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर विगत दिनों उपायुक्त हजारीबाग को पत्र प्रेषित कर विधायक ने बड़कागांव मुख्य चौक के काली मंदिर किसान मेडिकल हॉल, संजय खंडेलवाल, युगल खंडेलवाल, मछली बाजार, शंभू चौरसिया के दुकान से लेकर डेली मार्केट होते हुए बृजेश वर्मा के घर तक व जयराज महतो के घर से लेकर दुसाध मोहल्ला होते हुए बसरिया मोहल्ला के धर्मेंद्र सोनी के घर तक नाली की खराब स्थिति व गंदा पानी मुख्य सड़क में बहने के कारण गंदगी व बदबू से बाजार के लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया था। जिसके बाद जिला योजना अनाबध्द निधि से उक्त नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई तथा इस संदर्भ में जिला परिषद हजारीबाग के द्वारा निविदा भी प्रकाशित कर दी गई है, 34 लाख की लागत से उक्त नाली का निर्माण कराया जाएगा। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि जिला योजना अनाबध्द निधि से बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम नापोखुर्द में पूरन साव के घर से मुख्य पथ होते हुए श्मशान घाट तक पीसीसी पथ का निर्माण भी लगभग 40 लाख की लागत से किया जाएगा।

## हजारीबाग नेशनल पार्क इको सेंसेटिव जोन के दायरे कम कराने को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत इटखोरी मोड़ पाण्डेय होटल के समीप स्थित गणपति लाइन होटल में जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता एवं पदमा प्रमुख बिना देवी की नेतृत्व में एक कमेटी बनाकर हजारीबाग के भाजपा सांसद जयंत सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा गया। उनसे आग्रह किया गया कि जल्द से जल्द समस्या का हल करने की कोशिश करें। ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि किस तरह सन 1955 से सन 2019 ईस्वी तक भारत सरकार की वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा इको सेंसिटिव जोन के दायरे में वृद्धि की गई की गई है। जहां सन 1955 ईस्वी में हजारीबाग नेशनल पार्क की 184 वर्ग किलोमीटर वन भूमि को हजारीबाग नेशनल पार्क के लिए घोषित किया गया था, वही सन 2019 ईस्वी की भारत सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार 10 प्रखंडों के 218 गांव तथा तथा 573. 86वर्ग किलोमीटर वन भूमि को इको सेंसेटिव जोन के अंदर शामिल किया है। सांसद जयंत सिन्हा से आग्रह किया गया कि अगर इको सेंसेटिव जोन की दायरा कम नहीं हुई तो इसी क्षेत्र के लोगों की रोजी-रोटी छिन जाएगी। भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा नेता नारायण यादव, अजय मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, परमेश्वर पांडे, सूरजपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, बिहारी पंचायत के मुखिया चंचला कुमारी, पिंडार कोन पंचायत के मुखिया सविता देवी, सहित अन्य ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूजा के दौरान सौंदा डी मंदिर में महिला की हुई मौत, शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी शिव मंदिर में मंगलवार को पूजा करने के दौरान एक महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सौंदा डी शक्ति नगर निवासी 68 वर्षीय अहिल्या देवी पति शशि भूषण सिंह का मंगलवार को शिव मंदिर की साफ-सफाई के बाद पूजा करने गई थी। सभी देवी-देवताओं के पूजन करने के बाद ज्यों ही अहिल्या देवी शिवलिंग पर जलाभिषेक कर रही थीं उसी दौरान एकाएक हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। पूजा के दौरान अहिल्या देवी के साथ उनका पोता वहीं खड़ा था। जानकारी के अनुसार अहिल्या देवी शिवलिंग को पकड़े काफी समय तक एक ही मुद्रा में स्थिर हो गईं तो पास में खड़ा उनके पोता ने इसकी जानकारी तुरंत घर जाकर अपने पिता को दी। जहां से उनके पुत्र ने आनन-फानन में अपनी मां को तत्काल सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले गये। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने परिजनों को बताया कि हृदय गति रूकने के कारण इनकी मौत हुई है। मृतका अपने पीछे पुत्र संतोष सिंह, मनोज सिंह, पुत्री रेणु सिंह सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से पूरे सौंदा डी पंचायत में शोक की लहर उमड़ पड़ी। शोक व्यक्त करने वालो में मुखिया उपेन्द्र शर्मा, पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, संजय भारती, अंजिना एक्का, किरण देवी, नरेंद्र कुमार, राकेश सिन्हा, अमन तिवारी, सुबोध रजक, अरविंद ओझा, अस्लम अंसारी, नीलम कुमारी सहित दर्जनों लोगो शामिल थें।



स्व.अहिल्या देवी की फाईल फोटो

## बच्चों को पठन-पाठन में नहीं होगी कोई दिक्कत : आशा देवी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को 3 से 6 वर्ष के 55 बच्चों के बीच दो-दो शेट स्वेटर, गर्भवती धातृ महिलाओं और 7 माह से 3 वर्ष के बच्चों के बीच टीएचआर का वितरण किया गया। उक्त सामग्रियों का वितरण करते हुए पंचायत की मुखिया आशा देवी ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को गरीब ग्रामीणों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। मुखिया ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने-अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव, उप मुखिया विमलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार, वार्ड सदस्य मंजूलता कुमारी, कांति कुमारी, आगनबाड़ी सेविका सुलेखा बनर्जी, अंजू देवी, गुंजा कुमारी बैठा, सहायाकि सुजीता देवी, चंचला देवी, सुमित्रा देवी, रंजय यादव, रेणु कुमारी, कलाम अंसारी सहित दर्जनों बच्चे मौजूद थें।

## नम आंखों ने दी गयी राम प्रकाश भाई पटेल को विदाई



**विष्णुगढ़।** पूर्व सांसद सह मांडू के पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के बड़े पुत्र राम प्रकाश भाई पटेल का विगत 1 जनवरी को दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया था। राम प्रकाश भाई पटेल झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य थे एवं मांडू विधानसभा से झामुमो के टिकट पर दो बार विधानसभा चुनाव भी लड़े थे। अपने सरल स्वाभाव एवं मिलनसार व्यक्तित की वजह से वे अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। कल रात लगभग 9 बजे उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से बनासो स्थित आवास में लाया गया जहां उनके चाहने वालों एवं शुभचिंतकों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अंतिम यात्रा में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, झारखंड सरकार के राज्य मंत्री फागु बेसरा, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, बरही विधायक अकेला यादव, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव, बिष्णुगढ़ प्रमुख जेबुन निशा, चंद्रनाथ भाई पटेल, बिष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रखंड विकाश पदाधिकारी संजय कोंगाडी, गिरजा साव, मो.इजहार, भुनेश्वर पटेल, टेकोचंद महतो, कपिलदेव चौधरी, मुखिया चानो प्रतिनिधि डुमरचंद महतो,उत्तम महतो, नंदू प्रसाद गुरु प्रसाद साव, रवि सिंह समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

# आजीविका महिला संगठन ने किया वार्षिक ग्राम सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** जेएसएलपीएस अंतर्गत आजीविका महिला संगठन की कुजू पश्चिमी महिला समूह द्वारा वार्षिक ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जेएसएलपीएस के वीओ रोशन आरा ने करते हुए महिला समूह के द्वारा अबतक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी मौजूद लोगों को दी। कहा कि अबतक लगभग डेढ़ सौ महिलाएं समूह के माध्यम से बैंक ऋण लेकर विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को समूह से जुड़ने का आह्वान किया। वहीं मुख्य अतिथि श्री ओझा ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए पूरी इमानदारी के साथ काम करने की बात कही। महिलाओं के इस प्रकार के संगठन बनने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं और पैसे की बचत भी कर रही हैं जो काफी सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम के अंत में संगठन में अच्छे कार्य करने वाले सदस्यों को मुखिया के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीओ रोशन आरा, आजीविका महिला संगठन की अध्यक्ष संदीपा केसरी,कोषाध्यक्ष संगीता देवी, सचिव रीना देवी, एडब्ल्यू यशोदा देवी, शांति देवी समूह की सोनी देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, अंजू देवी, मंजू देवी, किरण देवी, विभा देवी,सरिता देवी, बबीता देवी, गुड़िया देवी, श्यामा मिश्रा, जूही परवीन, निक्की परवीन सहित काफी संख्या में महिला समूह की सदस्या मौजूद थीं।



# झूठे वायदा कर दिग्भ्रमित कर रही है सरकार: जयंत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो में नए वर्ष के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने बरही पूर्वी व पश्चिमी मंडल के सौजन्य से कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सांसद जयंत सिन्हा को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार पर तंज कसते हुए सोरेन सरकार के जनसेवा के तीन वर्ष कार्यकाल जनसेवा के तीन वर्ष सिर्फ में मात्र झूठ, लूट व कूटनीति बताया। कहा कि झारखंड सरकार लोगों के साथ झूठे वायदा कर दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। उन्होंने पार्टी की जीत व हार के लिए कार्यकताओं की अहम भूमिका को विस्तार से बताया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टुन्नू गोप, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बंधन यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, भंडारों मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।



लोगों को संबोधित करते सांसद जयंत सिन्हा व अन्य

### एक नजर में

## मलकोको मुखिया ने प्रधानमंत्री सड़क योजना निर्माण को लेकर सांसद को सौपा मांगपत्र

**बरही।** मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को पंचायत के विभिन्न अधूरे पड़े सड़क कालीकरण को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने बेलादोहर से बुंडू आरईओ रोड तक प्रधानमंत्री सड़क योजना का निर्माण, आरईओ रोड से बाघमारा ग्राम तक प्रधानमंत्री सड़क योजना का निर्माण, ग्राम पड़रिया आरईओ रोड से राजेन्द्र प्रसाद घर तक प्रधानमंत्री सड़क योजना निर्माण, ग्राम मलकोको के आरईओ रोड से कसियाटांड टोला तक प्रधानमंत्री सडक योजना निर्माण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकोको को उत्क्रमित हाई स्कूल में अपग्रेड करना शामिल है। इस दौरान मुखिया विजय यादव ने बताया की पंचायत के विभिन्न सड़क निर्माण अधूरे पड़े हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता मौजूद थे।

## स्वास्थ्य कर्मी मोहम्मद मोबिन हुए सेवानिवृत

**दारू।** स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो के कर्मी मोहम्मद मोबिन 27 वर्ष तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत हो गए। स्वास्थ्य केंद्र में इस मौके पर मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। विदाई के मौके पर पर मोहम्मद मोबिन के साथ सहकर्मी काफी भावुक हो गए। विदाई कार्यक्रम के दौरान भावुक होते हुए सेवनिवृत हो रहे कर्मी ने कहा की वर्ष 1997 में इसी केंद्र में उनकी जॉइनिंग हुई थी और इसी केंद्र से 31 दिसंबर 2022 को सेवनिवृत हुआ। इस दौरान उमेश प्रसाद,आलोक कुमार,देवासिष मित्रा,सुषमा कुमारी, संगीता कुमारी,अमर कुमार , भोला प्रसाद, सुगंती कुमारी आदि मौजूद थे।

## फाइनल मुकाबले में छक्का मारने वाले खिलाड़ियों को मिलेगा चांदी का सिक्का: दशरथ महतो

**बड़कागांव।** प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में टी 10 क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन उप मुखिया अमर कुमार राणा व पत्रकार पिंटू कुशवाहा के अलावा अन्य खेल प्रेमियों के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया है। जिसमें प्रखंड के 16 पंचायतों के खिलाड़ी भाग लिए हैं ।सभी मैच नॉ ऑट के आधार पर खेली जा रही है ।भाग लेने वालो में बादम,सिरमा, बड़कागांव मध्य,बड़कागांव पश्चिमी, चेपाकला,नापोकला की टीम दूसरे राउंड में प्रवेश कर गई हैं। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए विकास सेवा समिति व ज्ञानोदय स्कूल के अध्यक्ष सह समाजसेवी दशरथ कुमार महतो एवं उनके पुत्र रामरूद्र के द्वारा फाइनल मैच में छक्का मारने वाले खिलाड़ियों को प्रति छक्का एक चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर दशरथ कुमार महतो ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ एक निश्चित प्लेटफार्म की जरूरत है।

## कंपनी, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच की जाएगी त्रिपक्षीय वार्ता: जयंत सिंहा

**बड़कागांव।** भाजपा प्रखंड प्रतिनिधिमंडल द्वारा बड़कागांव एवं केरेडारी में गैरमजरूआ जमीन का एनटीपीसी कंपनी के द्वारा भुगतान नहीं करने पर मंगलवार को पुर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। ज्ञात हो कि अन्य जगहों पर एनटीपीसी के द्वारा गैरमजुरूवा जमीन का भुगतान किया गया है परंतु बड़कागांव एवं केरेडारी में भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। मामले को लेकर सांसद जयंत सिन्हा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द एनटीपीसी, थ्रिवेणी सैनिक, प्रशासन, जनप्रतिनिधि के बीच गैरमजरूआ जमीन का रैयती के अनुकूल भुगतान, स्थानीय रोजगार समेत अन्य मुद्दों पर त्रिपक्षीय वार्ता की जाएगी। मुलाकात करने वालों में मुख्य रूप से पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,राजेश गुप्ता,दामोदर सिंह,अवध किशोर यादव, मुलचंद साव उपस्थित थे।

## सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई

**इचाक।** एस एम एस कोचिंग सेंटर अलोंजा खुर्द में प्रखंड इचाक में भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई । इस अवसर पर इस कोचिंग संस्थान के डारेक्टर प्रो सुबोध कुमार दास ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले एवम् इनके पति ज्योतिबा बाई फुले ने मिलकर 1 जनवरी 1848 को महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोले । इन्हे समाज सुधारक के नाम से जाना जाता है। महीला सशक्तिकरण, महिला पुनरविधवा, नारी शक्ति , को बढावा दिए । इस कोचिंग सेंटर के शिक्षक बैजू मेहता , शिक्षक संजय कुमार दास, शिक्षक सोहन कुमार दास, शिक्षक नकुल कुमार दास , उपस्थित थे। संस्थान के बच्चे क्लास 6 से क्लास 12 तक के बच्चे उपस्थित थे। मुस्कान कुमारी, दिव्या कुमारी, शीतल, छाया कुमारी, काजल कुमारी, प्रेरणा, ऋषि आदि बच्चे उपस्थित थे।

## झामुमो नेता के अग्नि संस्कार में शामिल हुए संजीव बेदिया

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह,प्रदेश कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ने झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राम प्रकाश भाई पटेल के अंतिम संस्कार में शामिल हुये। इस दौरान संजीव बेदिया ने कहा की झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय टेकलाल महतो का बड़ा पुत्र राम प्रकाश भाई पटेल का मार्च 2022 में ब्रेन स्ट्रोक हुआ था जिनका दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल मैं इलाज चल रहा था। 1 जनवरी को दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल में उनका निधन हो गया।अग्नि संस्कार में साथ साथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा,राकेश मिश्रा, संजय कुमार, नंद किशोर भुइयाँ, अशोक गुप्ता, राजेंद्र मुंडा, पवन तुरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले का 192वां जयंती मनाया गया

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत अडार में बामसेफ के भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के हजारीबाग जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान के नेतृत्व में माता सावित्रीबाई फुले का 192वा जयंती मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार दास ने कहा की सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जैसे सती प्रथा बाल विवाह विधवा होने पर पुनर्विवाह पुरजोर विरोध किए। 1848 से में एक पाठशाला सावित्रीबाई फुले के द्वारा खोला गया। 1852 ईसवी में दो और स्कूल स्थापित किए । मौके पर सिमरन, पुष्पांजलि, काजल, वर्षा, मनीष, दिव्यांश, श्याम, विशाल समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्व.रामप्रकाश भाई पटेल के अंतिम संस्कार में शामिल हुए आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी



**बासल (रामगढ़)।** झारखंड आंदोलनकारी, राज्य के कद्दावर नेता सह पूर्व सांसद स्व. टेकलाल महतो के बड़े पुत्र दिवंगत स्व. रामप्रकाश भाई पटेल का इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके पैतृक गांव में उनका अन्तिम संस्कार किया गया। अन्तिम संस्कार में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी शामिल होकर उन्हें नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी के अनुसार दिवंगत राम प्रकाश भाई पटेल का निधन एक जनवरी को अपोलो अस्पताल नई दिल्ली में इलाज के दौरान हो गया था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। साथ ही शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है। अंतिम संस्कार में शामिल रोशन लाल चौधरी ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्व. रामप्रकाश भाई पटेल मृदुलभाषी व मिलनसार व्यक्ति के मालिक थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को ढ़ाढस बंधाते हुए भगवान से पूरे परिवार को सहन शक्ति देने की प्रार्थना की।

## स्पीड न्यूज़

### जयपाल मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया



**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में मंगलवार को समाहरणालय मैदान में कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो द्वारा मुख्य अतिथि समेत सभी आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया। अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांतिज्योति सावित्री बाई ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन की गई। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय समिति के महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखंड निर्माण का नींव मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने रखी, वहीं से झारखंड अलग राज्य आंदोलन की शुरुआत हुई। श्री खान ने कहा कि जयपाल सिंह के शोषणमुक्त झारखंड के सपने अधूरे हैं। इस अवसर पर सूरज मोहन लकड़ा, जिला महासचिव शाहिद अहमद, जगदीश उरांव, सोमनाथ भगत, सुखदेव उरांव आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे।

### बीपीएम ने कर्मियों संग की बैठक

**भंडरा।** जेएसएलपीएस भवन में मंगलवार को बीपीएम विजय कुमार की अध्यक्षता में एसडीबीआरपी कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में एसएचजी महिला समूह के सभी सदस्यों का आधार सीडिंग करना, बैंक लिंकेज, फुनो झानो आशीर्वाद योजना सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीपीएम विजय कुमार ने कहा कि समाज के लोगों को अंधविश्वास, नशापान के प्रति जागरुक करने में एसडीबीआरपी का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि सभी एसडीबीआरपी अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामीणों को अंधविश्वास, नशापान, अशिक्षा, बाल विवाह के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ आजीविका महिला समूह से जुड़ी महिलाओं का दस जनवरी तक शत-प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। मौके पर अंजना मिंज, भरत राम, रईसा खातून, उर्मिला देवी, प्रतिमा मिंज, पूनम देवी मौजूद थी।

### राजस्व वसूली में लाएं तेजी : सीओ

**भंडरा।** अंचल संबंधित कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से मंगलवार को भंडरा के अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसमें अंचल कार्यालय में लंबित आवेदनों के निपटारा, मुख्यमंत्री फसल राहत योजना की सूची जिला भेजने एवं राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अंचल से जुड़े कोई भी काम लंबित न रहे, इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंचल क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता और अंचल कर्मियों का कर्तव्य है। सभी राजस्व कर्मचारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में ग्रामीणों को राजस्व भुगतान के लिए जागरूक करें। साथ ही अंचल कार्यालय में सत्यापन के लिए जाति-आय, आवासीय प्रमाण-पत्र के लंबित कार्यों में तेजी लाएं। मौके पर प्रदीप कुमार, अबुल हसन, फेकुआ उरांव, नेहा कुमारी सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

### झामुमो में चार दर्जन लोग हुए शामिल



लोहरदगा। जिले में जेएमएम का प्रति लोगो में विश्वास देखने को मिल रहा है।मंगलवार को आजसू व अन्य दल को छोड़कर दर्जनों लोगो ने जेएमएम का दामन थामा। मौके पर नगर क्षेत्र के 4 दर्जन से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के कुशल नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा का जिला कार्यालय में दामन धामा। इधर विभिन्न दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल होने वाले लोगों का जिलाध्यक्ष व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान झामुमो में शामिल होने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार पूरे राज्य के युवाओं का आइकॉन बन गये हैं। युवा वर्ग के लोग बड़ी संख्या में प्रति दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से लोहरदगा जिला में झामुमो का जनाधार बढ़ा है।झामुमो में सामिल होने वाले में अहद खान, परदिप उरांव, कुलदीप साहू, रूपेश कुमार, कर्ण कुमा,र सूरज लोहरा, ईश्वर उरांव ,कुलदीप कुमार, मनीष कुमार, आकाश महली, खुर्शीद खान ,राशिद खान, संतोष कुमार, लालन कुमार, फरीद खान, सुजित कुमार, जीतू महली, रिजवान अंसारी, रूपेश, मुकेश कुमार, सिवास कुमार, कलाम आदि शामिल है।वही मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव, बालमुकुंद लोहरा,, अजय उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर भगत, साकिर हुसैन अंसारी, मोहसीन अंसारी, आशिफ कुरैशी, खुर्शीद आलम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भंडरा में केवा बिजनेस सेंटर खुला



**भंडरा।** भंडरा में भौरों मोड़ स्थित कैलाश उरांव के मकान में केवा वैलनेस सेंटर का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रीना उरांव के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर रीना उरांव ने वैलनेस सेंटर से लोगों को लाभ लेने का अहवान किया गया। जीप अध्यक्ष ने कहा कि यह वैलनेस सेंटर हर्बल एवं आयुर्वेद तरीके से रोगों का इलाज करते हुए लोगों को स्वस्थ रहने की जीवन पद्धति सिखाती है। मौके पर केवा वेलनेस सेंटर के डॉ डॉक्टर ए के सिंह ने कहा कि इस क्लीनिक में हर्बल ,आयुर्वेद से लोगों को स्वस्थ रहने का दवा दी जाती है। हर्बल आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जीवन जीना बताई जाएगी इस मौके पर जिप सदस्य राजमणि उरांव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा मींज, ममता उरांव शामिल उरांव, बैजू साहू, सत्यनारायण गुप्ता, अरविंद साहू, मुचलु उरांव, अनीता देवी, अंजनी शहदेव, उषा भगत ,वीरसी केरकेटा, राजेंद्र ऊराव ,कैलाश ऊराव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# गुमला जिले में 105 किमी सड़क का होगा निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से केंद्र सरकार ने दी स्वीकृति
- 682 करोड़ की लागत से टांगीनाथ धाम सड़क का जल्द होगा निर्माण

**गुमला।** गुमला जिला को नववर्ष में 105 किलोमीटर सड़क का तोहफा मिला है। सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से केंद्र सरकार के द्वारा 105 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति दी गई है। सभी सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनेंगे। 105 किलोमीटर सड़क का निर्माण लगभग 682 करोड़ की लागत से होगा। इन सड़कों में सबसे प्रमुख सड़क टांगीनाथ धाम की है। लंबे समय से डुमरी प्रखंड के लोग टांगीनाथ धाम सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। जिन सड़कों का निर्माण की स्वीकृति मिली है उनमें जैरागी से करौंधा 8 किलोमीटर, महुआडीह मझगांव से जैरागी टांगीनाथ तक 13 किलोमीटर, टोटाम्बी से बेलगढा गुनिया से तारागुटु 7.5 किलोमीटर, नौनी से आदर 7.5 किलोमीटर, भरनो से गुलैची टोली अमलिया जतरागाडी से अंबाटोली तक 10 किलोमीटर, भरनो प्रखंड के दुम्बो से पबिया बांध से बटकुरा तक 9.5 किलोमीटर, बिशुनपुर प्रखंड के चटकपुर से तेंदार तक 10 किलोमीटर, चैनपुर प्रखंड के गम्हरिया से टोंगो भाया लालगंज 9. 5 किलोमीटर, भेलवा टोली से लंगड़ा मोड़ तक भाया सुगसरवा तक 11 किलोमीटर, छतरपुर से हरा तक 10 किलोमीटर सड़क शामिल है। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा है कि क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर इन सभी सड़कों की स्वीकृति उनके प्रयास से केंद्र सरकार के द्वारा दिया गया। केंद्र की ओर से सड़क निर्माण के लिए राशि भी झारखंड सरकार को आवंटित कर दी गई है। सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण होने से क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ जाएंगे।



टांगीनाथ धाम जाने वाली जर्जर सड़क का हाल

# औने-पौने दाम में सड़क निर्माण को ली गयी जमीनः गीताश्री उरांव

**सिसई।** सिसई प्रखंड के लाकया डीबरा टोली के रैयतों ने पलमा-गुमला बाईपास सड़क निर्माण में उचित मुआवजा की मांग को लेकर मंगलवार को बैठक की। बैठक में प्रखंड के लाकया डीबरा टोली,पंडरिया, पोटरो, गुरूगांव व भदौली के रैयत शामिल हुए। बैठक में हाईकोर्ट का वकील लेकर पहुंची मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव ने लोगो की समस्या सुनी। मौके पर गीता श्री उरांव ने कहा कि भोले भाले ग्रामीणों की जमीन औने पौने दामो में सड़क निर्माण के लिए लूटा लिया गया और उपर से उचित मुआवजा भी रैयतो को नहीं मिल रहा है। सरकार का ये अन्याय चलने नहीं दिया जाएगा। सड़क निर्माण में अधिकतर जमीन आदिवासियों की गई है। सभी रैयत एकजुट हो न्याय दिलाया जाऐगा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद सिसई प्रखंड अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव ने कहा कि बाईपास सड़क निर्माण में सरकार औने पौने दाम देकर गरीब किसानो का जमीन को कब्जा कर रही है।



### चपरासी ने सल्फास खाकर की आत्महत्या का प्रयास



**गुमला।** जिला कृषि कार्यालय आत्मा में चपरासी के पद पर कार्यरत 40 वर्षीय राम प्रसाद साहु ने मंगलवार को सल्फास खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे कार्यालय के कर्मियों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। राम प्रसाद साहु गुमला थाना क्षेत्र के कोयंजारा महुआ टोली गांव का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार राम प्रसाद की पत्नी से किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद वह मंगलवार को कार्यालय में रखे दो सल्फास की गोली का सेवन कर लिया। जिसके बाद अचानक उसकी तबीयब बिगड़ने लगी तो कार्यालय के कर्मियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के समय उसकी पत्नी भी आफिस आयी हुई थी।

### कैरो में दिव्यांग महिला से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के बाघी गांव में एक अधेड़ महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार बाघी गांव निवासी जीती उरांव (काल्पनिक नाम) एक जनवरी से गायब थी। मंगलवार को उसका शव गांव के बाहर एक कुंआ से बरामद हुआ। कैरो थाना पुलिस ने शव को कुंआ से निकालकर जांच पड़ताल करते हुए सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया अधेड़ महिला के साथ चार-पांच युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुंआ में डाल दिया गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले में पुलिस द्वारा तीन लोगों को थाना लाकर पूछताछ किया जा रहा है। महिला दोनों आंख से दिव्यांग थी। साथ ही वह अविवाहित भी थी। थाना के एसआई ऋषिकांत कुमार ने बताया कि थाना लाकर तीन लोगों से पूछताछ किया जा रहा है। जांच पड़ताल किया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अभाविप ने केओ कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए विवि से की मांग**

**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुमला के प्रतिनिधि मंडल ने रांची यूनिवर्सिटी के सह संयोजक कुणाल शर्मा, जिला संयोजक डब्लू भगत और प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुमंत कुमार के अगुवाई में मंगलवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एजे खलखो से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए छात्र हित में 12 सूत्री मांग रखी। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में शिक्षकों की स्वीकृत पदों की संख्या से भी कम शिक्षक अपनी सेवा दे रहे हैं। इसके समाधान हेतु कॉलेज प्रशासन विश्वविद्यालय प्रशासन से अभिलंब शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर छात्रों को हो रही समस्या का समाधान करें। पुस्तकालय में सेमेस्टर आधारित पुस्तक छात्रों के लिए उपलब्ध हो और बैठने की सुविधा के साथ पुस्तकालय को डिजिटलाइज करते हुए छात्रों के लिए वाई-फाई की सुविधा और कंप्यूटर के व्यवस्था उपलब्ध कराने, विज्ञान संकाय के प्रयोगशाला में आधुनिक यंत्र और संसाधन उपलब्ध कराने, महाविद्यालय में शौचालय और पेयजल की उचित व्यवस्था करने, विद्यार्थियों को उनके प्रमाणपत्र जैसे मार्कशीट, एडमिट कार्ड, पंजीयन इत्यादि में त्रुटि होने पर सुधार कार्य सुनिश्चित कराने, छात्र छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने एवं कॉलेज प्रशासन से पूरे कैंपस में सीसीटीवी कैमरा लगाने और मुख्य गेट में गार्ड की व्यवस्था अविलंब कराने, महाविद्यालय में पढ़ने वाले वैसे छात्र जो शिक्षा ,कला, संस्कृति, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में महाविद्यालय या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हों या कर चुके हों उन सभी छात्रों का चयन करके उन्हें सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने, महाविद्यालय परिसर,क्लास रूम, शौचालय की साफ सफाई और विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने, महाविद्यालय के बीएड संकाय में छात्रों के लिए क्लास रूम की अपर्याप्त व्यवस्था है।



### आदिवासी समाज का पिछड़ेपन का कारण नशापानः बिरसा उरांव

सिसई। बघनी गांव में पड़हा का सतवा बैठक ग्राम प्रधान बिरसा उराँव की अध्यक्षता में हुई। बिरसा उरांव ने कहा कि आज आदिवासियों का पिछड़ेपन का कारण अंधविश्वास और नशापान है। इसलिए आदिवासी समुदाय के लोग अंधविश्वास और नशापान से दूर रहे और अपने बच्चे बचियों को शिक्षित जरूर करे। इससे सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है। सचिव मंगरा उरांव ने कहा कि पड़हा बैठक का उद्देश्य हर गांव में प्रत्येक रोज बैठक कर पूरे सिसई प्रखंड के सभी 52 पडहा को एक मंच में लाना है। तभी हमारे समाज को मजबूती मिलेगा और अपने हक अधिकार को हासिल कर पायेंगे। कोषाध्यक्ष उमेश उरांव ने कहा कि जब तक हम पड़हा समुदाय के लोग जागरूक नहीं हो जाते तब तक हम सब अपने हक अधिकार से इसी तरह वंचित होते चले जाऐंगे। पड़हा कोटवार गजेंद्र उरांव ने कहा कि पड़हा को मजबूत करना अब अतिआवश्यक हो गया है संगठित नहीं होने के कारण आदिवासी लोग हर तरह के लाभ वंचित होते जा रहे हैं। बैठक को कैप्टन लोहरा उरांव, शनिया उराँव, करमचंद उरांव ने की।

# सरकार के तीन साल में भ्रष्टाचार : भाजपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कई विभागों में मंत्री कर रहे हैं टेंडर मैनेज : प्रदीप सिन्हा**



**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन अटल भवन नगर मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, सुनील श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि वर्तमान झारखंड यूपीए गठबंधन की झूठ और लूट के 3 साल पूरे हुए हैं झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। राज्य भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। राज्य में व्याप्त इस प्रचंड भ्रष्टाचार को जेएमएम, कांग्रेस, राजद की संयुक्त सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री के निर्वाचन जिले में तो भ्रष्टाचार का एक इतिहास ही रच दिया है। साथ ही मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी तक संलिप्त हैं। क्षेत्रीय स्तर पर किसको प्रखंड विकास पदाधिकारी व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर का घूस लेते पकड़े जाना । मुख्यमंत्री स्वयं ने अपने हस्ताक्षर से खनन पट्टा लिया हो। देश में पहला राज्य झारखंड है।लूट में परिवार, मित्र मंत्री मंडल सभी शामिल हैं। राज्य सरकार वकीलों पर करोड़ो रुपए खर्च कर जनता की गाढ़ी कमाई लूटा रही है। योजनाओं, ठीका-टेंडर व विभिन्न विभागों में मंत्री टेंडर मैनेज कर रहे हैं। आलमगीर आलम पर हाई कोर्ट की टिप्पणी राज्य सरकार के लिए शर्म की बात है।

झारखंड में हर माह करीब 100 करोड़ तक का बालू का अवैध कारोबार डंके की चोट पर किया जा रहा है। राज्य में विकास के सारे कार्य ठप्प है।अपराधियों की समानांतर सरकार चल रही है। जब चाहें, जहां चाहें अपराध को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोग दगा में भी सभी प्रखंडों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर महिलाओं की हत्या बच्चियों के साथ यौन शोषण अभी तत्काल के दिनों में निगनी, किसको में बच्ची से यौन शोषण हत्या ,नगजुआ ,खखपरता में महिला की हत्या और कल वृद्ध को गोली मारकर हत्या करने की कोशिश। साथ ही अपराधी के साथ-साथ महिलाओं के ऊपर थानेदार भी धौंस जमा रहे हैं। लोहरदगा के सेन्हा अरु गांव में ही अर्ध रात्रि को थानाध्यक्ष महिला के घर जाकर महिला के साथ दुर्व्यवहार करना कहीं न कहीं महकमा को बदनाम कर रहा है पर कार्यवाही नहीं हो रही। प्रवर्ती सरकार में लोहरदगा जिला को पर्यटक स्थल के रूप में देखते थे परंतु आज हथियारों का जखीरा लगातार बरामद हो रहा है यह सरकार की सुरक्षा प्रबंधन को आयना दिखाता है।

## एक नजर में

### हिंडालको ने 114 कारीगरों को दिया बंबू टूल किट



**गुमला।** सीएसआर के तहत मंगलवार को हिंडालको कंपनी के द्वारा 114 बांस कारीगरों के बीच बंबू टूल किट का वितरण प्रखंड कार्यालय सभागार विशुनपुर में किया गया। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आप लोगों के लिए आमदनी बढ़ाने के लिए हिंडालको सीएसआर के मद से बांस के कारीगरों के बीच टूल किट वितरण किया गया है। श्रम विभाग भी कई योजनाएं संचालित कर रही है। जिनमें कारीगर पहचान पत्र, सेफ्टी किट, टूल किट, विवाह एवं आपातकालीन सहायता भी प्रदान कर रही है। आप सबों का श्रम कार्ड बनवाना बेहद जरूरी है जो निकटतम प्रज्ञा केंद्र में बनवाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि हिंडालको सीएसआर द्वारा टूल किट का उपयोग उत्पादन और आमदनी बढ़ाने में सहायक है। अंचल अधिकारी धनंजय पाठक ने बांस के कारीगरों को प्रेरित करते हुए कहा कि इन टूलकिट्स के माध्यम से आप की आमदनी बढ़ेगी। सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिंडालको लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला द्वारा चयनित कुल 114 कारीगर हैं। उन्हें यह बंबू टूल किट प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में हिंडाल्को सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, भास्कर दास गुप्ता, अभय भारती, दीपक सिंह, मनोज चौधरी, प्रखंड समन्वयक प्रमोद कुमार, अजय कुमार समेत कारीगर मौजूद थे।

### डीडीसी ने किया डुमरी प्रखंड का निरीक्षण



**डुमरी।** उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने मगलवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं का जायजा लिया। डीडीसी ने बीडीओ, सीईओ , प्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया एवं कर्मचारियों के साथ बैठक भी की। डीडीसी श्री सती ने कहा कि डुमरी प्रखंड जिले से दूरस्थ प्रखंड है। नये साल में सभी अपने अपने कामों में सिथिल रहते है। इसलिए सभी पंचायतों के कर्मी को कार्य के प्रति गतिशील रहने के साथ ही अपने काम को सजगता से करने का निर्देश दिया। प्रखंड में चल रहें विकास योजनाओं की समीक्षा की। मनरेगा, पीएम आवास , 15 वें वित्त आयोग, के कार्यों में तेजी लाने एवम टारगेट पूरा करने का सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर,बीपीओ को निर्देश दिया। बैठक में काफी कार्यालय के कर्मचारी व अन्य उपस्थित थे।

### पंचायत समिति घाघरा की बैठक 6 को

**घाघरा।** घाघरा प्रखण्ड कार्यलय सभागार में आगामी 6 जनवरी को दिन के साढ़े दस बजे से पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आहुत की गई है। इस बाबत बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने मंगलवार को पत्र जारी कर जानकारी दी। बैठक में सांसद, विद्यायक या प्रतिनिधि, प्रमुख उपप्रमुख पंचायत समिति सदस्य, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चिकित्सा प्रभारी सहित अन्य कई विभाग के पदाधिकारि और संबधित प्रखण्ड व अंचल के कर्मी शामिल होंगे।

### विधायक को झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**गुमला।** झारखंड राज्यस्तरीय 15 सूत्री का गठन किया गया है। जिसमे गुमला विधायक सह जिला अध्यक्ष श्री भूषण तिर्की को राज्यस्तरीय सदस्य बनाया गया है। 15 सूत्री का राज्य सदस्य बनाये जाने पर जिला झामुमो के कार्यकर्ताओं के द्वारा भूषण तिर्की को बधाई दी गई है। बधाई देने वालों में केंद्रीय सदस्य सह जिला संगठन सचिव रंजीत सिंह सरदार, नगर परिषद उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, केंद्रीय सदस्य बलभद्र उरांव, जिला बीससूत्री सदस्य मो खुर्शीद आलम, युवा अध्यक्ष जेम्स तिर्की, संजय सिंह, जयवंत बागे, महादेव भगत, शकील खान, शीला कुजूर, सुधीराम किसान, नूरुल होदा, बी बी मिश्रा, नगर अध्यक्ष लड्डन खान, साजिद खान, प्रदीप सिंह, हरिओम साहू, बजरंग कुमार, बिनोद शाह, जगदीप साव, कृष्णा लोहरा, मनोज तिर्की, छोटू खड़िया, शशिभूषण उरांव, मुजाहिद अंसारी, अनवर खान, अफसर आलम, मो ग्यास,मो फैजी, बाबू खान, मो सुहैल, नाजिर खान, भैया राम आदि के नाम शामिल है।

### झारखंड नवनिर्माण दल का सम्मान समारोह 8 को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला जिला समिति द्वारा 8 जनवरी 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में सम्मान कार्यक्रम आयोजित की जाएगी । विदित हो कि झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा राज्यव्यापी 28 फरवरी 2023 को रांची में होनेवाली झारखंड को बचाने व राज्य हित के मुद्दों को लेकर तैयारी के लिए प्रमंडल स्तर के चुनिंदा पदाधिकारी 8 जनवरी 2023 को गुमला में जुट रहे हैं। इस मौके पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आम जनता की बात तथा खासकर भ्रष्टाचार व जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले पत्रकारों को सम्मान समारोह रखकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर जिला मुख्यालय में कार्यरत सभी पत्रकारों को आमंत्रित किया जाएगा और जनपक्षीय पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने के लिए सम्मान भी किया जाएगा। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से दल के केंद्रीय पदाधिकारी भी शिरकत कर रहे हैं ।\\बजरंग दल गुमला के गौ सेवा प्रमुख ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के गौ सेवा प्रमुख श्याम मंत्री ने बहुत ही आपातकालीन स्थिति में बी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके करौंदी गुमला स्थित अस्पताल में इलाजरत मरीज की जान बचायी। श्याम मंत्री ने अपना 35 वां बार रक्तदान किया है। उन्होंने बताया की वह हर 3 महीने में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज की मदद करते हैं। अब जल्द ही संगठन के द्वारा गुमला में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर कुलदीप सिंह, यशराज सिंह लैब टेक्नीशियन अंजू किन्डो रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### एड्स को लेकर प्रशिक्षण सह सेमिनार



**गुमला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री संजय कुमार चांधरियावी के मार्गदर्शन में जिले के पारा लीगल वालंटियर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के कार्यालय सहायकों के लिए एड्स को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह सेमिनार का आयोजन व्यवहार न्यायालय गुमला के हाल में किया गया। कार्यक्रम में एचआईवी एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम-2017 के विभिन्न प्रावधानों के उपर राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर अंजना मेरी टोप्पो ने पारा लीगल वालंटियर्स को जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी एड्स से संक्रमण के तरीके तथा इससे बचाव के उपाय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यह बीमारी पूरे विश्व के साथ साथ भारत वर्ष के लिए भी एक चुनौती है। इससे बचाव हेतु जागरूकता ही प्रमुख हथियार है। एचआईवी एड्स से पीड़ित रोगियों से समाज में जानकारी के अभाव में लोग भेदभाव का बर्ताव करते हैं जो कि कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। उन्हें भी समाज में सामान्य जीवन जीने का अधिकार है। सरकार उन रोगियों को निःशुल्क ईलाज के साथ साथ विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देती है। पारा लीगल वालंटियर्स अपने स्तर से अपने अपने कार्यक्षेत्रों में आम लोगों को इस रोग से बचाव के तरीके एवं रोगियों के साथ होने वाले भेदभाव के विरुद्ध जागरूक कर उन्हें विधिक सहायता प्रदान करा सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक अंजना मेरी टोप्पो ,पीएलवी नवीना साहू ,सोनू देवी, भूखसाए खेरवार ,नीलम लकडा, जोसेफ किणडो , तीतरु उरांव, विष्णु रौतिया , दीपक कुमार , डीएलएसए के जियाउल हक, प्रकाश पांडे ,मनीष कुमार आदि उपस्थित थे ।

स्पीड न्यूज

## सेमीफाइनल में बीएनटी संत मैरी



**गढ़वा।** शहर के गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में 11वें दिन बीएनटी संत मैरी की टीम ने आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीएनटी संत मैरी की टीम ने टॉस जीतकर आरके पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आरके पब्लिक स्कूल की पूरी टीम 11 ओवर में ही 43 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। 44 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम कुणाल प्रकाश के नाबाद 23 रनों के सहयोग से तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बीएनटी संत मैरी की टीम का मुकाबला एनटीसीए से होगा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएनटी संत मैरी के अजीत पासवान को प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी, सदस्य पंकज सोनी, अमित उपाध्याय और मनीष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रवीण मिश्रा, नवनीत दुबे, आलोक गुप्ता, सूर्य प्रकाश, अर्णव आनंद, निपुण, राजीव रंजन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन में संस्कारशाला



गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को नववर्ष एवं आगामी नए सत्र के आगमन को लेकर संस्कारशाला का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेषक मदन प्रसाद केशरी ने नववर्ष की शुभकामना एवं बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन सभी प्राणियों में श्रेष्ठ और महत्वपूर्ण है। जहां चेतन, ज्ञान और बुद्धि ही उसकी पहचान है। उसमें स्वाध्याय श्रेष्ठ और सुगम है, इसमें एकाग्रता प्रमुख है। यह एक तप और साधना है। स्वाध्याय का अर्थ स्वयं विद्या अध्ययन करना है और इसकी सहायता से जीवन निर्माण और सुधार संबंधित पुस्तकों का अध्ययन, श्रवण, मनन, चिंतन करना है। इससे आत्मज्ञान तथा दोषों का पता चलता है। मौके पर उपप्राचार्य बीके ठाकुर, शिक्षक विनय दुबे, उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, एनके सिन्हा, संजीव कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहीन, शिवानी कुमारी, सन्तोष प्रसाद, सुनीता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

## दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल



**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर की पहल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने मकरी पंचायत के कड़ियां निवासी सत्येंद्र साव को ट्राईसाइकिल एवं सुरेश राम को व्हीलचेयर प्रदान किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा गरीब, असहाय, वृद्ध एवं विकलांगो के लिए सरकार के द्वारा अनेको जन उपयोगी योजना चलाई जा रही है। साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। मौके पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी, सुचित्रा देवी, पिंटू आलम आदि मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती मनी



**मेराल।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतहरिया में मंगलवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महिला मुक्ति आंदोलन के प्रणेता सावित्री बाई फुले की 192वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुराई राम सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान आठवीं वर्ग के छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा निर्गत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत जारी की गई पांच हजार रुपए राशि का स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

## राशन कार्डधारी ने बीडीओ को घेरा



**कांडी।** पतरिया तथा सड़की गांव के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा कार्डधारी लाभुकों के बीच भारी अनियमितता बरतने के आरोप में मंगलवार को दोनों गांव के कार्डधारी लाभुक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार दास से मिलने प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे, लेकिन वे अनुपस्थित थे। इस कारण सभी लाभुक बीडीओ मनोज कुमार तिवारी का घेराव कर डीलर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया। लाभुकों ने लगभग आधा घंटा तक बीडीओ को घेरे रखा। बीडीओ द्वारा संतोषजनक आश्ववासन नहीं दिए जाने के कारण सभी कार्डधारी लाभुक बवाल काटते हुए प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगभग एक घंटा तक बैठकर प्रखण्ड कार्यालय के कर्मियों को अंदर आने जाने से रोक दिया। काफी समझाने बुझाने के बाद वहां से हटे। लाभुक मंजू देवी, मीना देवी, बिगनी देवी, सविता देवी, प्रभा देवी, अनिता देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, शारदा देवी, तारा देवी सहित अन्य लाभुकों ने आरोप लगाया कि सड़की गांव के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पुष्पा देवी के द्वारा ग्रीन कार्डधारियों के बीच चार माह से राशन की आपूर्ति नहीं की जा रही है।

## सतबहिनी झरना पहुंचे विधायक

कांडी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ पहुंचे विधायक सह झारखण्ड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी ने विकास कार्यो की समीक्षा की।चंद्रवंशी ने बताया कि सतबहिनी का पूर्ण विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य है। कहा कि लोग भ्रम फैला रहे है कि मैंने सतबहिनी को लूट लिया किंतु मैंने सतबहिनी से एक चुटकी मिट्टी तक नहीं ले गया। इस स्थल के विकास के लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। सतबहिनी को पक्की सड़क से जोड़ने के साथ साथ पंडी नदी पर दो-दो पुल, अस्पताल, दो विवाह मंडप, तीन यूनिट शौचालय, दो छठ घाट, झरना स्थल का सुंदरीकरण, दो तोरण द्वार सहित करोड़ों रुपए का कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि एक गेस्ट हॉउस व एक मल्टीपर्पस हॉल का कार्य प्रगति पर है।

# सरकारी अस्पतालों में हुई 7164 डिलीवरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सुरक्षित प्रसव के साथ ही गरीबों के बचे करोड़ों रुपये : उपायुक्त**
**सरकारी अस्पतालों पर बढ़ा लोगों का विश्वास, ओपीडी मरीजों की संख्या 40 हजार के पार**




**गढ़वा।** डीसी रमेश घोलप के स्वास्थ्य सुविधा के प्रति सकारात्मक पहल से जिले में सरकारी अस्पतालों पर आम जनों का विष्वास काफी बढ़ गया है। डीसी के पहल के बाद अब तक जिले के सरकारी अस्पतालों में रिकार्ड 7164 सुरक्षित प्रसव कराया गया है। जिससे निजी अस्पतालों में हो रहे गरीबों के करोड़ों रुपए की बचत हुई है। साथ ही ओपीडी में सामान्य मरीजों की संख्या माह में 40 हजार से भी पार हो गई है। डीसी रमेष घोलप ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में प्रोजेक्ट स्वास्थ्य शुचिता से संबंधित प्रेस वार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। डीसी ने बताया कि प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ देने एवं सरकारी अस्पतालों के प्रति लोगों का विश्वास बढाने के उद्देश्य से 11 जुलाई 2022 को प्रोजेक्ट स्वास्थ्य शुचिता की शुरूआत गढ़वा जिले में की गई। इस अभियान के तहत अपनाई गई रणनीति एवं उठाये गये कदम से यह सफलता मिली है। इसके तहत अवैध रूप से निबंधित एवं संचालित निजी अस्पताल के संचालकों, क्लीनिकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जुलाई से अबतक इस तरह के मामलों में कुल नौ अस्पतालों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है एवं 17 अस्पतालों को सील किया गया है। साथ ही नौ गिरफ्तारियां हुईं हैं। जुलाई माह में ही जिले के कुल निबंधित 117 अस्पतालों के संचालकों के साथ डीसी एवं सीएस ने बैठक कर उनको सीईए के प्रावधानों के तहत अस्पतालों में आवश्यक मानव संसाधन (चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ आदि), आवश्यक चिकित्सा उपकरणों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अहर्ता नहीं रखने वाले अस्पतालों को खामियों को सुधारने अन्यथा लाइसेंस सरेंडर करने की चेतावनी दी एवं भविष्य में जांच के क्रम में अनियमितता मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। सिविल सर्जन, स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न निजी अस्पतालों की जांच की गई एवं ससमय सुधार हेतु निर्देश, अनियमितता मिलने पर सील करना आदि कार्रवाईयां की गई। डीसी ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के रोस्टर में सुधार करते हुए विशेष कर सदर अस्पताल में रात्रि के समय चिकित्सक के उपलब्ध नहीं होने की शिकायत को दूर किया गया एवं 24 घंटे सातों दिन प्रसव एवं अन्य मरीजों के लिए चिकित्सक उपलब्ध रहे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

अभियान आरम्भ होने के पूर्व वर्ष 2022 में माह अप्रैल, मई, जून में संस्थागत प्रसव की संख्या क्रमशः 2071, 2168, 2306 थी। जो अभियान शुरू होने के पश्चात बढ़कर माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसंबर में क्रमशः 2821, 3452, 3487, 3494, 3486 तथा 3508 हो गई। अभियान के पूर्व तीन महीने में औसतन 2180 थी। जो अभियान के बाद बढ़कर छह महीने में 3378 हो गई। अभियान आरम्भ होने के पूर्व सदर अस्पताल में संस्थागत प्रसव की संख्या वर्ष 2022 में माह अप्रैल, मई, जून में संस्थागत प्रसव की संख्या क्रमशः 296, 305, 287 थी, जो अभियान शुरू होने के पश्चात बढ़कर माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसंबर में क्रमशः 365, 441, 445, 442, 457 तथा 489 हो गई। अभियान के पूर्व तीन महीने में औसतन 296 थी, जो अभियान के बाद बढ़कर छह महीने में 439 हो गई। डीसी ने बताया कि 117 निजी अस्पतालों में 52 अस्पतालों ने लाइसेंस सरेंडर कर दिया। सभी सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक रेफरल के मामले में 80 प्रतिशत की कमी आयी। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश राय, सदर उपाधीक्षक अवधेश सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पाण्डेय एवं डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह आदि त्र पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# विधायक सहित दर्जनों को सीजीएम कोर्ट से जमानत

**कोर्ट ने सड़क जाम करने और वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में दी जमानत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक गणेश गंझू सहित दर्जनों आरोपियों को चतरा कोर्ट ने बड़ी राहत दी है।

सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, राजेंद्र नायक, मिथिलेश कुमार, सुभाष कुमार दास, प्रमोद कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक गणेश गंझू, बिनोद बिहारी पासवान, तारकेश्वर गुप्ता, कन्हैया नायक, प्रयाग राम, अवध कुमार पासवान, रिंकू गुप्ता, विकाश मालाकार, गोपाल पासवान और अक्षयवट पांडे को सीजीएम कोर्ट ने सड़क जाम करने और वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में जमानत दी है। बता दें कि टंडवा थाना क्षेत्र के निवासी संजीत श्रीवास्तव की हाईवा की चपेट में आने से मौत हो गई थी। 22 दिसंबर 2014 को विधायक सहित अन्य नेता और ग्रामीणों ने सड़क जाम किया था। इस दौरान तोड़फोड़ की घटना घटित हुई थी. मामले को लेकर टंडवा थाना में 42 नामजद सहित 200 सौ अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बीते माह 14 दिसंबर को कोर्ट में आरोपी को सशीर उपस्थित होना था, लेकिन किसी कारण से नही पहुंच सके थे। इसके बाद मंगलवार को आरोपी कोर्ट पहुंचे, सभी आरोपी सीजीएम के कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे।

## कोडरमा में 6 थाना प्रभारी बदले गये

**तिलैया डैम ओपी प्रभारी बनी अमृता खलखो**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एक निर्देश जारी कर 6 थाना प्रभारियों का स्थानांतरण किया है, इसमें अवर निरीक्षक नीतीश कुमार को चंदवारा थाना प्रभारी बनाया गया है, अमृता खलखो को तिलैया डैम ओपी प्रभारी, महिला थाना में मदन मुंडा, एससी एसटी थाना में हरदुगन होरो, ढाब थाना में अखिलेश सिंह, नवलशाही थाना में अनिल कुमार और मरकच्चो थाना में लव कुमार को थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को 24 घण्टे के अंदर नवपदस्थापित स्थल पर योगदान करने का निर्देश दिया है।

# कोडरमा में सदर अस्पताल में फिर शुरू हुआ ऑर्थो ऑपरेशन



**कोडरमा।** सदर अस्पताल में एक बार फिर से ऑर्थो ऑपरेशन शुरू हो गया है, इससे आमलोगों की उम्मीदें बढ़ गयी है। अस्पताल में ऑर्थो ओपीडी और ऑपरेशन की सुविधा शुरू होने से मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वहीं मंगलवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष चन्द्र के द्वारा झुमरीतिलैया के तिलैया बस्ती निवासी भगीरथी देवी के कूल्हे का प्रत्यारोपण आयुष्मान भारत के तहत किया गया। डॉ. आशीष चन्द्र ने बताया कि महिला मरीज की उम्र करीब 80 वर्ष है और उनकी कूल्हे की हड्डी टूट गयी थी, किसी बड़े अस्पताल में ऑपरेशन होने से काफी खर्च होने की संभावना थी, मगर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत ऑपरेशन किया गया और महिला पूरी तरह स्वथ्य है। वहीं गिरिडीह जिले के पिहरा निवासी हर्ली देवी का आयुष्मान भारत योजना से बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन किये जा रहे हैं, इससे आमलोगों को काफी राहत हो रहा है, जो लोग पहले पैसे के अभाव में अपने रोग से सम्बंधित ऑपरेशन नही करवा पा रहे थे, अब वे आयुष्मान भारत के तहत निःशुल्क ऑपरेशन करवा कर बेहतर जीवन जी रहे हैं।

## मर्जर स्कूलों को खोले सरकार : साबिर हुसैन



**चतरा।** राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह पंद्रह सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्य हाजी साबिर हुसैन ने कांग्रेस पार्टी के विधायक दल के नेता सह संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर से मिलकर चतरा की मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया वहीं मर्जर स्कूलों को पुनःखोलने का आग्रह किया। राज्य सरकार ने 2021ही में मॉब लिंचिंग पर विधानसभा से विधेयक पारित कर राज्यपाल को स्वीकृति के लिए भेजा गया था जो अब तक ठंढे बस्ते में पड़ा है। राज्यपाल ने कुछ आपत्तियों के साथ विधेयक को लौटा दिया। विधेयक को लौटाए हुए एक साल की लम्बी मुद्दत गुजर चुकी है अब तक इस पर पहल नहीं हो सका है जो काफी चिंता का विषय है। इस संगीन मामले को लेकर महागठबंधन सरकार ने दोबारा विधेयक को पारित कराने की दिशा में अब तक पहल नहीं की जो काफी चिंतनीय है। नेताओं से मिलकर हाजी साबिर हुसैन ने कहा है 15 सूत्री के अंतर्गत अल्पसंख्यकों और समाज के विकास और उत्थान को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## डीडीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने विभिन्न वार्डों के अलावे ओपीडी, अल्ट्रासाउंड केंद्र, एक्स-रे रूम, इमरजेंसी वार्ड, लैब आदि का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया।

# मरम्मत के अभाव में जलमीनार एक साल बेकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**ग्रामीणों ने इसकी सूचना संवेदक को कई बार दिया संवेदक कर रहा टालमटोल**

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड के कोनी पंचायत स्थित बंथू गांव में वित्तीय वर्ष 2019 - 20 में 15वें वित्त योजना से 3 लाख 84 हजार 691 रुपये की लागत से जल मीनार लगाया गया था। परंतु मरम्मत के अभाव में एक साल से बेकार पड़ा है।

जलमीनार खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना संवेदक को कई बार दिया। परंतु संवेदक द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। बता दें कि पंचायत में 14वें व 15 वें वित्त से कई जगहों पर जल मीनार लगाया गया है। कई जल मीनार की मोटर तो, कई जल मीनार का नल खराब हो गया है। बताया जाता है कि जल मीनार को संवेदक द्वारा पांच वर्ष तक रखरखाव के साथ-साथ उसे चालू रखना है। परंतु संवेदक द्वारा थोड़ा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी के मिलीभगत से पैसे की बंदरबांट की गई है। यही वजह है कि बेकार पड़े जल मीनार को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जल मीनार को दुरुस्त करते हुए जल मीनार को जल्द चालू करवाने का मांग करेंगे। इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता पर लापरवाही व संवेदक से मिलीभगत कर पैसे की बंदरबांट कर योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचडी के अधिकारियों के द्वारा लापरवाह संवेदक पर कार्रवाई के बजाय उसे फिर से इसी पंचायत का भेंडर बना दिया गया है। जो कहीं न कहीं मिलीभगत को दर्शाता है।

एक नजर में

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने पूर्व से निर्धारित जिला स्तरीय जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर उपायुक्त से मिल उन्हें अपना-अपना समस्याएं सुनाया। समस्याओं में मुख्य रूप से भूमि से संबंधित मामले, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा विभाग से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया। उन्होंने आम जनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार के माध्यम से अभी तक प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए निष्पादित मामले एवं लंबित मामलो को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर जल्द से जल्द नियमानुसार लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता दरबार में काफी दूर से लोग उम्मीद के साथ मामले का निष्पादन को लेकर मिलने आते हैं। इस में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## कुंदा में 10 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट



**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार को कुंडा थाना क्षेत्र के सिकीदाग अंतर्गत वन क्षेत्र के जमीन पर अफीम की विनष्टी कर्ण किया गया। उक्त जानकारी के अनुसार कुंडा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि सीकीदाग वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती अफीम तस्करों के द्वारा किए जाने की सूचना मिली थी। जिसे कुंडा थाना और वन विभाग संयुक्त अभियान चलाकर ट्रैक्टर की मदद से 10 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया गया। अभियान में कुंडा थाना के सशस्त्र बल और वन विभाग के कर्मी शामिल थे।

## उपायुक्त ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## लुकैया से 120 टन अवैध कोयला जब्त

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान अवैध खनन को रोकने को लेकर काफी सख्त और गंभीर हैं चाहे मामला बालू, पत्थर या कोयले की ही क्यूं न हो। उपायुक्त अबु इमरान को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि चतरा के पिपरवार क्षेत्र के वन भूमि लुकैया गांव में कुछ लोगों द्वारा गैरकानूनी रूप से कोयले का उत्खनन कर उसको डंपिंग की जा रही है। मामले जैसे ही उनके संज्ञान में आया उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा शंभू सिंह, थाना प्रभारी पिपरवार को क्षेत्र में जाकर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। 31 दिसंबर को इनके द्वारा निरीक्षण और जांच करते हुए कुल लगभग 120 टन कोयला को जब्त किया गया साथ ही अवैध उत्खनन कार्य मे संलग्न प्रदीप उरांव, बिगा उरांव, जैना उरांव और अरुण उरांव के विरुद्ध अंचलाधिकारी टंडवा के द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज चतरा थाना में की गयी।

## मोटरसाइकिल चालक की दर्दनाक मौत

**टंडवा(चतरा)।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के चौड़ा पैट्रोल पम्प समीप एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली पोल में मारी टक्कर, जिससे युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खांधार गांव निवासी मनुवेल लकड़ा के 25 वर्षीय पुत्र ईमेल लकड़ा जो अपना घर मोटर साईकिल से टंडवा की ओर तेज रफ्तार से आ रहा था, इसी दौरान दोपहर करीबन डेढ़ बजे चौड़ा पेट्रोल पम्प समीप बिजली पोल में अनियंत्रित होकर टकरा गया। जिससे युवक को घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। एवं मोटरसाइकिल भी क्षतिगरत हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल देखा गया।

## भाजपा नेता ने किया कम्बल का वितरण

**चतरा।** भाजपा के युवा नेता उज्ज्वल दास ने नए वर्ष आने को लेकर जिले के मयूरहंड प्रखंड के विभिन्न गांवों के असहाय व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। दास ने जरूरतमंदों को कम्बल देने के साथ उनका प्रयोग करने की सलाह दी। दास ने बताया कि बढ़ते ठंड को लेकर असहायों के पास कम्बल नही होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद असहाय व जरूरतमंदों के बीच निजी खर्च से कम्बल का वितरण किया हूँ। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में और भी जरूरत का समान का वितरण करूंगा।

## राजद का मिलन समारोह 15 जनवरी को



कोडरमा। राष्ट्रीय जनता दल का कोडरमा में मकर सक्रांति सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी को वसुंधरा गार्डन में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर झुमरीतिलैया स्थित पार्टी कार्यालय में जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सचिव सुनील यादव, वरीय नेता शिवनाथ यादव, रोहित मेहता, युवा राजद प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में मकर संक्रांति सह मिलन समारोह 15 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम लक्खीबागी स्थित वसुंधरा गार्डन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर 15 सदस्यी कमेटी का गठन किया गया। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संबोधित करते हुए कहा की राजद हर साल मकर संक्रांति सह मिलन समारोह का आयोजन करती है। इस साल भी भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा की कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा से लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव समेत प्रदेश स्तर के नेता शिरकत करेंगे। उन्होंने राजद कार्यकर्ता समेत जिलेभर के सामाजिक कार्यकर्ता और समान विचारधारा के विभिन्न राजनीतिक दलों समेत जिलेवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण देने की बात कही। बैठक विजय कुमार सिंह, मनोज रजक, सरफुद्दीन अंसारी, वीरेंद्र यादव, संजय दास, मनोज कुमार यादव, परवेज खान, पप्पू यादव, मुकेश यादव, सचिंद्र राणा, सरोज कुमार, मनिंद्र राम, गोविंद यादव, जैकी यादव, सहदेव यादव, राजेंद्र कुमार यादव, मो मुमताज आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## पुलिस ने अवैध महुआ शराब को किया नष्ट

**बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र के बारियातू बस्ती में पुलिस ने छपामारी अभियान चलाकर मंगलवार को पचास लीटर अवैध महुआ शराब सहित भारी मात्रा मे जावा महुआ को नष्ट कर दिया । अवैध महुआ शराब की छापमारी किए जाने के सम्बंध मे थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की गुप्त सूचना मिली कि बारियातू बस्ती में महुआ शराब की बिक्री लगातार जोरों से की जा रही है। इसी जानकारी के अनुसार मंगलवार को बारियातू बस्ती में बंधु साव एवं मिठू साव के घर मे छापेमारी कर पचास लीटर महुआ शराब सहित दो क्विंटल से भी अधिक जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया है। थाना प्रभारी चौधरी ने प्रखंड वासियों से महुआ शराब नहीं बनाने व बेचने की अपील किया है। कोई भी ग्रामीण महुआ शराब विक्री करते पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। वहीं कहा की लगातार अभियान जारी रहेगा। मौके पर सअनि द्वारिकानाथ पांडेय सहित कई पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे।

## जंगल बचाव के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**बरवाडीह ।** मंगलवार को नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी बरवाडीह के तत्वाधान में बेतला नेशनल पार्क के रेंजर शंकर पासवान की मौजूदगी में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत पोखरी कला और कोलपुरवा ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जंगल बचाने हेतु ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों के द्वारा जंगलों में लगी आग को बुझाने, जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन को लेकर जानकारी दी गई। जहां रेंजर शंकर पासवान ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पूरे मानव समुदाय हेतु वन बहुत आवश्यक हैं। वनों में आग लगने या वृक्षों के कटाव के कारण जानवरों के आश्रयों का विनाश और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है, जिस कारण तूफान, बाढ़, सूखा आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाएं बढ़ती है, पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए वनों का होना बहुत जरूरी है। वहीं कार्यक्रम में बेतला फॉरेस्टर उमेश कुमार दुबे एवं संतोष सिंह के साथ साथ केचकी और कचनपुर ग्राम सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर धक्का दो की मौत एक घायल

**बालूमाथ ।** बालूमाथ चंदवा एनएच 22 मुख्य पथ पर मकईयाटांड़ पुलिस पिकेट के समीप एक मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर की हुई आमने-सामने टक्कर में प्रमिला कुमारी 14 वर्ष पिता प्रकाश गंझु ग्राम मैलम थाना हेरहंज एवं एक अन्य युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।वही एक तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मकइयाटांड़ पुलिस के जवानों के सहयोग से सभी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेश राम द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए अस्पताल के एम्बुलेंस से रिम्स भेज दिया । बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल में सवार होकर प्रमिला कुमारी व अन्य दो युवक बालूमाथ से चंदवा की ओर जा रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से आमने सामने टक्कर हो गई।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो रिम्स रेफर

**बालूमाथ ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बारियातु-बालूभांग मुख्य पथ पर सोमवार देर रात्रि में एक अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे चार लोग घायल हो गए। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमरजीत गंझु 20 वर्ष पिता बंसी गंझु,कमलेश गंझु 18वर्ष पिता रघुनाथ गंझु,संदीप गंझु 20 वर्ष पिता बिनेश्वर गंझु तीनो ग्राम तिसिया थाना बारियातु निवासी लावालौंग चतरा से मेला देखकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गुरुवे ग्राम के पास सायकिल से अपने घर जा रहे जिंतेंद्र ठाकुर 32वर्ष पिता शंकर ठाकुर ग्राम फुलसु थाना बारियातु निवासी को टक्कर मार दी।

# अवैध कोयला खनन को लेकर डीएमओ ने मारा छापा

### लेजांग एवं जडेंयांग में सुरंग बनाकर किया जा रहा था अवैध खनन

**अवैध कोयले खनन में संलिप्त सुनील यादव एवं संजय यादव पर नामजद समेत अन्य अज्ञात संलिप्त पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अवैध कोयला खनन, भंडारण एवं परिवहन की सूचना पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार मंगलवार को बालूमाथ पहुंचे एवं पुलिस निरीक्षक दुति कृष्ण महतो समेत पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के जडेयांग एवं लेजांग में अवैध खनन का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के क्रम में झाड़न नदी के किनारे अवैध कोयले खनन को लेकर गडडा एवं सुरंग पाया एवं खनन को लेकर इस्तमाल किए गए जाने वाले उपस्कर वहां रखे मिले, जिस जप्त कर लिया एवं अवैध कोयले खनन में संलिप्त सुनील यादव, पिता प्रसाद यादव, ग्राम लेजांग एवं संजय यादव पिता राम कुमार यादव पिता लेजांग पर नामजद समेत अन्य अज्ञात संलिप्त पर अभियुक्तों पर नामजद प्राथमिकी थाने में दर्ज करवायी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र में कोयले का अवैध खनन किया जा रहा है, जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक के साथ लेजांग एवं जाडेयांग के झाड़न नदी के पास छापेमारी की गयी, जहां अवैध खनन के निक्षेप मिले एवं कुछ खनन में इस्तामल किए जाने वाले उपस्त्रक मिला जिस जप्त कर लिया गया एवं अवैध खनन में संलिप्त सुनील यादव एवं संजय यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया एवं इस कार्य में अन्य अज्ञात संलिप्तों के खिलाफ बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया गया।


अवैध खनन को लेकर छापा मारते डीएमओ व अन्य

# चमातू में रघुवर दास जन जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम में लेंगे भाग

**जिला सह संयोजक चेतलाल रामदास ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना भरी जाएगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में जानकारी देते चेतलाल रामदास

**चंदवा।** बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम में आगामी 12 जनवरी गुरुवार को स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव को लेकर मंगलवार को चंदवा स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू ने किया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल से लेकर सभी बूथों पर प्रभारी बनाया गया है। जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव के जिला सह संयोजक चेतलाल रामदास ने बताया कि जन जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं अपने क्षेत्र के संघ के 3 पदाधिकारी का आगमन हो रहा है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना भरी जाएगी। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद व कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा मंडल उपाध्यक्ष आशिष सिंह ने किया। मौके पर भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू, मंजू सिंह, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, कृष्णा कुमार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रोहित शाहदेव, सूर्यनारायण साहू, उमेश गंझु, दुर्गा ठाकुर, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, शंकर मुंडा, जमुना चौधरी, रामकिशुन गंझु, मुरारीलाल साहू,अमित गुप्ता, मदन साहू, संतन साहू, बालेशर गंझु, महेंद्र अग्रवाल, बिनोद कुमार गुड्डू व अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## प्रवास कार्यक्रम एवं जिला कार्यसमिति को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक


जिला संगठन प्रभारी का स्वागत करते जिला अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी, लातेहार के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पदाधिकारियों के साथ होटल द ब्लिस्स में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा उपस्थित थे। वहीं बैठक में मुख्य अतिथि, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय में झारखंड प्रदेश के प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई एवं प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू का प्रवास कार्यक्रम एवं जिला कार्यसमिति की बैठक की तैयारी को लेकर विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाना है। साथ ही अतिथियों का स्वागत, प्रवास की व्यवस्था, जिला, मंडल एवं बूथ स्तर की बैठक की व्यवस्था पर चर्चा हुई तथा शहर में फ्लैक्स, बैनर, झंडा लगाने का कार्य किया जाए। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बंसी यादव ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह, राकेश दुबे ,जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय , ब्रजमोहन राम , मती रेनू देवी ,जिला कार्यालय मंत्री गणेश प्रसाद,सह कार्यालय मंत्री अशोक सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय ,पंकज यादव मौजूद रहे।

## प्रशासन ने लगाया हेल्थ एंड वेलनेस कैम्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारु । बढ़ते** ठंढ़ बदलते मौसम एवं गिरते तापमान को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर हेल्थ एंड वेलनेस कैम्प का आयोजन किया गया । सीआरपीएफ द्वारा लगाए गये इस कैम्प में सैकड़ों ग्रामीणों ने लाभ लिया। इस दौरान सीआरपीएफ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीण, बूढ़े बुजुर्गो एवं छोटे-छोटे बच्चों का चिकित्सीय जांच कर दवाइयां दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी, गारू प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी उपस्थित रहे। सरकार से मिलने वाली सभी सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराएं एवं उसका लाभ लेने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। गारू बीडीओ प्रताप टोप्पो ने कहा कि सरकार द्वारा कलयाण कारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणो को जागरूक होने आवश्यक है तभी सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ ले सकते है ग्रामीण। जागरूकता के अभाव मे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीण नही उठा पाते है सरकार दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लेने स्वयं आगे आने की जरूरत है। शिविर में महुआडांड़ बीडीओ अमरेंद्र डांड़ ने कहा कि इस तरह के कैम्प का मुख्य उद्देश्य गरीब और वंचितों के बीच राशन, पेंशन, आवास, पेयजल, मनरेगा, बिजली से सम्बंधित दर्जनों समस्याओं से ग्रामीणों को निजात दिलाना एवं उसका लाभ पहुचना हैं।


कैंप में ग्रामीणों की फरियाद सुनते अधिकारी

**नक्सलियों के सफाया के लिये तैयार है सीआरपीएफ :** सिविक एक्सन प्लान कार्यक्रम में शामिल सीआरपीएफ कमांडेंड संजय त्रिपाठी ने कहा कि जल्द ही इस क्षेत्र से पूरी तरह नक्सलियों का सफाया हो जाएगा। मौंके पर सीआरपीएफ 218 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी संजय त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजन कुमार, सहायक समादेष्टा शिलक राम, निरीक्षक सब्बिउल्ल हसन, प्रभारी थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव, समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### एक नजर में

## जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दें : प्रतुल

**लातेहार ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव मंगलवार को लातेहार में सिविल सर्जन से मुलाकात की। प्रतुल के साथ लातेहार प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार और युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष कुमार सागर भी उपस्थित थे। इस दौरान श्री शाहदेव ने जिले के विभिन्न स्थानों मैं स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से सिविल सर्जन को अवगत कराया। कहा कि कई ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र है जहां उप-स्वास्थ्य केंद्र है लेकिन वहाँ चिकित्सक, नर्स नही पहुँचते। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ दिनेश से आग्रह किया कि एक रूटीन बनाकर इन उप स्वास्थ्य केंद्रों में एमबीबीएस डॉक्टरों को भी भेजें। महुअमिलन, लोहरसी, गारू, हेरहंज और बरियातू प्रखंड में स्वास्थ्य सेवा में वृद्धि करने का भी आग्रह किया। वही हेरहंज वाले कांड में प्रतुल शाहदेव ने संबंधित नर्स के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया। श्री शाहदेव ने कहा कि कार्रवाई इसलिए भी जरूरी है ताकि दोबारा इस प्रकार की घटना जिले में ना हो। कार्रवाई नही होंने से एक गरीब के साथ अन्याय होगा जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतुल ने जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था में कमी की भी जानकारी ली। ।

## चकला के तिलैयाडामर व महुआ टांड में बीडीओ ने बांटा राहत सामग्री

**चंदवा।** विगत दो वर्ष के जंगली हाथियों के आतंक से त्रस्त चकला पंचायत अंतर्गत महुआटाड व तिलैयाडामर गांव का बीडीओ विजय कुमार ने दौरा किया। इस दौरान वे जंगली हाथियों द्वारा बीते दिनों क्षतिग्रस्त किये गए लगभग 30 मकानों का जायजा लिया व प्रभावित लोगो से मुलाकात कर हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों के बीच राहत किट व लगभग 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया व हथियो के आतंक से प्रभावित टोलो का निरीक्षण कर जल्द से जल्द उचित मुआवजा और आवास उपलब्ध कराने की बात कही। बतातें चले कि उक्त गांव के ग्रामीणों के द्वारा विधायक वैद्यनाथ राम को इसकी जानकारी दी थी जिसके बाद विधायक ने एक जनवरी को विधायक ने बीडीओ को निर्देश देते हुए जरूरतमंदों के बीच राहत सामग्री व कंबल का वितरण करने का निर्देश दिया था। मौके पर पंचायत की मुखिया रंजिता एक्का, हिंडाल्को सीएसआर लोपा मुद्रा, अभय शर्मा, उत्तम कुमार, राजकुमार साहु, विस्थापित पुर्णवाष समिति के अध्यक्ष अहमद खान, शाहरूख खान, मन्टु राम, सुदेश गंझू समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## चमातु में जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के चमतू ग्राम में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले जन-जागरण सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श नगर दुर्गा मंदिर परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जनजागृति मंच के प्रांत सह संयोजक लालू यादव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला अधिकारी धनंजय जी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव ने लातेहार सीएस से मिलकर चिकित्सक उपलब्ध कराने का किया मांग

**बारियातू।** प्रखंड यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव ने लातेहार सीएस से मिलकर फुलसू उपस्वास्थ्य केंद्र में दो दिन चिकित्सक उपलब्ध कराने की मांग लिखित आवेदन देकर किया है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शाहदेव ने आवेदन के माध्यम से सीएस को अवगत कराया है कि फुलसू पंचायत ग्रामीण क्षेत्र है वंहा से बालूमाथ आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही यह भी बताया है कि 1965 से 1994 तक फुलसू उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक आते रहे है। इसके बाद से आज तक कोई भी चिकित्सक की नियुक्ति नही हुई है। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए सप्ताह में दो दिन फुलसू उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है।

# अभिजीत प्लांट से चोरी के 6 टन स्क्रैप लदा पिकअप जप्त, दो तस्कर भी धाराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम में विशेष छापामारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला नवाटोली से एक पिकअप वैन में लोड लगभग 6 टन अभिजीत प्लांट से चोरी का लोहा पकड़ने में सफलता पाई है। अभियान के क्रम में पुलिस दो तस्कर कार्तिक उरांव धाधु बालूमाथ व किरण उरांव नगर चंदवा को पकड़ने में सफल रही है। जिन्हें अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 04/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि चंदवा के चकला स्थित अभिजीत प्लांट के परीसमापन की प्रक्रिया में जाने के बाद स्क्रैप कटिंग शुरू होने के बाद से ही स्क्रैप की चोरी जोरों पर है। प्लांट से स्क्रैप चोरी पर लगाम लगाने को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक प्रशांत आनंद के निर्देशन में चंदवा पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें पुलिस को लगातार सफलता है मिल रही है। रविवार की देर रात्रि की लगभग 12 क्विंटल अभिजीत प्लांट के स्क्रैप के साथ आधा दर्जन बाइक को पकड़ा गया था। इधर पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे गए लगातार अभियान से स्क्रैप चोरों में दहशत देखने को मिल रहा है। छापामारी अभियान में चंदवा थाना के एएसआई सुनील कुमार राय चकला पिकेट के जवान शामिल थे।


गिरफ्तार तस्कर व अन्य

## जयपाल सिंह मुंडा और सावित्री बाई फुले की जयंती मनायी गयी


जंयती मनाते आंदोलनकारी

**बरवाडीह।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को बरवाडीह में झारखण्ड आंदोलन के नेता, आदिवासियों के मसीहा और हॉकी के करिश्माई खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा और देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई। जहां प्रखण्ड मुख्यालय के परम विद्या निकेतन से जुलूस निकाला गया जो आदर्श नगर, मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में जाकर सभा में तब्दील हो गया। जहां चिन्हित आंदोलनकारी मुरली प्रसाद ने कहा कि जिन मूल्यों को लेकर झारखंड अलग राज्य का संघर्ष किया गया था वह आज भी उपेक्षित हैं। उन्होंने सरकार से 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करने और आंदोलनकारियों को शीघ्र चिन्हित कर उन्हें मान सम्मान पेंशन नियोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मुहैया कराते हुए बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर सम्मानित करने की मांग की। सावित्री बाई फुले के सम्मान में एक पुस्तकालय खोलने को लेकर जमीन उपलब्ध कराने की मांग की।

### जिप उपाध्यक्ष ने लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

# एक सप्ताह के अंदर हो ग्रामीणों की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ ।** बालूमाथ और चंदवा प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों के द्वारा लगातार उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के घरों तोड़ दिया एवम फसलों की क्षति कर दिया है। इस संबंध में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने लातेहार जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया है। जानकारी देते हुए जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि बालूमाथ एवं चंदवा के विभिन्न गांवों धाधू, चितरपुर, बलबल, नावाडीह पंचायत चंदवा के चकला के तिलैया,महुआटांड़ ,अरनिया टांड़, पडुवा,हरैया, तुरीसोत, अंबवाटांड़ आदि गांवों में विगत दो सप्ताह से जंगली हाथियों का बड़ा झुंड मौजूद है जो प्रत्येक संध्या और रात्रि में ग्रामीणों के फसलों और घरों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके कारण जहां एक ओर ग्रामीणों में काफी रोष एवम भय व्याप्त है वहीं दूसरी ओर वन विभाग के कर्मियों की उदासीनता साफ नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी मेरे द्वारा लातेहार उपायुक्त से लिखित आग्रह किया गया था कि हाथियों को बालूमाथ, चंदवा क्षेत्र से हटाकर उनके अपने निवास स्थान बेतला की ओर ले जाने की व्यवस्था की जाए। यदि स्थानीय स्तर पर यह संभव नहीं है तो विशेषज्ञों की सलाह ली जानी चाहिए ।

जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी से बातचीत के क्रम में उपाध्यक्ष के द्वारा यह आग्रह किया गया कि हाथियों के द्वारा की गई क्षति का आकलन कर एक सप्ताह के अंदर क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाए ।



ज्ञापन सौंपते जिप उपाध्यक्ष

# बारियातू के शिव मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्मावलंबियों ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत बारियातू पंचायत के अमवाडीह मे नव निर्मित शिव मंदिर मे तीन दिवसीय श्री शिव परिवार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्मावलंबियों की बैठक बलदेव प्रसाद की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में दीपक राणा द्वारा नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात श्री शिव परिवार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर सहमति बनाई गई। महायज्ञ के सफल संचालन के लिए एक यज्ञ कमिटी का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष इंद्रदेव उरांव,उपाध्यक्ष भरत उरांव , सचिव रीतलाल राणा, उप सचिव जालेश्वर प्रजापति का चयन किया गया। महायज्ञ को लेकर अठारह जनवरी 2023 को ध्वजारोहण, 27 फरवरी को जल यात्रा, 28 फरवरी को पंचांग पूजन मंडप प्रवेश, अग्नि मंथन के साथ हवन पूजन,एक मार्च को प्राण प्रतिष्ठा,दो मार्च को महायज्ञ की पूणार्हुति की जाएगी। मौके पर पूर्व प्रमुख महावीर उरांव,धर्मेंद्र राणा, पुरुषोतम शर्मा, राजेश भगत,पवन प्रसाद, बजरंग प्रसाद ,राम जीवन साव, बजरंग प्रसाद ,रामा यादव, लोकन यादव,राजेश्वर भगत,दिनेश उरांव,अनिल उरांव सहित काफी संख्या में धर्मावलंबि उपस्थित थे।


बैठक करते धर्मावलंबियों

# रणधीर वर्मा को उपायुक्त ने दी श्रद्धांजलि

## स्पीड न्यूज

### माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई

**धनबाद।** मंगलवार को पुटकी के मस्जिद मोहल्ला एवं लोयाबाद में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के मौके पर महिलाओं के द्वारा सिलाई कढ़ाई बुनाई एवं ब्यूटी पार्लर कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। मौके पर समता सैनिक दल के अध्यक्ष पिंकी कौशल पासवान ने बताया कि अगर एक महिला शिक्षित होती है तो दो घर शिक्षित होते हैं कई पीढ़ी शिक्षित होता है। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अजमेरी खातुन, सचिव श्वेता आजाद, निशा कुमारी, माही खातुन, आदि मौजूद रही ।

### चिरकुंडा विद्युत विभाग के समक्ष धरना

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा युवा राष्ट्रीय जनता दल द्वारा सात सूत्री मांगो को लेकर विद्युत विभाग चिरकुंडा कार्यालय के समक्ष मंगलवार को धरना दिया गया व मांग पत्र विभाग के अधिकारी को सौंपा गया साथ ही कहा गया कि सात सूत्री मांगो को 15 दिनो में पूरा नही की गई तो पार्टी विद्युत विभाग चिरकुंडा कार्यालय का घेराव करने को मजबूर हो जाएगी। धरना में बीढ़ू मिश्रा,सुनिता सिंह,मो नौशाद,सोनु खान,लाल बाबु यादव, सोनु यादव, सुनिल रजक, रीतेश सिंह, नवाब खान, उपेन्द्र यादव, किशोरी यादव, लक्ष्मी देवी,चांदनी शेख,मंदा कुमारी, फरहान खान, आरजु खान, विक्की साहु, रोमन सिंह, राहुल सिंह, डोमन सिंह मौजूद थे।

### ग्रामीणों के विरोध पर लौटे देव प्रभा कर्मी

**झरिया/ लोदना।** विगत दिनों कुजाम कोलियरी मैं एटी देव प्रभार कंपनी द्वारा पीने का पानी का पाइप उखाड़ रहा था । जिससे कुजाम क्षेत्र के ग्रामीणों ने विरोध किया ग्रामीणों का कहना था कोलियरी क्षेत्र में पीने का पानी की सबसे बड़ी समस्या है ।अगर इस पाइप को एटी देव प्रभा कंपनी द्वारा प्रबंधन की 7 घाट से पाइप उखाड़ना चाह रहा था । जिससे ग्रामीणों ने रोका ग्रामीणों का कहना है की पहले हम लोगों की पीने का पानी का व्यवस्था किया जाए तब पाईप उखाडा जाए। मौके पर कुंदन पासवान नौशाद अहमद प्रजा पासवान विनोद पासवान एवं अन्य कार्यकर्ता शामली थे।

### ठंड से पतकी पंचायत के युवक की मौत

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड के पतकी पंचायत के 9 नंबर वार्ड में जिला परिषद माला कुमारी ने नागेश्वर ठाकुर के पुत्र प्रमोद कुमार ठाकुर उम्र 19 साल का देहांत ठंड के कारण होने की सूचना पाकर परिजनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में हिम्मत जुटाने को कहा और पेटरवार बीडीओ और आंचल अधिकारी से बात कर इस घटना की जानकारी दी। हालांकि इस बात की अभी तक कोई अधिकारीक पुष्टि नही हुई है कि उपरोक्त युवक की मौत ठंड से हुई है या फिर किसी और कारण से। मगर इतना तो तय है कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शितलहर लगातार जारी है। वहीं अगर यह मौत वास्तव में ठंड से हुई है तो कई प्रश्न खड़ी कर जाती है ।

### बरवाअड्डा में नौ ट्रक अवैध कोयला जब्त

धनबाद। धनबाद के पुलिस कप्तान संजीव कुमार के आदेश पर जहां एक और पूरे जिले में कोयला का अवैध डिपो बंद है, वही धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से कोयला डिपो का संचालन हो रहा था। बताते चलें कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के उदयपुर पंचायत दमकारा बरवा मे अवैध डिपो संचालित है जहां प्रत्येक दिन पिकअप भैन से एवं दुपहिया वाहन से अवैध कोयला विभिन्न कोलवरियों से गिराया जाता था।

## अशोक चक्र विजेता थे रणधीर वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के जांबाज पुलिस ऑफिसर अशोक चक्र विजेता रणधीर प्रसाद वर्मा के शहादत दिवस पर मंगलवार की सुबह रणधीर वर्मा चौक स्थित उनके प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताते चले कि 3 जनवरी 1991 में बैंक लूटने पहुंचे आतंकियों से लोहा लेते हुए धनबाद के पूर्व एसपी स्व रणधीर प्रसाद वर्मा शहीद हो गए थे। मरणो उपरांत उन्हें अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से स्व रणधीर वर्मा की पत्नी पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ रीता वर्मा, उपायुक्त संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन, भाजपा विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, कांग्रेस के संतोष सिंह समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।



### रणधीर वर्मा हमारे लिए आदर्श थे

उपायुक्त संदीप सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई है स्व रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम का नाम बदल दिया गया है। इस संबंध में नगर आयुक्त से बात कर उचित प्रक्रिया की जाएगी। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि हम लोगों के लिए रणधीर प्रसाद वर्मा एक उदाहरण और आदर्श थे। स्व रणधीर प्रसाद वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके हिम्मत और शौर्य को वह सलाम करते हैं। धनबाद के एसपी रहे रणधीर वर्मा की शहादत के बाद से प्रतिवर्ष रणधीर वर्मा चौक पर शहीद की आदमकद प्रतिमा के समक्ष संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाती है। अमर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा जी के 32 वां शहादत दिवस के रूप में इस बार सादे समारोह में तब्दील किया गया है।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ रीता वर्मा ने बताया कि कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुए एहतियातन श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम सीमित किया गया। वही डॉ वर्मा ने बताया कि अशोक चक्र विजेता स्व रणधीर वर्मा के नाम पर गोल्फ मैदान का नामकरण स्व रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम रखा गया था। जिसे नजरअंदाज करते हुए धनबाद नगर निगम ने मिटा दिया। शहीदों को शायद ही ऐसी श्रद्धांजलि पूरे देश में कहीं और मिलती होगी।

## बस्ताकोला में देह व्यापार रोकने के लिए झरिया थाना में प्रदर्शन



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र बस्ताकोला सामुदायिक भवन के समीप जारी देह व्यापार के खिलाफ ग्रामीण हुए एक जुट। देह व्यापार स्थान पर आने वाले लोगों के साथ स्थानीय लोगों ने जताया था विरोध । कहाकि बस्ती के बीच देह व्यापार ( चकला) चलाने से सामज के उपर गलत प्रभाव पड रहा है। इसे लेकर सराढेला निवासी संतोष कुमार का स्थानीय लोगों ने विरोध किया था। इस दौरान हुई मारपीट मामले को लेकर जहा झरिया पुलिस पकड़े गए आरोपी को जेल भेजने की तैयारी मे जुटी हुई है । वही मंगलवार को बस्ताकोला के कुछ ग्रामीण व कांग्रेस के कुछ नेताओं ने झरिया थाना के समक्ष प्रदर्शन किया। झरिया कोंग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की महामंत्री रेखा देवी ने कहा कि पिछले कई वर्षो से संबंधित क्षेत्र मे देह व्यापार का धंधा चल रहा है। आसपास के लोग परेशान हैं। अक्सर मारपीट की घटनाएं होती है । जिसका झरिया पुलिस से क ई बार मौखिक रूप से शिकायत कर समाज में कुरितियां फैलाने वाले गलत धंधा पर रोक लगाने की मांग किया गया था।

लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ रख बैठी है। झरिया पुलिस को जल्द से जल्द कार्रवाई कर बस्ताकोला क्षेत्र मे हो रहे गलत कार्य को बंद कराना चाहिए। प्रदर्शन करने वाले लोगों में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता राकेश पासवान, गणेश रजक, भोला पासवान, गौतम पासवान, रेखा देवी, राजा कुमार, करण कुमार ,रमेश कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## भूमि अधिग्रहण की मांग पर ग्रामीणों ने टसरा प्रोजेक्ट का किया चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** पूर्वनियोजित कार्यक्रम के तहत टासरा व रोहड़ाबाँध मौजा के ग्रामीणों ने सेल टासरा प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन के साथ अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर कार्य ठप्प कर दिया। उन्होंने प्रोजेक्ट का चक्का जाम करते हुए माँग की है कि सेल प्रबंधन पूर्व किए गए वादा के अनुसार दोनों मौजा के 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण करे। इसके लिए जिला प्रशासन, सेल प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की भी माँग ग्रामीणों ने की है। मंगलवार की सुबह दस बजे से ही ग्रामीणों ने सेल टासरा प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार पर इकट्ठा हो रहे थे। इसके बाद ग्रामीण सेल प्रबंधन मुदार्बाद के नारे लगाते रहे और प्रोजेक्ट का अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया। सेल टासरा के उपमहाप्रबंधक कुमार उपेंद्र ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता के लिए प्रबंधन तैयार है। लेकिन ग्रामीणों की माँग है कि प्रबंधन, प्रशासन व ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता होनी चाहिए। ग्रामीणों की माँग के अनुसार जिला प्रशासन व सेल के वरीय पदाधिकारियों को पत्र द्वारा स्थिति की जानकारी दी जा रही है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जल्द ही ग्रामीणों से वार्ता की जाएगी।



### धरना-प्रदर्शन में थे शामिल

धरना प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों में मुख्य रूप से गर्जन सिंह, सोनू सिंह, गोवर्धन मंडल, देवेन मंडल, अनिल सिंह, दशरथ ठाकुर, कारु महतो, चमकलाल सिंह, मिहिर मंडल, कर्णेश सिंह, सहदेव मंडल, संतोष सिंह, छोटू सिंह, बिरेन मंडल, राहुल धीवर, सूरज दूबे, सावित्री पाण्डेय सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यूथ फोर्स ने 300 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**गोमो।** मंगलवार को गोमो स्टेशन, तोपचांची पावापुर,कतरास स्टेशन और कतरास थाना चौक में स्व दुलाल सिंह के स्मृति में यूथ फोर्स द्वारा जरुरतमंद लोगों के बीच 300 कंबल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि यूथ फोर्स एक सामाजिक जन संगठन है। और लगभग 15 वर्षों से यूथ फोर्स गांव - गरीब, मजदूर - किसान के बीच जाकर लगातार सेवा कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में बढ़ती ठंड को देखते हुए स्व दुलाल सिंह की स्मृति में कंबल वितरण किया गया। यूथ फोर्स का प्रयास है कि जिन जरूरतमंद लोगों को सरकार के द्वारा इस ठंड से बचने के लिए कंबल उपलब्ध नहीं कराया गया है, वैसे लोगों तक हम कंबल उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार पाण्डेय, जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, संजय प्रसाद, विनय सिंह, महानंद पांडेय, नुनु लाल साव, पंकज कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार महतो,बेजनाथ ठाकुर, जगदीश महतो, प्रकाश नारायण मंडल, अकरम अंसारी, विजय वर्मा, सुरज कुमार सिंह,जमशेद अंसारी, अशोक गुप्ता, शब्बीर अंसारी, सुभाष सिंह, मो महबूब, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान चाईबासा से आई एक महिला ने बैंक ऑफ इंडिया करकेन्द शाखा के विरुद्ध उपायुक्त से शिकायत की। महिला ने बताया कि वह कुसुन्डा की निवासी है। उनके स्वर्गीय पति बीसीसीएल के कच्छी बलिहारी कोलियरी से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा 15 जुलाई 2014 को बैंक ऑफ इंडिया की करकेन्द शाखा में पांच लाख रुपए की फिक्स डिपॉजिट की गई थी जो 15 अप्रैल 2022 को ही मैच्योर हो गई है। बावजूद इसके बैंक द्वारा मैच्योरिटी रकम का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बैंक द्वारा मैच्योरिटी राशि के 3 गुना गारंटर प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है। जबकि वह बैंक ऑफ इंडिया की गोधर शाखा से ही पारिवारिक सीएमपीएफ पेंशन प्राप्त कर रही है। बैंक को सारे कागजात सुपुर्द करने के बाद भी बैंक प्रबंधक द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला अग्रणी प्रबंधक को समाधान के लिए निर्देशित किया।

## मारुति इको और बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** सिन्दरी थाना क्षेत्र स्थित एफसीआई आवास संख्या एसकेफोर 100 के समीप चौराहा पर मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे जयहिंद मोड़ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही मारुति इको वाहन व शहरपुरा बाजार की ओर से आ रही तीन सवार हीरो होंडा स्प्लेंडर वाहन की जोरदार टक्कर में बाइक चालक व बाइक सवार घायल हो गए हैं। बाइक सवार हीरालाल महतो को गंभीर स्थिति में एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है व बाइक चालक बादल महतो का इलाज सिन्दरी के निजी चिकित्सक डॉ सी जी साहा के क्लिनिक में चल रहा है।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जयहिंद मोड़ से तेज रफ्तार में एसकेफोर हनुमान मंदिर की ओर बढ़ रही मारुति ईको वाहन संख्या जे एच 09 ए डब्ल्यू 3820 के साथ शहरपुरा बाजार से आ रही हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक संख्या जे एच 10 बी एम 5835 के बीच जोरदार टक्कर हुई। इसमें बाइक सवार बलियापुर थाना क्षेत्र के कालीपुर गाँव के तीन ग्रामीण हीरालाल महतो, कमलकिशोर महतो व चालक बादल महतो घायल हो गए हैं। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीक के निजी चिकित्सक डॉ सी जी साहा के क्लिनिक पहुंचाया गया। चिकित्सक ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हीरालाल महतो को विहिप बजरंग दल के सिन्दरी प्रखंड अध्यक्ष सोनू गिरी की मदद से एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है। घायल बादल महतो का इलाज उक्त क्लिनिक में चल रहा है। कमलकिशोर को हल्की चोट आई है। वहीं इको वाहन चालक घटना के बाद से वाहन छोड़कर फरार हो गया है। सूचना के आधार पर पहुँची सिन्दरी थाना पुलिस ने घायलों की जानकारी ली और दोनों वाहनों को जप्त कर सिन्दरी थाना ले गई है।

### तेज रफ्तार के कारण हो रही दुर्घटना

सिन्दरी में बनी नई सड़क पर तेज रफ्तार से चल रही वाहनों को लेकर भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू ने चिंता जताई है और प्रशासन से माँग की है कि आए दिन हो रही घटनाओं को ध्यान में रखकर सड़कों के बीच में ब्रेकर बनाया जाए।

## देव प्रभा कंपनी निदेशक का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया/ लोदना।** कुजामा कोलियरी परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष परियोजना पदाधिकारी एम कुंडू लोदना क्षेत्र महाप्रबंधक व ठेकेदार देव प्रभा कंपनी निर्देशक का पुतला दहन किया गया। वक्ताओं ने बी सी के यू कुजामा शाखा सचिव सुरेंद्र पासवान को सस्पेंड एवं 4 सीट करने और सभी मजदूर नेताओं पर झूठा मुकदमा करने के खिलाफ में आज परियोजना पदाधिकारी एवं कुंडू और महाप्रबंधक और ठेकेदार का पुतला दहन किया जा रहा है आज लोदना क्षेत्र के सभी कोलियरी कार्यालय के समक्ष या विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और इस कार्यक्रम के माध्यम से हम लोग यह मांग करते हैं कि झूठा मुकदमा एवं चार्ज शीट और सस्पेंडेड ऑर्डर वापस लिया जाए नहीं तो पूरे लोदना क्षेत्र का चक्का जाम कर दिया जाएगा बीसीसीएल प्रबंधन और ठेकेदार यहां के स्थानीय गरीब गुरबा लोगों को बेघर करना और पीने का पानी रास्ता बिजली काटना चाहती है जिसके विरोध में हम लोग संघर्ष कर रहे हैं। और जब तक यहां के स्थानीय लोगों का अधिकार नहीं मिल जाता तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।



## निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने मंगलवार को बरवाअड्डा हवाई अड्डे के सामने निमार्णाधीन समाहरणालय परिसर का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के लिए निर्मित कमरे, एप्रोच रोड, सभाकक्ष, पार्किंग, निकास एवं प्रवेश मार्ग के निर्माण, फायर फाइटिंग सिस्टम सहित सभी प्रकार के सिविल कार्य के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि नए समाहरणालय भवन का निर्माण आम नागरिकों की सहूलियत को केंद्र में रखकर करना महत्वपूर्ण है। संबंधित अभियंता को सामग्रियों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त संदीप सिंह, एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) नंदकिशोर गुप्ता, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल नागेन्द्र नाथ देव, कनीय अभियंता अजीत कुमार, आर.अस. अग्रवाल इन्फ्राटेक के राहुल अग्रवाल, सीओ गोविंदपुर उपस्थित थे।

## बोकारो और बेरमो की खबरें

### अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ कथारा मुख्य सड़क किनारे स्थित गढ्ढे में अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया गयाण्बताया जाता है की कुछ लोग मंगलवार की दोपहर जब शौच के लिए उक्त स्थल पर गए तो देखा की एक व्यक्ति मुंह के बल पानी भरे गढ्ढे में गिरा पड़ा है। इस बात की जानकारी आस पास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गईण्इसके बाद घटना की जानकारी गोमिया थाना को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया और शव को कब्जे में लेकर अंतः परिक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया गया है।

## पूर्व सांसद ने ठेका मजदूरों को किया संबोधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जनता मजदूर सभा के अध्यक्ष साधु शरण गोप के अध्यक्षता में बीएसएल एवं ठेका मजदूरों की बैठक सेक्टर 12 यूनियन कार्यालय में हुई। मौके पर पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि धनबाद में सांसद भाजपा काए बोकारो में विधायक भाजपा काए इस्पात मंत्री भाजपा का उसके बावजूद ठेका मजदूरों की दुर्दशा मानवता को शर्मशार कर रहा है। नेताओ के संरक्षण में प्रबंधन व कम्पनी का गठजोड़ निम्न वेतन भोगी ठेका मजदूरों का खून चूस कर तिजोरी भर रहा है।उन्होंने कहा कि क्या विडम्बना हैए वेतन भुगतान के दूसरे दिन ठेकामजदूरों से पैसे वापस लिये जा रहे हैं।कम हाजरी बनाई जा रही हैए विरोध करने वाले का छंटनी कर दिया जाता है।साधु शरण गोप ने कहा कि जनता मजदूर सभा के निर्माण काल से पूर्व सांसद पप्पू यादव जी का सानिध्य यूनियन को मिला है।आज उन्होंने सार्वजनिक रूप से संरक्षण देने की घोषणा कहकर यूनियन की ताकत बड़ाई है।मौके पर महासचिव संदीप कुमार आशए उपाध्यक्ष एके विश्वासए एसके यादवए एसएस रायए सचिव उमाशंकर गोपए मोहम्मद आजमए भानु गोपए मनोहर गोपए गिरीश चंद्र तिवारीए उत्तम कुमार शर्माए एम महतो आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बेरमो/पेटरवार।** रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय उच्च मार्ग 23 प्रखंड कार्यालय के निकट एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक में सवार दो अन्य युवकों को हल्की चोटे आई है। घटना अपराह्न लगभग 1 बजे की है। घटना में सतनपुर चास निवासी प्रेम कुमार सिंह, सागर कुमार साव एवं अभय कुमार सिंह घायल हुए हैं।

## सिंदरी में मनी सावित्रीबाई फुले की 129वीं जयंती

**सिन्दरी।** संयुक्त संघर्ष समिति व अम्बेडकर युवा मोर्चा सिन्दरी के द्वारा संयुक्त रूप से सिन्दरी के रोहड़ाबाँध अम्बेडकर चौक परिसर में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवपूजन राम ने कहा कि उनके द्वारा शिक्षा की ज्योत महिलाओं में प्रज्वलित हो रही है। बुद्धिजीवी जनकल्याण मंच महासचिव सुरेश प्रसाद ने कहा कि उनके संघर्ष से महिला शिक्षा का अलख जगाया गया है। इसके साथ ही पुरुषों के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ने से समाज प्रगतिशील होगा।

## पेज एक का शेष

### जैन समाज ने...

जैन समाज के लिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का तीर्थ स्थल है। इसे पर्यटन स्थल बनाने इसकी पवित्रता भंग होगी, उस क्षेत्र में मांसाहार और शराब सेवन जैसी अनैतिक गतिविधियां प्रारंभ होने की संभावना होगी। इससे अहिंसक जैन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने से जैन समाज में निराशा का माहौल है, इसलिए जैन धर्मावलंबियों की वास्तविक मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने पर रोक लगे। इस पवित्र तीर्थ स्थल को धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाये। इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए राज्य सरकार को समुचित कदम उठाने और अल्पसंख्यक जैन समुदाय को भरोसे में लेते हुए समुचित निराकरण की कृपा की जाये।

पदयात्रा में बसंत कुमार मित्तल, पदम कुमार छाबड़ा, सुभाष विनायक्या, धर्मचंद जैन 'रारा', अरुण बुधिया, मनोज बजाज, संजय सर्राफ, राहुल मारू, पवन शर्मा, अशोक पुरोहित, प्रमोद सारस्वत, प्रदीप बाकलीवाल, संजय पाटनी, प्रमोद झांझरी, सुनील सेठी, शिव शंकर साबू, सुभाष जैन, पंकज पांड्या, कैलाशचंद्र, संजय छाबड़ा, मनोज काला, अजीत कुमार, अजय गंगवाल, संदीप जैन, पदमचंद गोधा, हेमंत सेठी के अलावे सैकड़ों महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

**जोरदार आंदोलन की धमकी :** दिगंबर जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन ने कहा कि आंदोलन कई महीनों से चल रहा है। जैन समाज की मांग है कि सम्मेद शिखर तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल ना बनाया जाये। अगर सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करेगी तो जैन समाज का आंदोलन तेज होगा। सरकार इसे पवित्र क्षेत्र घोषित करे। जितेंद्र जैन ने कहा कि सम्मेद शिखर जैन समाज का सदियों से आस्था का केंद्र रहा है। इस जगह पर तीर्थ शंकर और ऋषि-मुनियों ने तपस्या कर मोक्ष प्राप्त किया। सम्मेद शिखर का कण-कण पवित्र है। यहां की भूमि पूजनीय है, अगर उस स्थल को पर्यटन स्थल बनायेंगे तो यह कतिपय मंजूर नहीं होगा। क्योंकि, पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल दोनों के भाव अलग होते हैं।

**केंद्र सरकार ने 2019 में किया नोटिफाई :** 2019 में केंद्र सरकार ने सम्मेद शिखर को इको सेंसिटिव जोन घोषित किया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने एक संकल्प जारी कर जिला प्रशासन की अनुशंसा पर इसे पर्यटन स्थल घोषित किया। गिरिडीह जिला प्रशासन ने नागरिक सुविधाएं डेवलप करने के लिए 250 पन्नों का मास्टर प्लान भी बनाया है।

### जैन तीर्थ को...

**धर्म को बचाने मुनीश्री ने दिया बलिदान :** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भागचन्द्र जैन ने बताया कि मुनीश्री सुज्ञेयसागर महाराज का ने सम्मेद शिखर को बचाने के लिए बलिदान दिया है। जैन मुनि सुनील सागर ने कहा कि सम्मेद शिखर हमारी शान है। मंगलवार को 6 बजे मुनि सुज्ञेयसागर महाराज का निधन हो गया। जब उन्हें मालूम पड़ा था कि सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किया गया है, तो वे इसके विरोध में लगातार उपवास पर थे। राजस्थान की इस भूमि पर धर्म के लिए अपना समर्पण किया है। अब मुनि समर्थ सागर ने भी अन्न का त्याग कर तीर्थ को बचाने के लिए पहल की है। उन्होंने आचार्य सुनील सागर महाराज से गिरनार में दीक्षा ली थी। बांसवाड़ा में मुनि दीक्षा और सम्मेद शिखर में क्षुल्लक दीक्षा ली थी। मुनि ने शुरू से उपवास व्रत की पालना की और अंत में तीर्थ को बचाने के लिए उपवास रखा। संत का घर का नाम नेमिराज था।

**सम्मेद शिखर का महत्व :** झारखंड का हिमालय माने जाने वाले इस स्थान पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित है। इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की। यहां पर 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था। पवित्र पर्वत के शिखर तक श्रद्धालु पैदल या डोली से जाते हैं। जंगलों, पहाड़ों के दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए नौ किलोमीटर की यात्रा तय कर शिखर पर पहुंचते हैं। सम्मेद शिखर में विराजित मुनिश्री प्रमाण सागरजी ने कहा कि सम्मेद शिखर इको टूरिज्म नहीं, इको तीर्थ होना चाहिए। सरकार पूरी परिक्रमा के क्षेत्र और इसके 5 किलोमीटर के दायरे के क्षेत्र को पवित्र स्थल घोषित करे, ताकि इसकी पवित्रता बनी रहे।

### पूजा सिंघल को...

11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट में ईडी ने पूजा के पति के सीए सुमन सिंह को रिमांड पर लेने से पहले जानकारी दी थी कि मनरेगा घोटाले के दौरान जब पूजा सिंघल कई जिलों में डीसी थीं, तब उनके और उनके पति के खाते में वेतन से अधिक 1.43 करोड़ रुपए थे। पूजा ने 3.96 लाख 2015 में सुमन सिंह के अकाउंट में ट्रांसफर किये थे।

**पूजा सिंघल पर लगे हैं गंभीर आरोप :** पूजा सिंघल पर आरोप है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए उनकी सैलरी से अधिक 1.43 करोड़ की राशि मिली है। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ था। ईडी ने कुल 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। पूजा सिंघल की लगभग 82.77 करोड़ रुपए की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अटैच कर ली है। इसमें पल्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, एक डायग्नोस्टिक सेंटर और दो प्लॉट शामिल हैं।

### मंत्री के बयान ...

**मौलिक अधिकारों की रक्षा जरूरी :** न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर संविधान के तहत उल्लिखित प्रतिबंधों के अलावा कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। राज्य लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए बाध्य है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल करके जनप्रतिनिधियों के लिए बोलने की आजादी पर गाइडलाइन बनाने की मांग की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति एसए नजीर, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बीवी नागरथ्ना की संविधान पीठ यूपी के बुलंदशहर में 2016 के सामूहिक बलात्कार के एक मामले में वहां के पूर्व मंत्री आजम खान के बयान से जुड़े एक मामले की सुनवाई के बाद बहुमत का फैसला सुनाया। साथ ही कहा कि राजनीतिक पार्टी को भाषण देने के लिए अपने सदस्यों के लिए एक आचार संहिता तैयार करने पर विचार करना चाहिए।

**एक जज ने सुनाया अलग फैसला :** वहीं न्यायमूर्ति नागरथ्ना ने बहुमत के फैसले से अलग मत रखते हुए अलग फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बेहद आवश्यक अधिकार है ताकि नागरिकों को शासन के बारे में अच्छी तरह जानकारी हो। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाला भाषण असमान समाज का निर्माण करते हुए मूलभूत मूल्यों पर प्रहार करता है और विविध पृष्ठभूमियों, खासतौर से हमारे भारत जैसे देश के, नागरिकों पर भी प्रहार करता है। साथ ही यह भी कहा कि मंत्री स्वयं बयान के लिए उत्तरदायी है। एक मंत्री के बयान को सरकार के लिए वैकल्पिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

**जनप्रतिनिधियों में आत्म संयम जरूरी :** इससे पहले 15 नवंबर को शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों को आत्म संयम बरतना चाहिए । ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए जो अन्य देशवासियों के लिए अपमानजनक न हों।

# अमृत काल में भारत को विज्ञान की सबसे आधुनिक प्रयोगशाला बनाना है : नरेंद्र मोदी

## पीएम ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 108वें वार्षिक सत्र का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल में भारत को आधुनिक विज्ञान की विश्व की सबसे आधुनिक प्रयोगशाला बनाने के संकल्प के साथ मंगलवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, भारत 25 वर्षों में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत का वैज्ञानिक समाज देश को उन ऊंचाइयों पर पहुंचायेगा, जिसका देश हकदार रहा है। यह मेरा विश्वास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के पास डाटा और प्रौद्योगिकी बहुतायत में हैं और इन दोनों में भारत के विज्ञान को बुलंदियों पर पहुंचाने की ताकत है। नागपुर के तुकड़ोजी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आइएससी) को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व के शीर्ष देशों में शामिल हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत जिस वैज्ञानिक एप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है, उसके नतीजे भी दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व के शीर्ष देशों में शामिल हो रहा है। 2015 तक हम 130 देशों के ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें नंबर पर आते थे, लेकिन 2022 में हम 40वें नंबर पर पहुंच गये हैं। मोदी ने कहा कि भारत में विज्ञान देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा, 21वीं सदी में हमारे पास दो चीजें बहुतायत में हैं, पहली डाटा और दूसरी प्रौद्योगिकी। इन दोनों में भारत के विज्ञान को बुलंदियों पर पहुंचाने की ताकत है। अगले 25 वर्षों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान के प्रयास, बड़ी उपलब्धियों में तभी बदल सकते हैं, जब वह प्रयोगशाला से निकलकर जमीन तक पहुंचें। उन्होंने कहा, जब उसका प्रभाव ग्लोबल से लेकर ग्रासरूट तक हो, जब उसका विस्तार जर्नल्स से लेकर जमीन तक हो, जब उससे बदलाव रिसर्च से होते हुए रियल लाइफ में दिखने लगे, तब प्रयास उपलब्धि में बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की सोच केवल यह नहीं है कि विज्ञान के जरिये महिला सशक्तीकरण करें, बल्कि महिलाओं की भागीदारी से विज्ञान का भी सशक्तीकरण करें। इस वर्ष के आइएससी का मुख्य विषय 'महिला सशक्तीकरण के साथ सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' है।

## स्पीड न्यूज

### आधार में पते को स्वयं कर सकते हैं ऑनलाइन अपडेट

**नयी दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) ने अब नागरिकों को अपने परिवार के मुखिया की सहमति से आधार में पते को ऑनलाइन अपडेट करने की अनुमति दे दी है। यूआइडीएआइ द्वारा मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह सुविधा उपलब्ध कराये जाने की जानकारी दी गयी है। इस प्रक्रिया के लिए परिवार के मुखिया के मोबाइल नंबर से ओटीपी की जरूरत होगी।

### पीएम 13 को रिवर क्रूज को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**वाराणसी।** वाराणसी में घरेलू पर्यटन को नयी उड़ान देने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री 13 जनवरी को बड़ी सौगात देंगे। पीएम मोदी इस दिन वाराणसी से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी सूचना और जनसंचार विभाग यूपी ने ट्वीट कर दी।

### नवाज ने बेटी मरियम को बनाया पार्टी का उपाध्यक्ष

**लाहौर।** सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के प्रमुख व पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपनी बेटी मरियम नवाज को पार्टी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। पाकिस्तान की सूचना मंत्री और पार्टी की सूचना सचिव मरियम औरंगजेब ने पार्टी अध्यक्ष पीएम शहबाज शरीफ की ओर से जारी अधिसूचना को शेयर किया।

### ओडिशा में रूस के एक और नागरिक की मौत

**भुवनेश्वर।** रायगड़ा जिले में रूस के दो नागरिकों की मौत के बाद अब जगतसिंहपुर जिले के पारादीप बंदरगाह के प्रोहिबिटेड इलाके में सोमवार देर रात एक और रूसी नागरिक की मौत हो गयी। उसकी पहचान मिल याकुब सर्जई के रूप में हुई है। वह पेशे से मुख्य इंजीनियर था और अलदाना वेसेल से पारादीप आया था।

### सपा के पूर्व विधायक के बंगले समेत 237 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**झांसी।** गरौठा से सपा के पूर्व विधायक रहे दीप नारायण सिंह यादव के बंगले को मंगलवार को जब्त कर लिया गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत 237 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क किया गया।

### यूक्रेन ने रूस पर लगाया ऊर्जा आतंकवाद का आरोप

**कीव।** कड़ाके की ठंड के बीच रूस द्वारा की जा रही हवाई बमबारी से यूक्रेन के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है। इसको लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर ऊर्जा आतंकवाद का आरोप लगाया है।

## संविधान उद्यान के निर्माण से संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी : राष्ट्रपति



**जयपुर (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों में संवैधानिक नैतिकता की भावना जाग्रत करने के लिए कार्य किये जाने पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने जयपुर स्थित राजभवन में संविधान उद्यान के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि इससे संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को राजभवन में संविधान उद्यान के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है और हमारा संविधान इसका आधार है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ताओं ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर संविधान का निर्माण किया। राष्ट्रपति ने कहा कि राजस्थान का समानता और महिला सशक्तिकरण में बड़ा योगदान है। महिला सशक्तिकरण और बाल विवाह के खिलाफ कानून राजस्थान के हरविलास शारदा ने बनाया। हरविलास शारदा ने 1938 में कानून का मसौदा बनाया था। यह बाद में शारदा एक्ट के नाम से प्रसिद्ध हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान उद्यान के लोकार्पण के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार प्रकट किया।

## राजनाथ सिंह ने चीन को ललकारा- अगर युद्ध थोपा गया, तो हम लड़ने को तैयार



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को ललकारते हुए मंगलवार को कहा कि भारत युद्ध में विश्वास नहीं करता, लेकिन अगर मजबूर किया गया तो हम लड़ने के लिए तैयार हैं। तवांग क्षेत्र में भारत-चीन सैनिकों के बीच झड़प के बाद पूर्वोत्तर की पहली यात्रा पर पहुंचे रक्षा मंत्री ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में सियोम ब्रिज और 27 अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। यह सभी परियोजनाएं सात सीमावर्ती राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में 724 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गयी हैं। उन्होंने लद्दाख और मिजोरम में तीन वीसैट-आधारित टेलीमेडिसिन नोड्स का भी उद्घाटन किया गया।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं रक्षा तैयारियों, राशन, सैन्य उपकरण और अन्य सहायता प्रदान करने में अत्यधिक मदद प्रदान करेंगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर 'नये भारत' का निर्माण करना जरूरी है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने उस संकल्प की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया, जब उन्होंने कहा कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' भारत हमेशा युद्ध के खिलाफ रहा है, क्योंकि हम 'वसुधैव कुटुंबकम' में विश्वास करते हैं। हम युद्ध में विश्वास नहीं रखते, लेकिन अगर हम पर युद्ध थोपा गया तो हम लड़ेंगे।

### कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किमी की दूरी तक रात्रि कर्फ्यू

**सांबा।** जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने जम्मू संभाग के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर की दूरी तक रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लगा दिया है। बीएसएफ अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में रात का कर्फ्यू लगाने की मांग की थी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और दो महीने की अवधि तक लागू रहेगा। डिप्टी कमिश्नर सांबा ने आदेश में बताया है कि सीमा सुरक्षा पर जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक में बीएसएफ अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में रात का कर्फ्यू लगाने का मुद्दा उठाया था। आदेश में कहा गया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों के करीब नापाक गतिविधियों को रोकने के लिए लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गयी है। यह रोक विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किमी के भीतर तक के क्षेत्र में रहेगी।

### सिनेमा हॉल मालिक बाहर से खाना लाने पर लगा सकते हैं रोक : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सिनेमा हॉल एक निजी संपत्ति है। उसके अंदर क्या बिकेगा और क्या नहीं बिकेगा, यह तय करने का सिनेमा हॉल मालिक को पूरा अधिकार है। सिनेमा हॉल मालिक सिनेमा देखने आये लोगों को सिनेमा घर के अंदर खाने-पीने की बाहरी वस्तुओं को लाने से रोक सकता है, लेकिन वह लोगों को इसके लिए विवश नहीं कर सकता कि वे अंदर बिक रही वस्तुओं को खरीदें। सिनेमाघरों को बिना किसी शुल्क पेयजल उपलब्ध कराना होगा। यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मल्टीप्लेक्स मालिकों की याचिका पर दी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | | |
| Science Practical | ₹ 60 | | |
| S. Science Practical | ₹ 60 | | |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| English Grammar– I | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## चीन ने समझौते तोड़े, पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा : जयशंकर



**वियना (हि.स.)।** ऑस्ट्रिया यात्रा पर पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने खरी-खरी सुनाते हुए चीन और पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि चीन ने समझौते तोड़े हैं और पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा बना हुआ है। ऑस्ट्रिया यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री एलेक्जेंडर स्केलेनबर्ग से द्विपक्षीय मसलों पर बातचीत की। जयशंकर ने ऑस्ट्रिया में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के साथ भी संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चीन और पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चीन ने नियंत्रण रेखा की स्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की, इसीलिए भारत और चीन के बीच तनाव बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह सैटेलाइट युग है, इसमें सीमावर्ती क्षेत्रों की तस्वीरें साफ दिखती हैं। इनसे इनकार नहीं किया जा सकता। चीन के साथ भारत का समझौता है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सेना तैनात नहीं करेंगे, लेकिन चीन ने इस समझौते का पालन नहीं किया। इस कारण दोनों देशों के बीच अभी तनावपूर्ण स्थिति है। इसी तरह दोनों देशों के बीच नियंत्रण रेखा को एकतरफा नहीं बदलने का समझौता है, इसके बाद भी चीन ने ऐसा करने की कोशिश की। जयशंकर ने कहा कि भारत ने सैन्य दबाव झेला, इसका कोई औचित्य नहीं है।

## देश में 24 घंटे में कोरोना के 134 नये मरीज मिले

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 134 नये मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में 222 लोग ठीक हुए है। इस दौरान कोरोना से किसी की भी मौत नहीं हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के कुल एक्टिव मामले 2,582 हैं। इसके साथ देश में अबतक 4,41,45,667 लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं। पिछले 24 घंटे में देशभर में 1.51 लाख नमूनों की जांच की गयी है।

### बोधगया में पांच विदेशी कोरोना संक्रमित मिले

**पटना/गया।** बिहार के बोधगया पहुंचे थाईलैंड के पांच नागरिक कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। इन सभी नागरिकों की जांच की गयी थी, जिसकी रिपोर्ट सोमवार को आयी है।

## कंझावला कांड : पोस्टमार्टम के बाद घर वालों को सौंपा गया युवती का शव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके के कंझावला में कथित सड़क हादसे में जान गंवाने वाली युवती का शव दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में उनके आवास पर पहुंचा दिया गया है। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार विजय विहार इलाके के श्मशान में कर दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीड़िता के परिवार से बात करते हुए 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है।

**ऑटोप्सी में नहीं हुई दुष्कर्म की पुष्टि :** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को 20 वर्षीय लड़की की ऑटोप्सी रिपोर्ट प्राप्त की और कहा कि इससे पता चलता है कि पीड़िता पर सभी चोटें गाड़ी के साथ घिसटने से आयी हैं। पीड़िता के शरीर पर यौन हमले का संकेत देने वाली कोई चोट नहीं है। एक बलेनो कार द्वारा दिल्ली में सुल्तानपुरी से कंझावला तक करीब 10 किमी से अधिक घसीटे जाने के बाद 20 वर्षीय युवती की मौत हो गयी थी। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि हमने पाया है कि दुर्घटना के समय मृत लड़की के साथ एक और लड़की थी। वह घटना के बाद वहां से चली गयी थी। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उसका बयान दर्ज किया गया है।

## 'बेशरम रंग' पर फिर बरसे मुकेश खन्ना, बोले- ये अश्लील नहीं है, तो कल आप पोर्न फिल्म बनाओगे



**बीते** दिनों रिलीज हुए शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की फिल्म पठान के गाने 'बेशरम रंग' को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए। इस गीत को लेकर संत समाज से सियासतदानों तक ने विरोध जताया। शक्तिमान फेम दिग्गज अभिनेता मुकेश खन्ना ने भी इसे लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई थी। अब एक बार फिर से उनका एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने बेशरम रंग पर तीखा हमला बोला है। बेशरम रंग गीत को लेकर मुकेश खन्ना ने लिखा, अगर आपको ये अश्लील नहीं लगता! तो कल को आप पोर्न बनाओगे। वहीं, उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, देखो ये बिकिनी जोगिया रंगी! इतनी अभद्रता और अश्लीलता!! और तो और गाने में बेशरम रंग कह कह कर जोगिया रंग का इस तरह से अश्लील अपमान!!' उन्होने आगे लिखा, 'इतना दुस्साहस !!! क्या फिर भी आशा रखते हो कि इस अपने रंग को पवित्र मानने वाले हिंदू इसके खिलाफ खड़े नहीं होंगे ? अवश्य खड़े होंगे और खड़े हो भी रहे हैं। अब इस बेशरम गाने और इस फिल्म को ऊपर वाला ही बचाये!' मुकेश खन्ना के इस पोस्ट पर लोग उनके समर्थन और विरोध दोनों में जवाब दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बेशरम रंग गाने में दीपिका पादुकोण की बिकनी का भगवा कलर का आउटफिट देखकर लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि इस गाने के जरिए भगवा रंग को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इसी के चलते फिल्म पठान को भी सोशल मीडिया पर बॉयकॉट करने की मांग लगातार जारी है।

स्पोर्ट्स

## आइपीएल 2023 : दिल्ली कैपिटल्स के साथ क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़ेंगे सौरव गांगुली



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ रहे हैं। उन्हें दिल्ली ने डॉयरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया है। हालांकि, इसकी अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार गांगुली, आइपीएल फ्रेंचाइजी के साथ-साथ दुबई और प्रिटोरिया कैपिटल्स के संचालन की भी देखरेख करेंगे। गांगुली आगामी सत्र के लिए डीसी के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले आइपीएल में गांगुली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पुणे वारियर्स के लिए खेल चुके हैं। लीग में उनकी आखिरी उपस्थिति 2012 में पुणे स्थित फ्रेंचाइजी के लिए आयी थी। इसके अलावा, गांगुली 2019 में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर थे।

सातवीं पुण्य तिथि

न जायते म्रियते वा कदाचि, नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो, न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।



स्व0 कौशल किशोर सिंह

जन्म : 28 जून 1947 । स्वर्गवास : 4 जनवरी 2016

पंचभूत में विलीन हुए, त्याग दिया यह नश्वर शरीर।
यादें ही हैं अब शेष मन में, नमन करें हम धारण धरें धीर।।

आज ही के दिन सात वर्ष पूर्व आप हम सबों से सदा के लिए विदा हो गए। जीवन के हर पर हम आपकी कमी महसूस करते हैं। हम सभी अश्रुपूरित नयनों से आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

विनीत : विकाश सिंह
के0 के0 बिल्डर्स प्रा0 लि0
के0 के0 आवास प्रा0 लि0
27, न्यु काली माटी रोड
साकची, जमशेदपुर

श्रद्धावनत् :
उर्मिला सिंह (पत्नी), रश्मि सिंह (पुत्र वधु)
आर्या वत्स (पौत्र), अग्रिमा वत्स (पौत्री)
उषा सिंह एवं चन्द्र रश्मि रंजन
निशा सिंह एवं संतोष कुमार
अनिता सिंह एवं आर. के. कुँवर
रेखा सिंह एवं अविनाश कुमार
श्वेता सिंह एवं शत्रुघ्न सिन्हा
अंकिता सिंह एवं कौशल शुभांक
एवं समस्त सिंह परिवार सह कर्मचारीगण